भाद्रपद कृष्ण पक्ष अमावस्या 7:25 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 3 सितंबर 2024
वर्ष 5, अंक 288, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



आज वीनस से टकराएगा बड़ा सौर तूफान 14
कैमरे का सामना करने के लिए उत्साहित हूं: सोनम 13

**बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी**

## किसी अभियुक्त का घर कैसे गिरा सकते हैं

नई दिल्ली, एजेंसी



- शीर्ष अदालत ने कहा-पूरे देश के लिए जारी करेंगे गाइडलाइन

अभियुक्तों के मकानों को राज्य प्रशासनों द्वारा बुलडोजर से ध्वस्त किए जाने के बीच सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सवाल किया कि किसी का मकान सिर्फ इसलिए कैसे गिराया जा सकता है कि वह एक आरोपी है? शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस मुद्दे पर दिशा-निर्देश तैयार करेगी, जो पूरे देश में लागू होंगे।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि किसी का मकान सिर्फ इसलिए कैसे गिराया जा सकता है, क्योंकि वह एक आरोपी है? भले ही वह दोषी हो, फिर भी कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना ऐसा नहीं किया जा सकता। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि वह किसी भी अनधिकृत निर्माण या अतिक्रमण को संरक्षण नहीं देगा। उत्तर प्रदेश की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस मामले में राज्य द्वारा पहले दायर हलफनामे का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि हलफनामे में कहा गया है कि सिर्फ इसलिए कि किसी व्यक्ति पर किसी अपराध में शामिल होने का आरोप है, उसकी अचल संपत्ति को ध्वस्त करने का आधार कभी नहीं हो सकता। मेहता ने कहा कि राज्य ने कहा है कि किसी अचल संपत्ति का ध्वस्तीकरण केवल किसी प्रकार के उल्लंघन के लिए और संबंधित नगरपालिका कानून या क्षेत्र के विकास प्राधिकरणों को नियंत्रित करने वाले कानून में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार हो सकता है। पीठ ने कहा कि यदि आप इस स्थिति को स्वीकार करते हैं, तो हम इसे दर्ज करेंगे और सभी राज्यों के लिए दिशा-निर्देश जारी करेंगे।"

## पेरिस पैरालंपिक: पांचवें दिन लगाया मेडल का सिक्सर

पेरिस पैरालिंपिक के पांचवें दिन भारत ने दूसरा स्वर्ण, पांचवां रजत और छठा कांस्य अपने नाम किया। बैडमिंटन पुरुष एकल की एसएल3 कैटेगरी में नितेश कुमार ने फाइनल मुकाबला जीता। वहीं, तुलसीमति मुरुगेसन ने महिला एकल (एसयू5) बैडमिंटन फाइनल में चीन की कियू शिया यैंग को हराकर रजत पदक जीता। साथ ही बैडमिंटन खिलाड़ी मनीषा रामदास ने पेरिस पैरालंपिक महिला एकल एसयू5 वर्ग में कांस्य पदक जीता। इससे पहले डिस्कस थ्रो में योगेश कथुनिया ने रजत मेडल जीता था।

### नितेश कुमार ने लगाया स्वर्णिम स्मैश

- मुरुगेसन ने रजत, मनीषा ने भी जीता कांस्य

**पेरिस।** भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी नितेश कुमार ने सोमवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों की बैडमिंटन स्पर्धा में स्वर्ण, थुलसिमथी मुरुगेसन ने रजत और मनीषा रामदास ने कांस्य पदक जीता। नितेश ने सोमवार को खेले गए पुरुष एकल एसएस3 श्रेणी के फाइनल मुकाबले में ब्रिटेन के डेनियल बेथेल को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। एक अन्य मुकाबले में थुलसिमथी मुरुगेसन ने महिला एकल एसयू5 वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया, जबकि मनीषा रामदास ने इसी वर्ग में कांस्य पदक जीता। थुलसिमथी को फाइनल मुकाबले में चीन की यांग क्यू जिया से हार का सामना करना पड़ा। चीनी खिलाड़ी ने उन्हें 21-17, 21-10 से हराया और थुलसिमाथी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। थुलसिमथी के लिए यह पहला पैरालंपिक पदक है। वहीं मनीषा ने एसयू5 महिला एकल कांस्य पदक मुकाबले में डेनमार्क की कैथरीन रोसेनग्रेन को हराकर पदक अपने नाम कर लिया।



### फिर चांदी से दमके कथुनिया



- योगेश ने लगातार दूसरी बार एफ56 चक्का फेंक स्पर्धा में जीता रजत पदक

**पेरिस।** भारत के योगेश कथुनिया ने पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों के एफ56 चक्का फेंक स्पर्धा में 42.22 मीटर के सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ सोमवार को यहां रजत पदक जीता। कथुनिया ने इससे पहले तोक्यो पैरालंपिक में भी इस स्पर्धा का रजत पदक जीता था। इस 29 साल के खिलाड़ी ने अपने पहले प्रयास में मौजूदा सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 42.22 मीटर की दूरी तय की।

(देखें खेल पेज)

LAST 2 DAYS
for Gents
T-Shirts ~~990~~ 330
Jeans ~~2590~~ 865
Shirt ~~1390~~ 465
Lower ~~1390~~ 465
Barmuda ~~990~~ 330
Capri ~~1190~~ 397
Track Suit ~~3990~~ 1330
Special Kurta Pajama ~~2000 to 4000~~ 995 only
BUY 1 GET 2 FREE
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

## दंगाइयों के सामने नाक रगड़ते थे जाति की राजनीति करने वाले

### मुख्यमंत्री योगी ने एक बार फिर कांग्रेस-सपा पर लगाए तुष्टिकरण के आरोप

संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** कांग्रेस और सपा पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप दोहराते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये दल जाति, मत और मजहब के नाम पर सामाजिक ताने बाने को छिन्न-भिन्न करते हैं। उन्होंने लोगों से विभाजनकारी ताकतों से सावधान रहने की अपील करते हुए कहा कि जाति के नाम पर समाज को बांटने वाले लोग 2017 के पहले दंगाइयों के सामने घुटने टेकते और नाक रगड़ते थे।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि विगत साढ़े सात वर्ष में प्रदेश ने विकास के नए आयामों को छुआ है। 2017 के पहले इस उत्तर प्रदेश का सीडी रेश्यो 44 फीसदी था, जो आज बढ़कर 60 फीसदी तक जा चुका है, जिसे हमें 65 फीसदी तक ले जाना है। आर्यभट्ट इंटरनेशनल स्कूल में जनपद स्तरीय वृहद रोजगार एवं ऋण मेला के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी ने 175.50 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए तथा 2,500 युवाओं को टैबलेट भी वितरित किया। इसके अलावा उन्होंने 401 करोड़ रुपए की 292 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जैसे आज उत्तर प्रदेश देश के विकास का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। वैसे ही मुरादाबाद भी प्रदेश के विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है।



विकास योजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

#### यूपी होगा नंबर एक अर्थव्यवस्था वाला राज्य

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश देश की नंबर दो की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन चुका है। अगले 3-4 वर्ष में प्रदेश देश की नंबर एक की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनने जा रहा है। जब उत्तर प्रदेश नंबर एक की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन जाएगा तो यहां की प्रति व्यक्ति आय तीन से चार गुना बढ़ जाएगी।

#### पुलिस के इकबाल ने बदली प्रदेश के प्रति अवधारणा: योगी

**मुरादाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस की प्रशंसा करते हुए कहा कि राज्य को सुशासन के मॉडल के रूप में अपनी अलग पहचान बनाने में पुलिस बल की बड़ी भूमिका है। डॉ. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी में सोमवार को 74 पुलिस उपाधीक्षकों के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े सिविल पुलिस बल के तौर पर विख्यात यूपी पुलिस बल में नवनियुक्त होने वाले उपाधीक्षकों को स्मार्ट पुलिसिंग की ओर बढ़ना होगा, जो टेक्नो सेवी व ट्रेंड हो, जो स्ट्रिक्ट हो मगर सेंसिटिव भी, मॉडर्न हो मगर मोबाइल भी, अलर्ट हो मगर अपने काम के प्रति उतना ही अकाउंटेबल भी हो, रिलायबल के साथ रिस्पॉन्सिव भी हो।

## दुष्कर्म मामलों की 21 दिनों में होगी जांच, पीड़िता की मौत पर मृत्युदंड

कोलकाता, एजेंसी

**विस में आज मसौदा विधेयक पेश करेगी बंगाल सरकार**

पश्चिम बंगाल विधानसभा में मंगलवार को पेश किए जाने वाले दुष्कर्म रोधी विधेयक के मसौदे में दुष्कर्म पीड़िता की मौत होने की सूरत में दोषी के लिए मृत्युदंड के प्रावधान का प्रस्ताव किया गया है। मसौदे में कहा गया है कि दुष्कर्म और सामूहिक दुष्कर्म के दोषियों को आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी। इसमें कहा गया है कि दुष्कर्म के मामलों की जांच प्रारंभिक रिपोर्ट के 21 दिनों के भीतर पूरी की जाएगी।

'अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक, (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) विधेयक-2024' शीर्षक वाले इस प्रस्तावित कानून का उद्देश्य दुष्कर्म और यौन अपराधों से संबंधित नए प्रावधानों को शामिल करके महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा मजबूत करना है। मसौदा विधेयक में हाल में लागू भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 अधिनियम और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012 को पश्चिम बंगाल राज्य में उनके लागू करने के संबंध में संशोधित करने का प्रस्ताव है, ताकि सजा को बढ़ाया जा सके तथा महिलाओं व बच्चों के खिलाफ हिंसा के जघन्य कृत्य की शीघ्र जांच और सुनवाई के लिए रूपरेखा तैयार की जा सके।

पिछले महीने सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार और उसकी हत्या की घटना के मद्देनजर विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र बुलाया गया है। सत्र के दौरान राज्य के कानून मंत्री मलय घटक द्वारा विधेयक पेश किया जाएगा। इसमें कहा गया है कि दुष्कर्म के मामलों की जांच प्रारंभिक रिपोर्ट के 21 दिनों के भीतर पूरी की जानी चाहिए, जो पूर्व की दो महीने की समय सीमा से कम है। मसौदे के अनुसार, बार-बार अपराध करने वालों के लिए सजा उम्रकैद होगी, जिसका अर्थ होगा कि दोषी व्यक्ति को शेष जीवनकाल तक कारावास में रहना होगा।'

#### विशेष कार्यबल बनाने का भी सुझाव

प्रस्तावित विधेयक में अदालती कार्यवाही से संबंधित किसी भी सामग्री को बिना अनुमति के छापने या प्रकाशित करने पर तीन से पांच वर्ष की कैद और जुर्माने का प्रावधान है। इन बदलावों को लागू करने के लिए मसौदा विधेयक में जिला स्तर पर 'अपराजिता कार्यबल' नाम से एक विशेष कार्यबल बनाने का भी सुझाव दिया गया है, जिसका नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक करेंगे। यह कार्यबल नए प्रावधानों के तहत अपराधों की जांच के लिए जिम्मेदार होगा।

#### आरजी कर अस्पताल का पूर्व प्राचार्य गिरफ्तार



**कोलकाता।** सीबीआई) ने आरजी कर कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष को वित्तीय कदाचार के सिलसिले में सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले में घोष से एजेंसी ने 15वें दिन भी पूछताछ की। बाद में उसे यहां सीबीआई के निजाम पैलेस कार्यालय ले जाया गया। वहां उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### एक नजर

#### जाति जनगणना पर सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पिछड़े और हाशिए पर पड़े अन्य वर्गों के कल्याण के लिए सामाजिक-आर्थिक जातिगत जनगणना कराने के वास्ते केंद्र को निर्देश देने के अनुरोध वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि यह मुद्दा शासन के अधिकार क्षेत्र में आता है। दो जजों की पीठ ने याचिकाकर्ता पी. प्रसाद नायडू को अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी, जिसमें उन्होंने जनगणना के लिए आंकड़ों की गणना में तेजी लाने का निर्देश देने का अनुरोध किया था।

#### अमानतुल्लाह धन शोधन मामले में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ईडी ने धन शोधन के एक मामले में जांच के तहत सोमवार को आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान और कुछ अन्य लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जांच एजेंसी द्वारा ओखला में स्थित अमानतुल्लाह खान के आवास पर तलाशी लेने के बाद धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत उन्हें हिरासत में लिया गया। बाद में कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें चार दिन की ईडी की हिरासत में भेज दिया गया।

#### सरकार ने 23वें विधि आयोग का गठन किया

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को तीन साल की अवधि के लिए 23वें विधि आयोग के गठन की अधिसूचना जारी की। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के सेवारत न्यायाधीश इसके अध्यक्ष और सदस्य होंगे। 22वें विधि आयोग का कार्यकाल 31 अगस्त को समाप्त हो गया। सोमवार देर शाम कानून मंत्रालय द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, समिति में एक पूर्णकालिक अध्यक्ष और सदस्य-सचिव सहित चार पूर्णकालिक सदस्य होंगे।

## शिक्षक छात्राओं को दिखा रहा था अश्लील वीडियो, गिरफ्तार

संवाददाता, मैनपुरी

- कक्षा में छात्राओं से कर रहा था अश्लील हरकत

**अमृत विचारः** सरकारी माध्यमिक स्कूल में सहायक अध्यापक छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करता था। उन्हें अश्लील वीडियो भी दिखाकर बैड टच करता था। एक छात्रा ने माता-पिता से टीचर की करतूत बताई तो अभिभावक स्कूल में एकत्र हो गए और पुलिस को भी बुला लिया। पुलिस के सामने ही छात्राएं रोने लगीं। पुलिस ने शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है।

मामला औंछा थाना क्षेत्र के एक पूर्व माध्यमिक विद्यालय का है। यहां तैनात सहायक अध्यापक नरेंद्र कुमार यादव छात्राओं के साथ अश्लील हरकतें करता था। उन्हें मोबाइल पर अश्लील वीडियो भी दिखाता था। छात्राओं ने बताया कि प्रिंसिपल से इस बारे में शिकायत भी की थी, लेकिन हुआ कुछ नहीं। पुलिस ने स्कूल में तैनात महिला शिक्षक से भी पुष्टि की तो उन्होंने पुलिस को बताया कि नरेंद्र बच्चियों के साथ गंदी हरकत कर रहा था। उन्होंने खुद भी जानकारी प्रिंसिपल को दी थी। लोगों का आक्रोश देख पुलिस शिक्षक को पकड़ कर थाने ले गई। एसपी विनोद कुमार ने बताया कि आरोपी शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## बाड़मेर में मिग-29 दुर्घटनाग्रस्त, पायलट सुरक्षित

**जयपुर।** बाड़मेर जिले में सोमवार रात भारतीय वायुसेना का एक मिग-29 लड़ाकू विमान तकनीकी गड़बड़ी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि, पायलट सुरक्षित बाहर निकल आया और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वायुसेना के एक अधिकारी ने बताया कि घटना की जांच का आदेश दे दिया गया है। वायुसेना ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि बाड़मेर सेक्टर में नियमित रात्रि प्रशिक्षण मिशन के दौरान मिग-29 में तकनीकी गड़बड़ी आ गई, जिसके चलते पायलट को विमान से बाहर निकलना पड़ा। बाड़मेर के एसपी नरेंद्र मीणा ने बताया कि यह घटना आबादी वाले इलाके से दूर हुई।

## लखनऊ में चलती स्कार्पियो में मॉडल से सामूहिक दुष्कर्म, दो आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चिनहट इलाके की घटना, पुलिस तीसरे आरोपी की कर रही तलाश

**अमृत विचार :** चिनहट इलाके में मॉडल के साथ चलती स्कार्पियों में तीन युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद होटल में लेकर गए, जहां दोबारा दुष्कर्म किया। होश में आने के बाद मॉडल ने विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। रविवार को मॉडल परिजन के साथ चिनहट कोतवाली पहुंचकर तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह के मुताबिक दो आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। वहीं तीसरे की तलाश में टीम दबिश दे रही है।

कानपुर की रहने वाली युवती मॉडलिंग करती है। युवती के मुताबिक इंस्टाग्राम पर विपिन सिंह नाम के युवक से दोस्ती हुई थी। कुछ दिन पहले विपिन ने उसे कॉल कर बताया कि फिल्म के गाने में काम चाहिए तो लखनऊ आ जाओ।

मॉडल के मुताबिक विपिन उसे गाड़ी से लेकर बाराबंकी हाइवे पर पहुंचा। वहां पर सत्येंद्र और हिमांशु को अपनी गाड़ी में बैठा लिया। कुछ दूर ही चले थे कि आरोपियों ने मॉडल को नशीला पदार्थ सुंघा दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। इसके बाद तीनों ने चलती गाड़ी में उसके साथ दुष्कर्म किया। शरीर के कई हिस्सों में आरोपियों के दांत के निशान भी मिले हैं। जब उसे होश आया तो वह क्रिस्टल होटल में थी। आरोप है कि होटल में उसके साथ दोबारा दुष्कर्म किया गया।

> पीड़िता की शिकायत पर चिनहट थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। विपिन से उसकी पहले से जान-पहचान थी। उसने ही फिल्म में काम दिलाने के बहाने बुलाया था। विपिन और सत्येंद्र गिरफ्तार हो गए हैं। हिमांशु की तलाश की जा रही है। - **शशांक सिंह**, डीसीपी पूर्वी

## वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन दो महिला श्रद्धालुओं की मौत

**कटरा/जम्मू, एजेंसी।** रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर के नए मार्ग पर सोमवार को भूस्खलन होने से दो महिला तीर्थयात्रियों की मौत हो गई, जबकि पांच वर्ष की एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए जनहानि पर दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि मंजूर की। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान पंजाब के गुरदासपुर निवासी सपना (27) और यूपी के कानपुर की नेहा (23) के रूप में हुई है। भूस्खलन अपराह्न करीब सवा दो बजे पंछी के पास हुआ।

## संपत्ति का ब्योरा नहीं देने वाले कार्मिकों का शासन ने अगस्त माह का वेतन रोका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- पोर्टल पर पंजीकृत 17 लाख 78 हजार 405 कार्मिकों को अनिवार्य रूप से देना था संपत्ति का विवरण

**अमृत विचारः** मानव संपदा पोर्टल पर अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा नहीं देने वाले लाखों कार्मिकों के अगस्त माह का वेतन भुगतान रोक दिया गया है। इससे पहले शासन छह माह से बार-बार आदेश जारी करता रहा, फिर भी पोर्टल पर पंजीकृत 17 लाख 78 हजार 405 कार्मिकों में से ब्योरा देने वालों की संख्या एक तिहाई भी नहीं पहुंची।

मुख्यमंत्री ने पिछले साल ही राज्य में तैनात आईएएस, आईएफएस, आईपीएस, पीसीएस समेत सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को वर्ष 2023 तक की चल-अचल संपत्तियों का ब्योरा सार्वजनिक करने के सख्त निर्देश दिए थे। हाल में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने चेतावनी दी थी कि 31 अगस्त तक ब्योरा न देने वालों का वेतन रोक दिया जाएगा। फिर भी 31 अगस्त की रात 12 बजे तक संपत्ति का विवरण पोर्टल पर देने वालों की संख्या सवा पांच करोड़ का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाई।

#### आला अधिकारियों का वेतन स्वीकृत

राज्य में तैनात आईएएस, आईएफएस, आईपीएस व पीसीएस अधिकारियों का वेतन स्वीकृत हो गया है। इन अधिकारियों का वेतन भी मानव संपदा पोर्टल पर संपत्ति का विवरण न देने पर रोकने की पहले चेतावनी दी गई थी। एक दिन पहले ही नई व्यवस्था लागू करते हुए प्रमुख सचिव कार्मिक एम देवराज ने एनआईसी को एनआईसी को निर्देश दिया कि स्पैरो (स्मार्ट परफॉर्मेंस अप्रेजल रिपोर्ट रिकॉर्डिंग ऑनलाइन विंडो) पर दर्ज इनके संपत्ति के विवरण को संपदा पोर्टल से इंटीग्रेट कर दिया जाए।


## कृषि क्षेत्र में 14,000 करोड़ की सात परियोजनाओं को मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

**कैबिनेट बैठक** 2,817 करोड़ का डिजिटल कृषि मिशन, 3,979 करोड़ की फसल विज्ञान योजना भी शामिल

केंद्र सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के मकसद से कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए लगभग 14,000 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली सात बड़ी परियोजनाओं की घोषणा की। इनमें 2,817 करोड़ रुपये का डिजिटल कृषि मिशन और फसल विज्ञान के लिए 3,979 करोड़ रुपये की योजना शामिल है।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल में लिए गए इस निर्णय की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन व्यापक कृषि कार्यक्रमों का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना है। इन कार्यक्रमों का ध्यान मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र में अनुसंधान और शिक्षा, जलवायु बदलाव से तालमेल बैठाने, प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन और डिजिटलीकरण के साथ बागवानी और पशुधन क्षेत्रों के विकास पर होगा। मंत्रिमंडल ने खाद्य एवं पोषण सुरक्षा कार्यक्रमों के लिए फसल विज्ञान को मंजूरी दी है और इसके लिए कुल 3,979 करोड़ रुपये का परिव्यय तय किया गया है।



इस कार्यक्रम में छह बिंदुओं पर बल दिया गया है, जिनका उद्देश्य वर्ष 2047 तक जलवायु अनुकूल फसल विज्ञान और खाद्य सुरक्षा के लिए किसानों को तैयार करना है। ये छह बिंदु अनुसंधान और शिक्षा, पादप आनुवंशिक संसाधन प्रबंधन, खाद्य और चारा फसल के लिए आनुवंशिक सुधार, दलहन एवं तिलहन फसल सुधार, वाणिज्यिक फसलों में सुधार और कीटों, सूक्ष्म जीवों एवं परागण तत्वों से जुड़े शोध से संबंधित हैं। वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने कृषि शिक्षा, प्रबंधन और सामाजिक विज्ञान को मजबूत करने के लिए 2,291 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी। यह कार्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के मातहत संचालित किया जाएगा। इसका उद्देश्य नई शिक्षा नीति, 2020 के अनुरूप कृषि शोध एवं शिक्षा को आधुनिक बनाना है। डिजिटल बुनियादी अवसंरचना, एआई, रिमोट जैसी नवीनतम प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जाएगा। इसमें प्राकृतिक खेती और जलवायु से संबंधित जुझारू क्षमता शामिल हैं।

#### बागवानी के लिए भी खास योजना

कैबिनेट द्वारा स्वीकृत एक अन्य प्रमुख योजना- बागवानी के लिए सतत विकास से संबंधित है। कुल 860 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ इस उपाय का उद्देश्य बागवानी पौधों से किसानों की आय बढ़ाना है। इस कार्यक्रम में उष्णकटिबंधीय, उपोष्णकटिबंधीय और समशीतोष्ण बागवानी फसलें, जड़, कंद और शुष्क फसलें, सब्जी, फूलों की खेती और मशरूम की फसलें, और वृक्षारोपण, मसाले, औषधीय और सुगंधित पौधे शामिल हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) को मजबूत करने के लिए 1,202 करोड़ रुपये की योजना और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के लिए 1,115 करोड़ रुपये की योजना को भी मंजूरी दी। देश भर में 700 से अधिक केवीके हैं।

## एक नजर

### बरखेड़ा में दस दिवसीय जन्माष्टमी मेला आज से

बरखेड़ा। कस्बे में दस दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेला बुधवार तीन सितंबर से शुरू होगा। मेला कमेटी के अध्यक्ष ध्रुव कुमार पांडेय ने बताया कि कस्बे में लगने वाला ऐतिहासिक 135 वां श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेला तीन सितंबर मंगलवार की शाम को नौ बजे शुरू होगा। ये 12 सितंबर तक चलेगा। मेले में दर्शकों के लिए नाटक, काला जादू, झूला, मौत का कुआं आदि खेल तमाशे मनोरंजन के साधन उपलब्ध रहेंगे। दंगल का भी आयोजन होगा। मेला कमेटी के अध्यक्ष ने यह भी बताया कि दस दिवसीय मेले में प्रतिदिन श्रीकृष्ण लीला का मंचन किया जाएगा। इसके अलावा रात में नाटक के माध्यम से वृंदावन से आए कलाकारों के द्वारा रासलीला का मंचन किया जाएगा।

### बच्चों के विवाद में चले लाठी डंडे, कई घायल

बरखेड़ा, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव गाजीपुर कुंडा में बच्चों के विवाद में दो पक्ष भिड़ गए। घटना रविवार देर शाम की है। गांव के ही सर्वजीत और यशपाल के परिवार एकत्र हुए और एक दूसरे पर हमला कर दिया। लाठी डंडे से वार किया और पत्थर भी फेंके गए। एक पक्ष से सर्वजीत, दूसरे पक्ष के सुरेंद्र कुमार घायल हो गए। अन्य को गुम चोट आने की बात कही गई। पुलिस ने सर्वजीत की ओर से रोहित, राम चरन और रोहित की पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### सीतापुर के कलाकारों ने सजाई झांकियां

घुंघचिहाई। ठाकुरद्वारा मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में भव्य एवं मनमोहक झांकियां सजाई गई। बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए और भजन गाए। कुंवर सौरभ प्रताप सिंह की ओर से श्रीमद् भागवत का साप्ताहिक अनुष्ठान कराया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। सोमवार दोपहर कथा में कथा व्यास अजय शास्त्री ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने अघासुर, बकासुर धेनुकासुर, सहित कंस के महाबलशाली असुरों के संघार करके कंस को भी निज धाम पहुंचाकर अपने नाना श्रीअग्रसेन का राजतिलक किया। देवकी, वसुदेव, नंदबाबा, यशोदा से विदा लेकर प्रभु श्री कृष्ण द्वारिका पुरी चले गए। सीतापुर से आए कलाकारों ने भगवान श्री गणेश, राधा कृष्ण, मां दुर्गा, बालाजी, भोलेनाथ की झांकियां सजाई।

# एसएसबी के चौदह जवानों की तबीयत अचानक बिगड़ी, मची रही खलबली

## जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में खाने के बाद हुए बीमार, इलाज के बाद हालत सुधरी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचारः जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में खान पान के बाद एक-एक करके एसएसबी के 14 जवानों की तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद सुधार होने पर सभी को कुछ देर छुट्टी दे दी गई। हालांकि जवानों की तबीयत बिगड़ने के मामले में जिम्मेदार कुछ भी बताने से बचते रहे। वहीं, जवानों का इलाज करने वाले डॉक्टर फूड प्वाइजनिंग होने की बात कह रहे हैं।

बताते हैं कि सोमवार को शहर के दूधिया मंदिर रोड स्थित एसएसबी कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

इस दौरान खानपान भी हुआ। परोसे गए खाद्य पदार्थ का सेवन करने के थोड़ी देर बाद एक-एक करके कुछ जवानों की तबीयत बिगड़ने लगी, जिससे खलबली मच गई। आनन-फानन में जवानों को मेडिकल कॉलेज लाया गया। यहां 14 जवान भर्ती कराए गए थे। जिनका मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में इलाज किया गया।

इलाज के बाद स्वास्थ्य में सुधार होने पर सभी जवानों को वहां से भेज दिया गया। एसएसबी जवानों की तबीयत बिगड़ने को लेकर मामला चर्चा का विषय बना रहा।



मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती एसएसबी के जवान। • अमृत विचार

### डॉक्टर फूड प्वाइजनिंग की बात कह रहे

मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में तैनात डॉ. राधेश्याम ने एसएसबी जवानों का इलाज किया था। उन्होंने बताया कि कुछ खाने की वजह से जवानों को फूड प्वाइजनिंग हो गई थी। फिलहाल प्राथमिक इलाज के बाद सभी की हालत ठीक हो गई और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उधर, एसएसबी के अफसरों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन इस मामले में बात नहीं हो सकी।

### मेडिकल कॉलेज में इनका किया गया इलाज

मेडिकल कॉलेज के रिकॉर्ड के अनुसार एसएसबी के जवान विक्रम सिंह, चंदन सिंह, ओमवीर सिंह, बादल, अनिल कुमार, सीमा, दिनेश बोरा, आंनद ठाकुर, सुरजीत कुमार, सुनील, सचिन, मोहित, सीनू, आकाश समेत कुल 14 जवानों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। यहां पर उनका कुछ देर उपचार किया गया। इसके बाद उन्हें वापस भेज दिया गया।

# कृषि महाविद्यालय बनवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

पीलीभीत, अमृत विचार : कृषि प्रधान जिला होने के बाद भी जिले में कोई भी राजकीय कृषि महाविद्यालय नहीं है। अखिल भारतीय हिंदू शक्ति दल के जिलाध्यक्ष मनीष वर्मा के साथ संगठन के लोगों ने केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा गया कि जिले में माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से करीब 12 इंटर कॉलेज कृषि विज्ञान से मान्यता प्राप्त है। हर वर्ष लगभग दो हजार छात्र कृषि विज्ञान से उत्तीर्ण होते हैं। लेकिन उच्च शिक्षा के लिए उन्हें जिले में कृषि विज्ञान की पढ़ाई की सुविधा नहीं है। इसलिए उन्हें मजबूरी में बाहरी जनपदों में जाकर कृषि विज्ञान से स्नातक की पढ़ाई करना पड़ रही है। जिस वजह से कई छात्र वंचित रह जाते हैं। इसलिए जिले में कृषि राजकीय महाविद्यालय की स्थापना करने की मांग उठाई है। ज्ञापन देने वालों में डॉ.जी एल वर्मा, नर सिंह कटियार, प्रेमशंकर वर्मा, पंकज शुक्ला, आनंद कुमार वर्मा, राम बहादुर गंगवार, ज्ञान प्रकाश वर्मा, रामपाल गंगवार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# पीलीभीत तक पहुंची जमीन अधिग्रहण घोटाले की आंच

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बरेली डीएम द्वारा गठित टीम ने सिटी मजिस्ट्रेट से मांगी जानकारी

अमृत विचारः बरेली-सितारगंज हाईवे के लिए भूमि अधिग्रहण घोटाले की जांच कर रही टीम ने विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी/ सिटी मजिस्ट्रेट से अधिग्रहण की अधिसूचना जारी होने के बाद कितने भूखंडों की श्रेणी में बदलाव हुआ है, इसकी जानकारी मांगी है।

एनएचएआई के निर्माणाधीन बरेली-सितारगंज प्रोजेक्ट के भूमि अधिग्रहण में हुए घोटाले की जांच चल रही है। भूमि अधिग्रहण को लेकर हुए सर्वे के दौरान भूखंडों पर रातों रात भवन निर्माण कर उन्हें अभिलेखों में दर्शाते हुए अधिक मूल्यांकन किया गया। जनपद की सदर तहसील एवं अमरिया तहसील में करीब छह प्रकरण ऐसे प्रकाश में आए हैं जहां भूखंडों पर रातों रात भवन निर्माण कराकर करोड़ों का मुआवजा हड़प लिया गया। अधिग्रहण घोटाले की जांच के लिए डीएम रविंद्र कुमार द्वारा जांच कमेटी का गठन किया गया। जांच कमेटी विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। इसमें डीएम सर्किल रेट से अधिक भुगतान तो नहीं हुआ, ज्वाइंट मेजरमेंट सर्वे और मूल्यांकन किस-किस कर्मचारी-अधिकारी ने किया, अधिग्रहण की अधिसूचना जारी होने के बाद कितने भूखंडों की श्रेणी में बदलाव हुआ, कितने भूखंडों पर स्ट्रक्चर का निर्माण करके अधिक मुआवजा लिया गया आदि बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

इधर जांच कमेटी ने पीलीभीत के विशेष भूमि अध्यापित अधिकारी/ सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर को पत्र भेजकर अधिग्रहण की अधिसूचना (3ए) जारी होने के बाद कितने भूखंडों की श्रेणी में बदलाव हुआ है, इसकी जानकारी मांगी है। इस संबंध में विशेष भूमि अध्यापित अधिकारी/ सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि 3ए के बाद श्रेणी में बदलाव का अभी तक कोई मामला प्रकाश में नहीं आया है। फिलहाल रिपोर्ट भेजी जा रही है।

# डीएम को परिषदीय स्कूलों में बच्चे मिले कम, उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचारः डीएम को मरौरी ब्लाक के दो परिषदीय स्कूलों में पंजीकृत बच्चों के सापेक्ष कम बच्चे मिले। जिस पर उन्होंने संबंधित प्रधानाध्यपकों को बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पंडरी गोशाला भी औचक निरीक्षण किया।

डीएम संजय कुमार सिंह ने सोमवार को प्राथमिक विद्यालय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय पंडरी एवं प्राथमिक विद्यालय हिम्मतनगर का औचक निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालय पंडरी में निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद मिले। पूर्व माध्यमिक विद्यालय पंडरी के निरीक्षण में भी स्टाफ मौजूद मिला। यहां पंजीकृत 133 बच्चों के सापेक्ष महज 72 बच्चे की उपस्थित पाए गए। जबकि प्राथमिक विद्यालय हिम्मत नगर में निरीक्षण के दौरान पंजीकृत 93 बच्चों के सापेक्ष 70 बच्चे ही मिले। बच्चों की उपस्थिति कम मिलने पर डीएम ने संबंधित प्रधानाध्यापकों को बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरान विद्यालयों में उपस्थिति रजिस्टर, बच्चों की हाजिरी रजिस्टर, मिड डे मिल रजिस्टर का भी अवलोकन किया। इसके अलावा डीएम संजय कुमार सिंह ने मरौरी क्षेत्रान्तर्गत पंडरी गोशाला का भी औचक निरीक्षण किया।

# दो लाख से अधिक गन्ना किसानों को मिलेगा प्राथमिक कैलेंडर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचारः जिले के दो लाख से अधिक गन्ना किसानों को प्राथमिक कैलेंडर वितरित किए जाएंगें। गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर सभी किसानों को प्राथमिक कैलेंडर का वितरण कराने के निर्देश दिए हैं। राज्यमंत्री के निर्देश के बाद जनपद में कैलेंडर वितरण का कार्य शुरू हो चुका है।

गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने गन्ना विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने विभागीय कार्यों की प्रगति जानने के के साथ सभी गन्ना किसानों को प्राथमिक कैलेंडर का वितरण कराने के निर्देश दिए है। इधर जनपद के गांवों में गन्ना किसानों को प्राथमिक कैलेंडर वितरण करने का कार्य शुरू हो चुका है। प्राथमिक कैलेंडर वितरण की जिम्मेदारी गन्ना पर्यवेक्षकों एवं चीनी मिल कर्मचारियों को दी गई है। जिला गन्ना अधिकारी ने सभी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों को अपने परिषद क्षेत्र में समय से कैलेंडर वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक जनपद की चार गन्ना समितियों के दो लाख से अधिक गन्ना किसानों को प्राथमिक कैलेंडर का वितरण किया जाना है। प्राथमिक कैलेंडर के माध्यम से किसान सट्टे में कितनी पर्चियां लगी हैं, इसकी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। दस दिवसीय समिति स्तरीय सट्टा-प्रदर्शन मेला में सट्टा संशोधन का आखिरी अवसर मिलेगा। प्राथमिक कैलेंडर में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर मेले में आवेदन कर आपत्ति का निराकरण कराया जा सकेगा।



देवीपुरा गांव में किसानों को कैलेंडर वितरित करते डीसीओ व एससीडीआई।

### डीसीओ ने कैलेंडर वितरण कार्य का किया निरीक्षण

जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने गांव देवीपुरा में प्राथमिक कैलेंडर वितरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान गन्ना पर्यवेक्षक रोहताश उपाध्याय एवं मिल कर्मचारी सुरेश कुमार कैलेंडर वितरण करते हुए मिले। जिला गन्ना अधिकारी ने किसानों का कैलेंडर वितरण करने के बाद किसानों से संवाद किया। उन्होंने बताया कि किसान शरदकालीन गन्ने की बुवाई करें। गन्ना बीज एवं कृषि निवेश की किसी भी समस्या के लिए गन्ना विकास परिषद अथवा समिति से संपर्क करें। संवाद में किसान रानी देवी, हरिओम, राजेंद्र कुमार, मिढ़ई लाल, विशनपाल, सुरेंद्र पाल, श्यामाचरण, छोटेलाल आदि किसान शामिल रहे। कार्यक्रम में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक रामभद्र द्विवेदी, विजय लक्ष्मी, सचिव प्रदीप अग्निहोत्री, शुगर मिल जीएम केबी शर्मा समेत फील्ड स्टाफ मौजूद रहा।

# भाकियू भानु गुट के कार्यकर्ताओं ने भ्रष्टाचार के खिलाफ किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन भानु गुट ने विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता सोमवार को जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां जिलाध्यक्ष भजनलाल क्रोधी की अगुवाई में डीएम को 19 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।

भाकियू भानू के कार्यकर्ता डिग्री कॉलेज चौराहा से छतरी चौराहा होते हुए नकटादाना चौराहा के रास्ते कलेक्ट्रेट पहुंचे। जुलूस की जानकारी लगने के बाद कलेक्ट्रेट में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई। कलेक्ट्रेट पहुंचने के बाद संगठन के जिलाध्यक्ष ने कहा कि शासन से गरीब मजदूर और किसानों के लिए चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार व्याप्त है। ग्राम समाज, बंजर भूमि व तालाबों पर अवैध कब्जे किए जा रहे हैं। साथ ही सड़कें आदि टूटी पड़ी हुई है। जिन पर कोई ध्यान अफसर नहीं दे रहे हैं। लखनऊ-बरेली के बीच दो पैसेंजर और दो एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की मांग की गई। जिले में अभियान चलाकर मानक विहीन प्राइवेट अस्पताल, नर्सिंग होम, डायग्नोस्टिक सेंटरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जिला मुख्यालय पर किसान बंधुओं की प्रतिमाह बैठक बुलाने, ग्राम समाज की भूमि व तालाबों को कब्जा मुक्त कराने की भी मांग की गई। इसके अलावा अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कराने, मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।




डीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे किसान। • अमृत विचार

- जुलूस निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे, डीएम को 19 सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा

### विद्युतीकरण के लिए भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

पूरनपुर। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ता सोमवार को पावर कॉरपोरेशन के उपकेंद्र पहुंचे। वहां एक ज्ञापन दिया गया। जिसमें बताया कि नगर की साईं बिहार कालोनी में दो दर्जन से अधिक घर हैं। मगर, कालोनी में विद्युतीकरण नहीं किया गया है। इससे वहां रहने वाले लोगों को काफी दूरी से सप्लाई दी जा रही है। आपूर्ति न मिलने से लोग परेशान हैं। कार्यकर्ताओं ने कालोनी में सर्वे कराकर विद्युतीकरण कराने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में रामकृपाल, पवन कुमार, अमन, राजेश, रजनीश, अरविंद महिपाल आदि थे।

### बाइक चालक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज

पूरनपुर। मोहल्ला रजागंज के रहने वाले मोहम्मद आजाद 28 अगस्त की शाम बाइक से पड़ोस के ही गांव राजीव नगर जा रहे थे। इस बीच सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में आजाद घायल हो गए। सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घायल के भाई मेहंदी हसन की ओर से बाइक चालक आसाराम पुत्र महेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# अधिवक्ताओं के लिए हॉल बनाने का करेंगे प्रयासः राज्यमंत्री

विधि संवाददाता, पीलीभीत

- जिला संयुक्त बार एसोसिएशन ने आयोजित किया संवाद कार्यक्रम

अमृत विचारः गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि कलेक्ट्रेट परिसर में अधिवक्ताओं के लिए हाल बनाए जाने के लिए वह पूरा प्रयास करेंगे। पीलीभीत से इलाहाबाद की दूरी बहुत है। इसलिए वह जनपद के न्यायिक क्षेत्राधिकार को उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ से जोड़े जाने की दिशा में सार्थक प्रयास करेंगे।

राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार सोमवार को जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के सभाकक्ष में अधिवक्ताओं के संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल रहे। उन्होंने अधिवक्ताओं के मांग पत्र को सही ठहराते हुए कहा कि जन सामान्य को सस्ता और सुलभ न्याय दिलाना सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि फूड सेफ्टी एवं स्टैंडर्ड एक्ट के तहत सैंपल के मामलों में जो अपील एवं रिवीजन का क्षेत्राधिकार मुरादाबाद जिले को है, उसे पीलीभीत को दिलाने के लिए वह मुख्यमंत्री से बात करेंगे। उन्होंने कहा कि देश की आजादी में अधिवक्ताओं की अहम भूमिका रही है। कहा कि कुंभ स्नान के लिए वह जनपद के अधिवक्ताओं को अपनी ओर से आधा दर्जन बसें उपलब्ध कराएंगे । राज्य मंत्री ने कहा कि कलेक्ट्रेट परिसर में अधिवक्ताओं की संख्या अधिक है ,उनके बैठने के लिए भवन कम है। इसलिए संयुक्त बार एसोसिएशन की मांग को गंभीरता से लेते हुए भवन निर्माण की दिशा में वह सार्थक प्रयास करेंगे। अधिवक्ताओं ने राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार को बताया कि पूरनपुर मार्ग पर जो ट्रेनों का संचालन शुरू हुआ है, उनका समय सही नहीं है। इससे पूरनपुर एवं पीलीभीत के आवागमन में असुविधा हो रही है ।राज्य मंत्री ने कहा कि रेलवे अधिकारियों से बात कर वह ट्रेन का समय परिवर्तित कराएंगे। कार्यक्रम में जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के चतुर्थ श्रेणी के पद पर लंबे अरसे से कार्यरत राजेंद्र प्रसाद वाल्मीकि का राज्य मंत्री ने माला पहनकर और दोशाला भेंट कर सम्मान किया। राज्य मंत्री ने अधिवक्ता सरोज बाजपेई के पुत्र का क्रिकेट में चयन होने पर सम्मानित किया।

अध्यक्षता जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट जबकि संचालन महासचिव आनंद मिश्रा एडवोकेट ने किया। इस मौके पर विवेक अवस्थी, अशोक बाजपेई, अमित मिश्रा, विवेक पांडे, बाबूराम शर्मा, विद्या राम वर्मा, किशन लाल, अशोक शर्मा, महेंद्र मिश्रा,शेखर त्यागी, मोहतसिम मलिक,जसविंदर सिंह,संजय सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार को ज्ञापन देते अधिवक्ता। • अमृत विचार

# पीटीआर मुख्यालय पर भाकियू ने की पंचायत, धरना-प्रदर्शन किया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डिप्टी डायरेक्टर को सौंपा 14 सूत्रीय ज्ञापन, जंगल से बाहर निकल रहे बाघों और मानव वन्यजीव संघर्ष रोकने की मांग

अमृत विचारः जंगल से बाहर निकल रहे बाघों को रोकने एवं मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं पर अंकुश लगाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर भाकियू कार्यकर्ताओं ने पीटीआर मुख्यालय पर पंचायत की और धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर को 14 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का निस्तारण कराने की मांग की गई।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार सुबह तमाम भाकियू कार्यकर्ता पीटीआर मुख्यालय पहुंचे। यहां सभी कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा की अगुवाई में विभिन्न समस्याओं को लेकर नारेबाजी कर धरना दिया। धरना स्थल पर हुई पंचायत में कहा गया कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बाघों के पुर्नवास के लिए वन विभाग की ओर से कोई ठोस प्रबंध नहीं किए गए हैं। इस कारण बाघ जंगल से निकलकर खेतों एवं गांवों में घूम रहे हैं। खेतों पर काम कर रहे किसानों एवं मजदूरों की बाघ जानें ले रहे हैं। अब तक कई किसान और मजदूर बाघों का निवाला बन चुके हैं। किसान खेतों में जाने से कतरा रहे हैं। वहीं वन विभाग के अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं।

इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह को 14 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में जंगल से बाहर निकल रहे बाघों ओर मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं पर अंकुश लगाने, बाघ हमलों में मृतक आश्रितों को 25 लाख मुआवजा देने और परिवार के एक व्यक्ति को योग्यतानुसार सरकारी नौकरी देने, वन्यजीवों द्वारा फसल नुकसान पर किसानों को मुआवजा देने, विभाग में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को वर्दी,जूता और सुरक्षा देने, जंगल से सटे गांवों के लोगों को विभाग की ओर से सेंठा, नरकुल, घास-फूस, जलौनी लकड़ी एवं प्रत्येक तीन साल बाद इमारती लकड़ी निशुल्क उपलब्ध कराने, पुरैनी दीपनगर में छोड़े गए स्थान पर जाल फेसिंग कराने, माधोटांडा-पीलीभीत मार्ग से निगोही ब्रांच नहर के पास जाल फेसिंग कराने, केसरपुर बराही कोठी से खारजा नहर तक और सेल्हा बाबा की मजार के दोनों तरफ जाल फेसिंग कराने, महोफ रेंज के वन दरोगा द्वारा किसानों का उत्पीड़न करने के मामले में कार्रवाई करने, जंगल से सटे आबादी क्षेत्रों में सोलर लाइटें लगवाने, जंगल में अवैध कटान के मामले में जांच कराने की मांग की गई।

ज्ञापन में 15 दिन के भीतर समस्याओं का निस्तारण न कराने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी गई। धरना प्रदर्शन में मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह काहलों, जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा, युवा जिलाध्यक्ष गुरदीप सिंह गोगी, जिला महामंत्री नेमचंद, जिला सचिव गुरजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष मुश्ताक, रंगीले खान, मंडल उपाध्यक्ष लालू मिश्रा, वीरपाल राजपूत, कंधईलाल, दशरथ सिंह, योगेश कुमार, पूरनलाल, धर्मेंद्र कुमार समेत कई कार्यकर्ता शामिल रहे।



धरने पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाकियू जिलाध्यक्ष। • अमृत विचार



डीएफओ कार्यालय के बाहर मौजूद पुलिस बल। • अमृत विचार

### पुलिस टीम समेत मुस्तैद रहे कोतवाल

किसान नेताओं के डीएफओ कार्यालय गेट पर चल रहे धरना प्रदर्शन की जानकारी लगते ही पुलिस भी मुस्तैद हो गई। कोतवाल नरेश त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। एक तरफ धरना प्रदर्शन चलता रहा। वहीं पुलिस बल शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात रहा।



शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

**आज का मौसम**

बादल छाने और हल्की बारिश का अनुमान

31.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

# पुलिस ने मुठभेड़ में छह शिकारी किए गिरफ्तार वनरक्षक से लूटी बंदूक और हिरन का सींग बरामद

## शिकारियों के गिरोह में पुलिस का हेड कांस्टेबल भी शामिल, तीन आरोपी मौके से फरार, तलाश जारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी और घटना के बारे में जानकारी देते एएसपी विक्रम दहिया व प्रशिक्षु डीएफओ भरत कुमार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** पीलीभीत टाइगर रिजर्व की माला रेंज में चीतलों का शिकार करने और वन रक्षक की बंदूक लूटने की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने सोमवार को मुठभेड़ के दौरान छह शिकारियों को दबोच लिया। उनके पास वन रक्षक से लूटी गई बंदूक, हिरन का सींग, शिकार करने में इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरण और अवैध असलहा बरामद हुए। खास बात यह कि पकड़े गए अपराधियों में एक आरोपी पुलिस विभाग में हेड कांस्टेबल है। इस गैंग के तीन सदस्य मौके से भागने में सफल रहे। पुलिस ने छानबीन के बाद सभी छह आरोपियों को जेल भेज दिया है।

यह घटना 30 अगस्त की रात माला रेंज के जंगल में हुई थी। सोमवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एएसपी विक्रम दहिया ने बताया कि बाइक पर सवार होकर पहुंचे शिकारियों ने जंगल में दो चीतलों का शिकार किया। इस दौरान फायरिंग भी की गई। वन कर्मियों ने कांबिंग की तो आरोपी वन रक्षक की बंदूक छीनकर भाग गए। थाना गजरौला में प्रकरण की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इसके बाद पुलिस की पांच और वन विभाग की तीन टीमें खुलासे के लिए लगाई गई थीं। रविवार रात टीमें रिछोला पुलिस चौकी के पास चेकिंग कर रही थीं। इसी बीच सूचना मिली कि जिन लोगों ने जंगल में चीतलों का शिकार किया था वे दोबारा आए हुए हैं। इस पर वन कर्मियों को साथ लेकर पुलिस टीम जंगल की तरफ गई। जंगल में करीब 30 मीटर भीतर चलने पर फायरिंग की आवाज सुनाई दी। झाड़ियों और पेड़ों में छिपते हुए टीमें आगे बढ़ीं और देखा कि वहां नौ लोग बैठे हुए थे। पुलिस ने टॉर्च जलाकर देखा तो आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। अंधेरे का फायदा उठाकर तीन आरोपी मौके से भाग गए, जबकि छह आरोपियों को

- 30 अगस्त की रात माला रेंज के जंगल में चीतलों का शिकार कर वन रक्षक की बंदूक लूट ले गए थे आरोपी

पुलिस ने दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम मंसूर खां पुत्र मुमताज निवासी तीतरो (सहारनपुर), शहर के मोहल्ला भूरे खां निवासी मोहम्मद जीशान पुत्र अमीर अहमद, न्यूरिया के राजा कॉलोनी निवासी सपन सरकार उर्फ काला पुत्र नगरवासी सरकार, ग्राम गुलड़िया बिथरा के गुरुविंदर सिंह उर्फ गिंदा पुत्र बलकार सिंह, न्यूरिया कॉलोनी निवासी बिपलव बाला उर्फ बिल्ला पुत्र वासुदेव बाला और उधम सिंह नगर (उत्तराखंड) के थाना धनकुईया के ग्राम बग्गा चौववन निवासी अब्दुल हकीम पुत्र गुलाम रसूल बताया। मंसूर खां पीलीभीत पुलिस लाइन में तैनात हेड कांस्टेबल है। वह गिरोह के अन्य साथियों संग शिकार में शामिल था। पकड़े गए आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त बाइक, वन कर्मियों से लूटी बंदूक, पौनिया, डबल बैरल गन, देशी बंदूक, लाइसेंसी रिवाल्वर फैक्ट्री मोड, हिरन का सींग, मांस काटने के उपकरण, कारतूस आदि बरामद हुए। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एएसपी के साथ प्रशिक्षु डीएफओ भरत कुमार भी मौजूद रहे।

### दीवान ने छीनी थी वनकर्मी से बंदूक

घटना के दिन सभी आरोपी जंगल में शिकार करने गए थे। दो चीतल का शिकार किया। अचानक वन कर्मियों ने घेर लिया। इस पर सभी अलग-अलग दिशाओं में भाग गए। गिरोह के सदस्य मंसूर (हेड कांस्टेबल) पेड़ पर चढ़ गया। वहीं पर तीन-चार वनकर्मी आ गए और उसे देख लिया। फिर मंसूर ने बंदूक छीनकर वन कर्मियों पर वटों से प्रहार किए।

### गिरोह का सरगना जीशान बनाता था योजना

इस अंतर्राज्यीय गिरोह का सरगना मोहम्मद जीशान बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार जीशान अपने घर पर साथियों को इकट्ठा करके योजना बनाता था। इसके बाद सभी जंगल में शिकार करने जाते थे। गिरोह के सदस्यों को असलहा जीशान उपलब्ध कराता था। घर पर लाकर शिकार को मारकर उसके सींग आदि बिक्री के लिए रख लेते थे।

### अब की जाएगी जिम्मेदारों की जांच

खुलासे के दौरान ये बात भी सामने आई गिरोह के सभी सदस्य शातिर शिकारी हैं। जंगल में पहले भी घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। इस मामले में वन कर्मियों व अन्य कर्मियों पर तलवार लटकती दिखाई दे रही है। उनकी भी जांच शुरू करा दी गई है।

### पिछले कई सालों से सक्रिय था गैंग

पुलिस के खुलासे के अनुसार आरोपी पिछले कई सालों से जंगल में शिकार कर रहे थे। शिकार करने के बाद उसका मीट भी खाया करते थे। बाकी मीट की बिक्री कर दी जाती थी। खाल और हड्डियों को जंगल में फेंक दिया जाता था। सींग घर ले जाकर रख लेते थे। ताकि उसे बेचा जा सके। आरोपी मंसूर इससे पहले पीएसी बरेली में तैनात रहा था। वहां से भी शिकार करने आता रहता था।

# करोड़ों खर्च करके बनाई सड़क पहली बारिश में ही उखड़ गई



बिलसंडा के बमरोली-ईटगांव हाईवे की उखड़ी सड़क। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलसंडा

- पूर्व सांसद के प्रतिनिधि ने मुख्यमंत्री से की शिकायत
- गांव पसियापुर से भगवंतापुर के मध्य कई जगह धंस गई सड़क

**अमृत विचार:** हाल ही में बिलसंडा नगर से बमरोली होकर सिंगीपुर गुरुद्वारे तक करोड़ों की लागत से बनी हाईवे की सड़क पहली बरसात में ही धंसने लगी। घटिया सामग्री प्रयुक्त किए जाने की वजह से सड़क उखड़ने पर पूर्व सांसद के प्रतिनिधि ने मुख्यमंत्री से शिकायत की है।

नगर के बंडा बस स्टैंड से बमरोली करेली होते हुए निगोही पुवायां मार्ग स्थित गांव सिंगीपुर गुरुद्वारे तक करीब 25 किलोमीटर सड़क का निर्माण पीडब्ल्यूडी द्वारा कराया गया है। इसमें करोड़ों की लागत आई। इसके अलावा ईटगांव से बमरोली तक करीब आठ किलोमीटर सड़क को हाईवे के रूप में बनाया गया। आरोप है कि घटिया सामग्री प्रयोग किए जाने की वजह से बरसात में सड़क धंसने लगी। कुछ महीने पहले बमरोली तिराहे पर इसी तरह सड़क के फट जाने का मामला सामने आया था। उस वक्त सड़क पर काम चल रहा था। तब आनन-फानन में ठेकेदार ने सड़क की मरम्मत करा दी थी, लेकिन अब काम कंप्लीट हो चुका है। इसी तरह बमरोली मार्ग पर गांव लिलहर की मोड़ से पहले सड़क पपड़ी बनकर उखड़ने लगी है। कुछ महीने पहले इसी तरह जगह-जगह उखड़ी सड़क की मरम्मत कराई गई, लेकिन अब दोबारा वही हालात बन गए। लोगों का कहना है कि अभी तो ठीक से बरसात हुई भी नहीं, ऐसे में सड़क का जगह-जगह धंसना सवाल खड़े करता है।

पूर्व सांसद प्रतिनिधि भानु प्रताप सिंह तोमर ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर शिकायत की है। जिसमें कहा है कि घटिया सामग्री प्रयुक्त किए जाने की वजह से गांव भगवंतापुर से पसियापुर के मध्य कई जगह सड़क बारिश में धंस गई है। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की गई।

## एक नजर

### बच्चों के विवाद में मारपीट नामजद रिपोर्ट दर्ज

बरखेड़ा। ग्राम गाजीपुर कुंडा के सर्वजीत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि एक सितंबर को शाम साढ़े छह बजे गांव के ही रोहित से बच्चों को लेकर विवाद हो गया था। इसी को लेकर आरोपी रोहित, रामचरन, ननकूलाल, रोहित की पत्नी ने आकर गाली गलौज की। विरोध करने पर हमला करके पिटाई कर दी। जान से मारने की धमकी देकर आरोपी भाग गए। पुलिस ने मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

### शातिर अपराधियों पर गैंगस्टर की एफआईआर

बीसलपुर। दो शातिर अपराधियों पर कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि पिपरिया संजरपुर गांव का रामू उर्फ रामचंद्र गिरोह बनाकर अपराधिक घटनाएं करता है। गांव का ही श्यामू भी इसी गिरोह का सदस्य है। आरोपियों का समाज में भय व्याप्त है। दोनों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### लोक अदालत के संबंध में बैठक आयोजित

पीलीभीत, अमृत विचार: जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला जज जितेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सोमवार शाम साढ़े चार बजे 14 सितंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक हुई। जिसमें जिला पूर्ति अधिकारी, परियोजना अधिकारी डूडा, नगर पालिका ईओ पूरनपुर ने भी प्रतिभाग किया। लोक अदालत की नोडल अधिकारी अपर जिला जज गीता सिंह, विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव अपर जिला जज सुनील कुमार ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# बीसलपुर सर्किल में सक्रिय है कुंडल लूट गिरोह

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार:** बीसलपुर सर्किल में कुंडल लूट गिरोह सक्रिय है। एक ही गिरोह के लगातार वारदात को अंजाम देने का शक पुलिस को है। एक दिन पूर्व बरखेड़ा क्षेत्र में हुई घटना का पता चलने के बाद एसओजी और बीसलपुर पुलिस ने गैंग के बारे में जानकारी जुटाई।

यह घटना रविवार शाम को हुई थी। दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पैंतबोझी की रहने वाली कृष्णा देवी पुत्री महेंद्र पाल अपनी ननिहाल बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम कोकिला से अपने घर जा रही थी।

कस्बा बरखेड़ा से वह ई-रिक्शा में सवार हुई। बरखेड़ा- गजरौला मार्ग पर अमखेड़ा तिराहा पर ईंट भट्ठा के पास पहुंचने पर पीछे से बाइक पर आए दो युवकों ने झपट्टा मारकर कृष्णा देवी के कान का कुंडल और दुरिया लूट लिया और भाग गए। बताते हैं इसी तरह की घटना बीसलपुर क्षेत्र में भी हो चुकी है। इन दोनों वारदातों को एक ही गिरोह के अंजाम देने का शक है। सोमवार को बीसलपुर पुलिस और एसओजी बरखेड़ा पहुंची। घटना और अंजाम देने वाले आरोपियों के बारे में जानकारी की गई।

इंस्पेक्टर बरखेड़ा राजकुमार सिंह ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। टीमें सुरागरसी कर रही है। जल्द खुलासा किया जाएगा। पुलिस को जानकारी मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

- बरखेड़ा में हुई घटना के बाद एसओजी और बीसलपुर पुलिस लुटेरों की तलाश में जुटी

### महिला से झुमकी लूट की रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला त्रिलोकीपुरम की अंकिता गंगवार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 30 अगस्त को अपने पुत्र राघव व पुत्री दीपांशी के साथ ई-रिक्शा से उनके स्कूल गई थी। पैरेंट्स मीटिंग के बाद अकबरगंज सिमरा गांव जा रही थी। ई-रिक्शा के नरिवाली गांव के आगे पुलिया के पास पहुंचते ही बाइक सवार दो युवक आए और सोने की झुमकी झपट्टा मारकर ले गए। इसमें कान भी फट गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# स्मार्टफोन के लिए डिजी शक्ति पोर्टल पर दर्ज कराएं विवरण

**पीलीभीत, अमृत विचार:** उपाधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.दुष्यंत कुमार ने बताया कि स्वामी विवेकानंद तकनीकी सशक्तिकरण के लिए स्मार्टफोन वितरण योजना के तहत लाभार्थियों को डिजीशक्ति पोर्टल पर कई काम कराए जाने अपेक्षित हैं। उन्होंने बताया कि लाभार्थी द्वारा डिजी शक्ति बेवसाइट पर उपलब्ध ईकेवाईसी मेरी पहचान पोर्टल लिंक क्लिक करना होगा। इसके बाद सर्च स्टूडेंट डिटेल पेज पर जाकर अपना वांछित विवरण, विश्वविद्यालय, संस्थान का नाम, एनरोलमेंट नंबर भरकर अपना नाम सर्च करना होगा। लाभार्थी विवरण सर्च होने की दशा में ई-प्रमाण मेरी पहचान पोर्टल के माध्यम से स्वयं को पंजीकृत करके ई केवाईसी संपन्न किया जाना होगा।

# घर में सो रही पत्नी की पति ने चाकू से नाक काटी, अस्पताल में हालत गंभीर

संवाददाता, बरखेड़ा

- एक साल से पति से अलग रह रही थी रूपा देवी, आरोपी ने फोन करके बुलाया था
- सोमवार शाम पति-पत्नी के बीच हुआ था झगड़ा, पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया

**अमृत विचार:** घर में सो रही पत्नी की चाकू से पति ने नाक काट दी और फरार हो गया। ग्रामीणों से जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को सीएचसी में भर्ती कराया। बाद में पुलिस ने आरोपी पति को भी हिरासत में ले लिया। महिला के रिश्तेदारों को घटना की सूचना दे दी गई है।

यह घटना बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम परेवाअनूप की है। यहां के रहने वाले प्रेमशंकर की पहली पत्नी की मौत हो गई थी। इसके बाद उसने असम की रहने वाली रूपा देवी (40) को बतौर पत्नी घर में रख लिया। प्रेम शंकर के पांच बच्चे हैं। बताते हैं कि करीब एक साल से रूपा देवी पति के पास नहीं रह रही थी। रविवार को प्रेमशंकर ने फोन करके रूपा देवी घर बुलाया था। शाम को दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। इसके बाद दोनों सोने चले गए। आरोप है कि सोमवार सुबह करीब चार बजे रूपा देवी सो रही थी। तभी मौका पाकर प्रेम शंकर ने चाकू से रूपा देवी की नाक काट दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी प्रेम शंकर घर से भाग गया।

रूपा देवी की चीखें सुनकर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने देखा तो वह ने लहूलुहान हालत में पड़ी थी। घटना की सूचना मिलने पर बरखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंच गई। आनन-फानन में घायल रूपा देवी को सीएचसी में भर्ती कराया गया। इसके बाद पुलिस ने सुरागरसी कर आरोपी प्रेम शंकर को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने रूपा देवी के रिश्तेदारों के बारे में जानकारी की तो पूरनपुर क्षेत्र में उसकी बहन होने का पता चला। उसे भी घटना की सूचना देकर बुलाया गया है। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया है। उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस ममाले में तहरीर मांगी गई है।

# तिरकुनिया नसीर में तेंदुआ की दस्तक, दहशत में लोग



ग्रामीणों से जानकारी करते वनकर्मी।

**अमरिया, अमृत विचार:** जंगल से दूर क्षेत्र के तिरकुनियां नसीर गांव के पास तेंदुआ की चहलकदमी दो दिनों से बनी हुई है। इसे लेकर किसान दहशत में हैं। इसकी सूचना मिलने पर वनकर्मी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से जानकारी जुटाई।

क्षेत्र के सूरजपुर, बिसनपुर व गजरौला फार्म के बाद अब तिरकुनियां नसीर गांव में तेंदुए की मौजूदगी मिली है। रविवार शाम समय खेतों की ओर चहलकदमी कर रहा तेंदुआ आबादी से महज सौ मीटर दूर श्मशान तक देखा गया। जिसके बाद ग्रामीणों में दहशत है। इधर गांव के ही रहीसुद्दीन मलिक ने बताया कि गांव से मात्र 100 मीटर की दूरी पर उनके धान के खेत में शनिवार शाम एक तेंदुए ने नीलगाय का शिकार किया था। पिछले दो दिनों से श्मशान में खड़ी झाड़ियों के बीच तेंदुआ ने बसेरा कर रखा है। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के दरोगा शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि मौका मुआयना किया गया लेकिन नीलगाय के अवशेष नहीं मिले हैं। सुरक्षा की दृष्टि से ग्रामीणों को अलर्ट कर निगरानी बढ़ा दी गई है।

# गबन के आरोपी प्रधान, सचिव व जेई से वसूली जाएगी रकम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- दो सचिवों व जेई पर होगी विभागीय कार्रवाई, तकनीकी सहायक की संविदा होगी समाप्त
- डीएम ने दिए कार्रवाई के निर्देश चुर्रासकतपुर में विकास कार्यों के नाम 3.01 लाख गबन का मामला

**अमृत विचार:** लाखों रुपये गबन करने के मामले में प्रधान, सचिव और लघु सिंचाई विभाग के जेई से 3.01 लाख रुपये की रिकवरी की जाएगी। इस मामले में तत्कालीन और वर्तमान सचिव व जेई पर विभागीय कार्रवाई भी होगी। दोषी पाए गए तकनीकी सहायक की संविदा समाप्त होगी। यह कार्रवाई डीएम की ओर से की गई है। इस मामले में दोषी ग्राम प्रधान के वित्तीय अधिकार सीज किए जा चुके है, जबकि सचिव को निलंबित कर दिया गया है।

यह मामला बीसलपुर की ग्राम पंचायत चुर्रासकतपुर का है। यहां निवासी झनकार सिंह, राजकुमार, रोशनलाल आदि ने शपथ पत्र देकर गांव में विकास कार्यों के नाम पर फर्जीवाड़ा करने की शिकायत की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने टीम गठित कर जांच कराई। जांच टीम में शामिल जिला गन्ना अधिकारी एवं शारदा सागर खंड के सहायक अभियंता ने मामले की जांच कर रिपोर्ट डीएम को सौंप दी। जांच में कुल छह विकास कार्यों में 4.57 लाख रुपये का गबन पाते हुए प्रथम दृष्टया ग्राम प्रधान और सचिव को दोषी पाया गया। इस मामले में डीएम संजय कुमार सिंह ने छह जून को वित्तीय अनियमितताओं पर चुर्रासकतपुर की ग्राम प्रधान शबाना के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए थे। वहीं, सचिव रितेश शुक्ला को निलंबित कर दिया था। इधर, इस मामले की अंतिम जांच के लिए उपायुक्त श्रम रोजगार एवं अधिशासी अभियंता आरईएस को जांच अधिकारी नामित किया गया था। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट डीएम को सौंप दी गई। जांच में 3,01498 रुपये का गबन पाया गया। डीएम ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम प्रधान, सचिव और लघु सिंचाई विभाग के जेई से रिकवरी के आदेश दिए हैं।

### प्रधान समेत तीन से होगी 3.01 लाख की रिकवरी

डीएम की ओर से जारी आदेश के मुताबिक ग्राम प्रधान शबाना से 1, 06286 रुपये की वसूली की जाएगी। इस रकम को भू राजस्व की भांति वसूलने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं आरोपी सचिव रितेश शुक्ला से 1,06286 रुपये की वसूली करने के निर्देश हैं। साथ ही डीडीओ को सचिव के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। फर्जीवाड़े में शामिल लघु सिंचाई विभाग के जेई वीके दीक्षित से 88,926 रुपये वसूलने एवं अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई खंड शाहजहांपुर को दोषी जेई के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच में दोषी पाए तत्कालीन सचिव भगवत सरन गंगवार के खिलाफ डीपीआरओ बरेली को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। सचिव वर्तमान में बरेली जिले में तैनात है। वहीं दोषी तकनीकी सहायक मनीष प्रजापति की संविदा समाप्त करने के लिए उपायुक्त श्रम रोजगार को निर्देशित किया गया है।

> ग्राम पंचायत चुर्रासकतपुर की अंतिम जांच कराई गई थी। जांच में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता पाई गई। इस मामले में रिकवरी व कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। - **संजय कुमार** सिंह, डीएम

# सिपाही समेत चार लोगों पर चाकू से हमला करने वाला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



**अमृत विचार:** शहर से सटे गांव नावकूड़ में सिपाही और दंपति समेत तीन लोगों को चाकू मारकर घायल करने वाले आरोपी अमन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नाकुड़ निवासी अमन पुत्र भीमसेन ने सात दिन पूर्व गांव के ही गोपालकृष्ण, उसकी पत्नी पुष्पादेवी और अपने सगे भाई सूरज पुत्र भीमसेन पर चाकू से हमला करके घायल कर दिया था। इससे तीन दिन पहले आरोपी ने पीआरवी पर तैनात हेड कांस्टेबल राशिद को भी चाकू मारा था, जिससे वह घायल हो गया था। उसका बरेली के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। आरोपी घटना के बाद से फरार था। पुलिस की दो टीमें गिरफ्तारी को लगाई थी। रविवार शाम को बेनहर स्कूल के पास से आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने दोनों घटनाओं में शामिल होना स्वीकारा। इसके बाद पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर मझोला मार्ग पर स्थित एक पेट्रोल पंप के समीप पेड़ के नीचे से दोनों घटनाओं में शामिल चाकू को बरामद कर लिया।

# 50 घंटे बाद किया युवक का अंतिम संस्कार

**पूरनपुर, अमृत विचार:** दो दिनों तक एफआईआर की जिद पर अड़े परिजनों ने युवक का अंतिम संस्कार रोके रखा। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है, लेकिन दबाव में एफआईआर करने से इन्कार कर दिया। इस पर करीब 50 घंटे बाद परिजन ने युवक का अंतिम संस्कार कर दिया। हालांकि हिरासत में लिए गए युवकों से दूसरे दिन भी पूछताछ की गई। कोतवाली क्षेत्र के गांव धर्मापुर के सौरभ उर्फ कल्लू पुत्र रामलखन का शव शनिवार सुबह खाली पड़े मकान में फंदे से लटकता मिला था। युवक शुक्रवार रात मेला देखने की बात कहकर घर से निकला था। परिजनों ने गांव के ही तीन युवकों पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। इस पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें फंदे से लटकने से सौरभ की मौत की पुष्टि हुई। परिजन हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग कर रहे थे और अंतिम संस्कार से भी इन्कार कर दिया था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। रविवार देर शाम तक पुलिस ने परिजन और अन्य रिश्तेदारों को समझाया लेकिन वह नहीं माने। सोमवार को एएसपी प्रतीक दहिया पूरनपुर कोतवाली पहुंचे और मामले की जानकारी की। हालांकि पुलिस ने एफआईआर लिखने से साफ इनकार दिया। पुलिस ने परिजनों को मामले की निष्पक्ष जांच के बाद न्याय का भरोसा दिया है। फिर सोमवार सुबह करीब दस बजे परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस ने हिरासत में लिए गए तीनों युवकों से सोमवार को भी पूछताछ की लेकिन घटना से संबंधित कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

> परिजनों को निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। इस पर उन्होंने अंतिम संस्कार कर दिया। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। - **गजेंद्र सिंह**, इंस्पेक्टर क्राइम, पूरनपुर

# पीलीभीत-मैलानी रूट पर छह साल बाद दौड़ी ट्रेन में सफर को उमड़े यात्री

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



सोमवार को रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर पर लगी यात्रियों की भीड़। ● अमृत विचार



पहले दिन सोमवार को ट्रेन में सफर करने के लिए उमड़ी यात्रियों की भीड़।

- प्लेटफार्म नंबर चार से शुरू हुआ ट्रेनों का संचालन, लोगों में खुशी की लहर

**अमृत विचार:** पीलीभीत-मैलानी रुट पर सोमवार से नियमित ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया गया। ट्रेनों पर सवार होने के लिए पहले दिन ही यात्रियों की खासी भीड़ देखी गई। पहली ट्रेन सुबह 6.40 बजे मैलानी को रवाना की गई। छह साल से बंद पड़े पीलीभीत-मैलानी रूट पर नियमित ट्रेनों का संचालन शुरू होने से यात्रियों में खुशी की लहर दिखी।

पीलीभीत-मैलानी रेलखंड पर आमान परिवर्तन के लिए मई 2018 में मेगा ब्लॉक लिया गया था। इसके बाद इस रेल खंड पर आमान परिवर्तन का कार्य शुरू किया गया। पिछले साल नवंबर में मैलानी से शाहगढ़ के बीच ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया गया था, लेकिन शाहगढ़ से पीलीभीत के बीच वन विभाग की आपत्ति के चलते काम में अड़चन आती रही। बाद में वन विभाग से एनओसी मिलने के बाद शाहगढ़ से पीलीभीत के बीच आमान परिवर्तन एवं विद्युतीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया। सीआरएस निरीक्षण के बाद भी ट्रेनों का संचालन न होने पर जनप्रतिनिधियों समेत रेल अफसरों को ज्ञापन सौंपे गए। इधर जनपदवासियों की समस्या को देखते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने केंद्रीय रेल मंत्री से मुलाकात कर पीलीभीत-मैलानी रूट पर नियमित ट्रेनों का संचालन शुरू कराने का आग्रह किया था। इधर, रविवार को केंद्रीय रेलमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ट्रेन संचालन को हरी झंडी दे दी। सोमवार को पीलीभीत-मैलानी रूट पर पैसेंजर ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया गया। सोमवार को रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म चार से पहली ट्रेन को सुबह 6.40 बजे मैलानी के लिए रवाना किया गया। पैसेंजर ट्रेनों के संचालन शुरू होने के चलते पहले दिन ही रेल यात्रियों की खासी भीड़ ट्रेन में सवार होने के पहुंच गई। रेल यात्रियों के चेहरों में खासी खुशी देखी गई। हालांकि कुछ यात्री ट्रेनों के समय को लेकर मायूस दिखे।

संचालन के पहले दिन रेल अफसर भी खासे सजग दिखे। पीलीभीत-मैलानी रुट पर रोजाना चार जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इधर स्टेशन अधीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पीलीभीत-मैलानी रेलखंड पर नियमित पैसेंजर ट्रेनों का संचालन सोमवार से शुरू कर दिया गया है। सभी ट्रेनों का निर्धारित समय पर रवाना किया गया है।

Leading you to blossoming health
खुशलोक हॉस्पिटल
मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
सिन्धी मार्केट, निकट पुलिस चौकी मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली
फोन : 7500875003, 0581-2530800/700
HELPLINE: 9760701234
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
कैंसर के उच्चस्तरीय उपचार की उपलब्धता अब खुशलोक हॉस्पिटल में
डॉ. तूलिका त्यागी
एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी. रेडियेशन ऑन्कोलॉजी
कैंसर रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक कमला नेहरू मेमोरियल हॉस्पिटल, प्रयागराज
पूर्व चिकित्सक ओमेगा कैंसर हॉस्पिटल विशाखा पटनम
• सभी प्रकार के कैंसर रोगों की जाँच एवं निदान एक ही स्थान पर
• महिलाओं में होने वाले कैंसर जैसे स्तन कैंसर बच्चेदानी का कैंसर के लिये परामर्श एवं इलाज की व्यवस्था
• सभी प्रकार के कैंसर रोगों के लिए Chemotherapy (कीमोथैरेपी) की व्यवस्था
• कैंसर रोगों से बचाव के लिये परामर्श एवं टीकाकरण (Vaccination)
• आनुवांशिक रूप से होने वाले कैंसर रोगों के लिये स्क्रीनिंग (Screening) की व्यवस्था
24 घण्टे इमरजेन्सी
आई.सी.यू. व वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध
Website: www.khushlokhospital.com
Email: khushlokhospital@rediffmail.com

डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
गंगवार हॉस्पिटल
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493, 9457096487
इमरजेंसी 24 घण्टे
प्रतिदिन ओपीडी
प्रातः 10 बजे से 02 बजे
सायं 8 बजे से 9 बजे तक
अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
OMPC सोसाइटी चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रूप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
केंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
आँवला IFFCO HOSPITAL मंगलवार
समय 4.30 से 6.30 बजे तक
नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण
1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गड्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्लेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
• 24 घंटे के अन्दर
• 14 दिन के बाद भी
• हथेली व तलुवे का भी पीला होना
• Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना
(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMI IVF CENTRE
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S., D.G.O D.M.A.S., F.M.A.S
Gyanaecologist, Ivf Specialist
हृदय रोग विभाग
स्थायी/अस्थायी पेसमेकर इम्प्लांटेशन
बैलून माइट्रल वाल्वोटॉमी
2डी ईको कार्डियोग्राफी
टी.एम.टी.
24 Hrs हॉल्टर मॉनिटरिंग
ई.सी.जी.
डिजिटल एक्स-रे
अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा संचालित कैथ लैब
कोरोनरी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
मॉड्यूलर ऑपरेशन
24/7 सुविधा उपलब्ध
निकट ईसाइयों की पुलिया, सिन्धु नगर, सैटेलाइट बरेली
0581-2990926
0581-2990928

## कैंप में डेंगू, मलेरिया के मरीजों की जांच की

**पूरनपुर, अमृत विचार:** क्षेत्र में वायरल के मरीज लगातार सामने आ रहे हैं। सीएचसी में मरीजों की भीड उमड़ रही है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार को मोहल्ला हबीबगंज में शिविर लगाया गया। इस दौरान मलेरिया और डेंगू आदि की जांच की गई। शिविर में मरीजों की शुगर की जांच भी गई। इस दौरान मलेरिया की 42, डेंगू की 20 जांचे की गई। 136 मरीजों की जांच कर दवा दी गई। फार्मासिस्ट सुशांत हलधर, अनुज पांडे, आनंद, विपिन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

PRIME HOSPITAL
प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
• मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग
• मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग
• न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान
एम.डी.
7302532226, 9758044442

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक ऑपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
ओ.सी.टी.मशीन से रेटिना एवं ग्लोकोमा की जांच उपलब्ध
8077344353
डॉ. आदित्य त्यागी
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड, बरेली।
सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
• प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का आपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरुआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

# हंगामे की भेंट चढ़ी नगर पंचायत जहानाबाद की मासिक बैठक

## आय-व्यय का ब्योरा न मिलने पर भड़के सभासद, एडीएम से शिकायत

संवाददाता, जहानाबाद


कलेक्ट्रेट में एडीएम से शिकायत करने पहुंचे जहानाबाद नगर पंचायत के सभासद।

**अमृत विचार:** नगर पंचायत जहानाबाद की मासिक बैठक शुरु होते ही विरोध की भेंट चढ़ गई। आय-व्यय का ब्योरा न देने का आरोप चेयरमैन पर लगा। इसके बाद कुछ सभासदों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर एडीएम कार्यालय में शिकायत पत्र दिया है।

एडीएम कार्यालय में की गई शिकायत में बताया गया कि दो सितंबर को नगर पंचायत में मासिक बैठक का आयोजन किया गया था। शुरुआत में ही सदस्यों ने आय व्यय का ब्योरा व कैशबुक का प्रस्ताव रखा। इस पर अध्यक्ष ममता गुप्ता ने स्पष्ट मना कर दिया। कहा कि कोई आय व्यय का ब्योरा व कोई प्रस्ताव नहीं लिखे जाएंगे। सदस्यों की ओर से आउटसोर्सिंग ठेका निरस्त कराने समेत कई प्रस्ताव रखे गए। आरोप है कि चेयरमैन पति ने धमकाना शुरू कर दिया। जबकि ईओ का व्यवहार सकारात्मक रहा। सिटी मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में मासिक बैठक कराने की मांग की गई है। पत्र देने वालों में मोबीन, मधुरानी, अश्पाक, शमीम खां, शकील बक्श, मोबीन, फरजाना बेगम आदि सभासद मौजूद रहे।

## जागरुकता कार्यक्रम में बताए नारियल के फायदे



पीलीभीत, अमृत विचार: समाधान विकास समिति के तत्वाधान में कम्पोजिट विद्यालय अशरफ खां में सोमवार को विश्व नारियल दिवस के मौके पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कनक, जूही, मुस्कान और अलैना ने नारियल को जाने विषय पर हुई प्रतियोगिता में श्रेष्ठता दिखाई। प्रधानाध्यापिका यामिनी मिश्रा ने बताया कि गरीबी कम करने में नारियल के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल दो सितंबर को विश्व नारियल दिवस मनाया जाता है। ये दिन एशियाई प्रशांत नारियल समुदाय के स्थापना दिवस का भी स्मरण करता है। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि नारियल पाचन तंत्र को मजबूत करता है। इसमें फाइबर की मात्रा अधिक होती है। 60 फीसदी पानी होता है। इसके सेवन से कब्ज, एसिडिटी, पेट में जलन और अफरा की समस्या से आराम मिलता है। समिति की अध्यक्ष उर्मिला देवी ने बताया कि नारियल को लोग अंधविश्वास और चमत्कारों में प्रयोग करते हैं। जबकि ऐसा कुछ भी नहीं है।

## सपा कार्यकर्ताओं ने रोपित किए बरगद व नीम के पौधे


पौधरोपण करते सपा कार्यकर्ता। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** सपा के छात्र नौजवान जागरुकता कार्यक्रम के तहत सोमवार को पौधरोपण किया गया। बरगद, नीम आदि के पौधे लगाए गए। समस्त विधानसभा क्षेत्रों मे पौधरोपण किया गया।

जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा की अगुवाई में पीलीभीत विधानसभा में व्यापक स्तर पर पौधे रोपित किए गए थे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पौधे ही हमारे जीवन को बचाए हुए हैं। वर्तमान में चारों तरफ प्रदूषण फैल रहा है। छात्र, नौजवान बुजुर्ग का असली जीवन पेड़ों से ही है। मजबूत पौधे ही प्रत्येक वर्ष भारी बारिश और नदियों के बढ़ते जलस्तर से होने वाली भयानक कटान से बचाव कर सकते हैं, इसलिए पौधारोपण के लिए सामूहिक प्रयास किए जाने की विशेष आवश्यकता है।

कार्यकर्ताओं ने इन पौधों को सुरक्षायुक्त जाली लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम प्रभारी अरशद दद्दा के साथ चौराहों पर नुक्कड़ सभा भी की गई। इस मौके पर जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र कटटर मुलायम सिंह यूथ के राष्ट्रीय सचिव लखविंदर सिंह पन्नू, जिला उपाध्यक्ष काशीराम सरोज, बालकराम सागर, पिंटू यादव, फैज़ अहमद, नरेश कुमार सागर, हरगोविंद गंगवार चिंटू सागर, नरेंद्र गोस्वामी, नरेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

## पांच से फिर धरना देंगे खिरकिया बरगदिया वाले

संवाददाता, पूरनपुर


धरने को लेकर बैठक करते खिरकिया बरगदिया के ग्रामीण। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** खिरकिया बरगदिया के ग्रामीण फिर से धरना शुरु करेंगे। सोमवार को बैठक कर ग्रामीणों ने धरने की रणनीति बनाई। इस दौरान कटान रोकने के लिए दो दिनों तक श्रमदान करने की सहमति भी बनी।

सोमवार को खिरकिया बरगदिया में किसान संघर्ष समिति की बैठक हुई। इसमें मांगों को लेकर किए जाने वाले धरना प्रदर्शन से संबंधित वार्ता की गई। इस दौरान निर्णय लिया गया कि मांगे पूरी न होने पर पांच सितंबर से गांव में फिर धरना शुरु किया जाएगा। बचाव के लिए सरकारी कार्यो में लेटलतीफी होने पर ग्रामीणों ने खुद ही कटाने के लिए आगे आने को कहा। कटान तेज होने से गांव को खतरा बढ़ता जा रहा है। कहा गया कि पूरे गांव के ग्रामीण तीन और चार सितंबर को कटान रोकने के लिए नदी किनारे श्रमदान करेंगे। इसके बाद पांच सितंबर से धरना शुरु किया जाएगा। सोमवार को बाढ़ खंड के एक्सईएन और एसडीओ खिरकिया बरगदिया पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ नदी किनारे पहुंचकर कटान की स्थिति देखी और शीघ्र ही बचाव कार्य कराने का आश्वासन दिया। बैठक में विवेक सिंह चौहान, हरीशंकर, वासुदेव, लल्लनप्रसाद, बलवीर सिंह, हीरा सिंह, रामचंद्र, राम दयाल, दीनानथ, राशिद खां, धनंजय और इकबाल सिंह मौजूद रहे।

## शिक्षकों ने बीईओ को सौंपा ज्ञापन, धरने की चेतावनी

संवाददाता, पूरनपुर


बीईओ को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** शिक्षकों ने बैठक कर समस्याओं पर विचार विमर्श किया। इस दौरान मांगों को लेकर बीईओ को ज्ञापन भी सौंपा गया। एफएलएन प्रशिक्षण का भुगतान एक सप्ताह में न कराने पर प्रदर्शन की चेतावनी दी गई।

सोमवार को प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक ब्लाक अध्यक्ष सूर्य प्रकाश गंगवार की अध्यक्षता में हुई। जिसमें शिक्षकों की समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया। कहा गया कि बीते मार्च महीने में चार दिवसीय हुए एफएलएन प्रशिक्षण हुआ था। इस प्रशिक्षण का भुगतान नहीं कराया गया। बैठक के बाद शिक्षकों ने नौ सूत्रीय मांगों को लेकर खंड शिक्षाधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। इसमें एक सप्ताह में प्रशिक्षण का भुगतान न कराने पर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई। इसके अलावा शिक्षकों के चयन वेतनमान की लंबित पत्रावलियों का निराकरण, वेतन विसंगति प्रकरण, बोनस व महंगाई भत्ता का अवशेष भुगतान, लोकसभा चुनाव में की गई ड्यूटी का बकाया मानदेय दिलाने सहित नौ सूत्रीय मांगे रखी गई।

मांगों का एक सप्ताह में निराकरण न होने पर शिक्षकों ने प्रदर्शन करने की चेतावनी दी। बैठक का संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ की संघर्ष समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार पासवान ने किया। ज्ञापन देने वालों में संघ के मंत्री विमल कुमार, वैभव त्रिपाठी, अर्जुन सिंह गंगवार, पूरनलाल, सुरेशचंद, निधि दिवाकर, विवेक जैसवार, लोकेंद्र सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, वीरपाल सिंह, हरप्रीत सिंह, विजय प्रताप सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## एक नजर

### तहसील में प्राइवेट कर्मचारी पर उगाही का आरोप

पूरनपुर9 तहसील क्षेत्र के गांव मढ़ा खुर्द कलां के रहने वाले दीपू पुत्र रामेश्वर ने डीएम को भेज पत्र में कहा कि कलीनगर तहसील में तैनात प्राइवेट कर्मचारी सुविधा शुल्क की वसूली कर रहा है। वह क्षेत्र के लोगों को अफसरों से नलदीकी का हवाला देकर विधवा, वृद्धा पेंशन, अवैध खनन, लकड़ी कटान, आवास के नाम पर अवैध वसूली कर रहा है। विरोध करने पर झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देता है। गोपनीय जांच कराकर कार्रवाई की मांग की गई।

### सर्पदंश से महिला की मौत

बिलसंडा। गांव बिलैया के मेवाराम ने बताया कि रविवार रात सभी लोग खाना खाकर सो गये थे। घर का सारा काम निपटाने के बाद जब पत्नी सुमन ( 30) चारपाई पर लेटने के आईं ।तभी उसके पैर में सांप ने डस लिया। चीख पुकार हुई तो देखा कि वहां से सांप निकल कर जा रहा था। पत्नी को कई जगह ले गए और झाड़ फूंक भी कराई, लेकिन फायदा नहीं हुआ। सोमवार सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए , जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

## पुराने ई-रिक्शा का नगर पालिका में पंजीकरण कराने की मांग

संवाददाता, पूरनपुर

- चालकों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, लगाई गुहार

**अमृत विचार:** ई-रिक्शा संचालन को लेकर दी गई चेतावनी के बाद चालकों में खलबली मची हुई है। ई -रिक्शा चालकों ने एसडीएम को पत्र देकर पुराने ई-रिक्शा के नगर पालिका में पंजीकरण कराने की मांग की। चालकों ने कहा कि रिक्शा उनकी गुजर बसर का एकमात्र सहारा है।

तीन दिन पहले नगर में पंजीकरण के ई-रिक्शा संचालन को लेकर एनाउंसमेंट किया गया था। इसमें चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य और पंजीकृत ई रिक्शा ही संचालित के लिए कहा गया। अवैध रुप से ई रिक्शा चलाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी। नए फरमान को लेकर रविवार को ई रिक्शा चालकों ने नारेबाजी करते हुए विरोध प्रर्शन किया था। सोमवार को दर्जनों ई रिक्शा चालक तहसील पहुंचे। उन्होंने एसडीएम राजेश शुक्ला को ज्ञापन दिया। जिसमें कहा गया कि करीब छह साल पहले एजेंसियों पर चेचिस नंबर और बिना पंजीकरण के ई रिक्शा ब्रिकी किए जाते थे। उस समय खरीदे गए अधिकांश रिक्शा नगर में संचालित किए जा रहे हैं। नए फरमान के मुताबिक अधिकांश ई रिक्शा बंद हो जाएंगे। चालकों ने कहा स्कूल कालेज के छात्र छात्राएं ई रिक्शा से ही आते जाते हैं। रिक्शा बंद होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी। चालकों ने ई रिक्शा को ही भरण पोषण का जरिया बताया। इस दौरान पुराने ई रिक्शा के नगर पालिका से पंजीकरण कराने की मांग की गई। इस दौरान विजयपाल सिंह विक्की, संजय खान, फूल बाबू, अबरार मोहम्मद, आबिद, तौफीक, इरशाद, नबी, शिवम, जुल्फिकार खान आदि मौजूद रहे।

# प्रशासन की बिना अनुमति के लगाई प्रतिमा, रिपोर्ट दर्ज

## विरोधी पक्ष के ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम ने टीम के साथ जाकर हटवाई प्रतिमा, पुलिस तैनात

संवाददाता, जहानाबाद



बिना अनुमति स्थापित की गई प्रतिमा हटवाती टीम। • अमृत विचार

- जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम बरातबोझ का मामला
- लेखपाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में छह नामजद

**अमृत विचार:** प्रशासन से अनुमति लिए बगैर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाना कुछ लोगों को भारी पड़ गया। लेखपाल की ओर से प्रतिमा लगाने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, जिसमें छह लोगों को नामजद किया गया है। इससे पहले दिन में एसडीएम ने टीम के साथ जाकर प्रतिमा को हटवा दिया था। शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है।

यह मामला जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम बरातबोझ गांव का है। यहां पर करीब 20 दिन पहले कुछ लोगों ने ग्राम समाज की खाली पड़ी जमीन पर बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित कर दी थी। कुछ लोगों ने बिना अनुमति प्रतिमा स्थापित करने की पुलिस-प्रशासन से शिकायत की। सोमवार को एसडीएम अमरिया अजीत प्रताप सिंह, इंस्पेक्टर जहानाबाद संजीव कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे और प्रतिमा को कब्जे में ले लिया। इसका पता लगने पर प्रतिमा स्थापित करने वाले तमाम लोग मौके पर जमा हो गए और विरोध जताने लगे, लेकिन उनकी नहीं चली। शांति व्यवस्था बनाए रखने को गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया है। अफसर खुद भी लोगों से बातचीत कर शांति व्यवस्था बनाए रखने को सहयोग की अपील करते रहे। मामला चर्चा का विषय बना रहा।

इस मामले में लेखपाल मोहम्मद युनूस की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इसमें बारातबोझ गांव के जसवीर सिंह, रामकिशोर, जगपाल, हेमराज,सचिन सागर, रत्न किशोर को नामजद किया है। कुछ अज्ञात लोगों को शामिल किया गया है। आरोपियों पर सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की धाराएं शामिल की गई है।

### महर्षि वाल्मीकि पर अभद्र टिप्पणी पर आक्रोश

पीलीभीत। भीम आर्मी के कार्यकर्ता सोमवार को जिलाध्यक्ष सौरभ भारतीय की अगुवाई में बीसलपुर कोतवाली पहुंचे और तहरीर दी। उन्होंने पुलिस को बताया कि एक यू ट्यूब चैनल को संचालित करने वाले व्यक्ति ने महर्षि वाल्मीकि को लेकर अभद्र टिप्पणी की है। जिससे भावनाओं को ठेस पहुंची है। संबंधित यू ट्यूब चैनल को प्रतिबंधित कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। शिकायत करने वालों में शोएब अहमद, अक्षय, आयुष, रोहन कुमार, राजाराम माथुर आदि थे।

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
ROHILKHAND AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL BAREILLY Excellence towards profession
पता: सेक्टर -7, रामगंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली मो. 8077808309
फ्री कैम्प 2 सितम्बर से 7 सितम्बर 2024 तक
कायचिकित्सा विभाग :- शुगर, रक्तचाप व हृदय सम्बन्धित रोग, फैटी लीवर, हैपेटाइटिस एवं पेट सम्बन्धित रोग, त्वचा रोग, बालों का झड़ना, मोटापा, सिरदर्द, माइग्रेन, मुँह टेढ़ा होना, फालिज, नस सम्बन्धित बीमारियाँ तथा मलेरिया, टायफायड, डेंगू तथा जीर्ण ज्वर एवं सभी प्रकार के जोड़ो के दर्द, गठिया, स्पांडिलाइटिस, सियाटिका का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
शल्यतंत्र विभाग :- बवासीर, भगन्दर व फिशर का क्षार-सूत्र विधि द्वारा सफल इलाज, पैरों की नसों में नीलापन/सूजन वेरीकोज वेन्स, कोर्न, कुठारी/पैर के तल में गांठ, चर्बी की गांठ, सिस्ट और पुराने से पुराने जख्म का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
पंचकर्म विभाग :- शरीर की अशुद्धियों को दूर करना (Detoxification) फालिज, सियाटिका, गठिया का स्वेदन, शिरोधारा, बस्ति, जलौका, वमन, नस्य आदि प्रक्रिया द्वारा इलाज
कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग :-बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिये स्वर्ण प्राशन संस्कार, हाइट बढ़ाना, ऑटिज्म (Autism), loss of concentration या ADHD विकार तथा वंशानुगत मांसपेशी विकार, मायोपैथी आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक इलाज
शालाक्य तंत्र विभाग :- तर्पण विधि द्वारा बच्चों के नज़र के चश्में का नम्बर कम करना । नाक के अन्दर मांस बढ़ जाना व कान के पर्दे के छेद का आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा बिना ऑपरेशन सफल इलाज
गले, कान, नाक व आँख के रोग का इलाज
प्रसूति एंव स्त्री रोग विभाग :- नार्मल डिलीवरी, रसौली, बच्चेदानी के मुख का घाव/सूजन, PCOD, श्वेत प्रदर, स्तन में गांठ आदि रोगों का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
अगद तंत्र एवं स्वस्थवृत्त विभाग :- ततैया/बर्र, मधुमक्खी/बरसाती कीड़ा, काटने पर आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
पथ्य (डाईट) व योग सम्बन्धित जानकारी
कायचिकित्सा विभाग
शल्यतंत्र विभाग
पंचकर्म विभाग
कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग
शालाक्य तंत्र विभाग
प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग
अगद तंत्र एवं स्वस्थवृत्त विभाग
ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन एवं शुगर की निःशुल्क जाँच तथा शेष जाँचो में छूट
निः शुल्क परामर्श
उपलब्ध सुविधाये :-
❖ X-RAY, ❖ ULTRASOUND, ❖ BLOOD TEST, ❖ ECG

## हर बूथ पर 200 नये सदस्य बनाएगी भाजपा

संवाददाता, बीसलपुर



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जिला प्रभारी गुलशन आनंद। • अमृत विचार

- जिला प्रभारी की अध्यक्षता में बैठक कर बनाई गई रणनीति

**अमृत विचार:** ब्लॉक कार्यालय स्थित सभागार में सोमवार को भाजपा की विधानसभा स्तरीय बैठक हुई। जिला प्रभारी गुलशन आनंद ने प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया, जिसको 25 सितंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

जिला प्रभारी ने सदस्यता अभियान की कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। कहा कि इस अभियान को जन आंदोलन की तरह आगे बढ़ाना है।

स्पष्ट किया कि विधानसभा में कुल 202 बूथ हैं। प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। क्षेत्रीय विधायक समेत अन्य पदाधिकारी को मिलाकर 80 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य है। जिला मंत्री आयुष मिश्रा ने बताया कि सदस्यता अभियान चलाकर सदस्य बनने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर कैंप लगाए जाएंगे।

जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाते हुए कहा कि उन्हें उनकी जहां भी जरूरत होगी वह मौजूद मिलेंगे। इस मौके पर राकेश गंगवार, हरिशंकर श्रीवास्तव, महेंद्र पाल वर्मा, शरद पाल सिंह ,सौरभ गुप्ता, रावेंद्र गोस्वामी, ब्लॉक प्रमुख बीसलपुर अशोक शर्मा, सुरेश गुप्ता, सत्यवीर मिश्रा, हरी राम गुप्ता, चंद्रपाल शर्मा, रजत सागर आदि मौजूद रहे।

## मेरी नौका में लक्ष्मण-राम गंगा मैया धीरे वहो...



अशोक कॉलोनी स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा में शामिल लोग।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- अशोक कॉलोनी स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में श्रीराम कथा का आयोजन

**अमृत विचार:** शहर के अशोक कॉलोनी स्थित राधा कृष्ण मंदिर में चल रही नौ दिवसीय राम कथा के पांचवें दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। वृंदावन से आए कथा व्यास गौरव कृष्ण ने राम कथा की अमृत वर्षा की। कैकेयी-दशरथ संवाद, राम वन गमन, निषादराज से भेंट, केवट संवाद आदि प्रसंग का वर्णन किया।

कथा व्यास ने कहा कि कैकेयी राजा दशरथ से अनुरोध करती हैं कि तपस्वियों के वेश में विशेष उदासीन भाव से राम 14 वर्ष तक वन में निवास करें। राजा सहम गए। मेरी नौका में लक्ष्मण राम , गंगा मैया धीरे वहो..जैसे भजनों ने भक्तजनों का मन मोह लिया। कथा के मुख्य यजमान श्री राधा कृष्ण रहे। विशिष्ट यजमान के रूप में विवेक आनंद,ओमप्रकाश वर्मा, अभिषेक गंगवार, विनय बाला, योगेश भसीन, राजेंद्र दीक्षित सपरिवार रहे।

इस मौके पर दुर्गा प्रसाद गंगवार, सरोज बाजपेई, तारा लोधी, सूर्यकांत शंखधार, राकेश अग्रवाल, डॉ. एपी शर्मा, महेंद्र गंगवार, दिलीप विश्वास अरविन्द शुक्ल, जीवन ज्योति भसीन, रमेश लोधी, अरुण सक्सेना, सुलोचना, तोताराम, कुरेन्द्र पाल सिंह, अनूप कुमारी, अभिमन्यु गंगवार, सुशीला, ट्विंकल आहूजा, निर्मला धमेजा आदि मौजूद रहे। आयोजन समिति के सदस्य अभिमन्यु गंगवार ने श्रीराम कथा में सपरिवार आमंत्रित होने का आवाहन किया

## घुंघचिहाई चौराहे पर दो पक्षों मे मारपीट, पुलिस से धक्का -मुक्की

**पूरनपुर, अमृत विचार:** घुंघचिहाई चौराहे पर दो पक्षों में मारपीट हुई। बीच बचाव का प्रयास करने पर पुलिस कर्मियों से धक्का मुक्की की गई। तहरीर देने के बाद भी कार्रवाई न होने पर दर्जनों उलमा कोतवाली पहुंचे और कार्रवाई की मांग की।

रविवार रात नगर के घुंघचाई चौराहे पर दो पक्षों में मारपीट हुई। इसमें चंगेज खान नाम का युवक घायल हो गया। दो समुदाय के लोगों के बीच झगड़ा होने की जानकारी लगते ही क्राइम इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। बताते हैं कि पुलिस ने बीच बचाव कराना चाहा। इस पर एक युवक ने सिविल ड्रेस में बचाव कर रहे दरोगा से धक्का मुक्की कर दी। चौराहे पर अफरा तफरी मच गई। पिटाई से घायल चंगेज खान को पुलिस ने सीएचसी भिजवाया। जानकारी लगते ही युवक के परिजन पहुंच गए। चंगेज खान की मां केसरजहां पत्नी किफातुल्ला ने पुलिस को तहरीर दी। सोमवार दोपहर दर्जनों उलेमा कोतवाली आए और गंभीर आरोप लगाते हुए मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की। शाम तक मामले में रिपोर्ट दर्ज न किए जाने पर उलेमाओं ने सड़क पर उतरने की चेतावनी दी।

## सार संक्षेप

### शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

**बीसलपुर, अमृत विचार** : अटेवा ग्रुप की ओर से सोमवार को एनपीएस और यूपीएस के विरोध में शिक्षकों व कर्मचारियों ने काली पट्टियां बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। छत्रपति शिवाजी इंटर कॉलेज जोगीठेर के शिक्षकों और कर्मचारियों ने हाथ पर काली पट्टी बांधी और विद्यालय गेट पर प्रदर्शन किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य योगेश कुमार, शिक्षक सुनील कुमार, निशांत कुमार, अमरपाल, अनुराग, ममता जायसवाल, कंचन कश्यप, ममता देवी आदि ने भाग लिया। प्रधानाचार्य ने कहा कि जब तक शिक्षकों की मांगे पूरी नहीं होंगी, उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। एनपीएस और यूपीएस के मुद्दे पर सरकार को गंभीरता से विचार कर समस्या का निस्तारण करना चाहिए। इसके अलावा क्षेत्र के दर्जनभर अन्य शिक्षण संस्थानों में भी विरोध प्रदर्शन किया गया।

### संजय गांधी नर्सिंग कॉलेज ने गुरुद्वारे में लगाया कैंप

पूरनपुर। संजय गांधी अस्पताल व नर्सिंग कालेज की ओर से पीलभीत मार्ग के धन्ना भगत गुरुद्वारे में सोमवार को मेडिकल शिविर लगाया गया। इसमें ब्लड प्रेशर, शुगर की निशुल्क जांच की गई। इसके बाद मरीजों को दवा बांटी गई। शिविर में डा. टीएन दीक्षित और प्रिया ने जांच कर उचित परामर्श दिया। 159 मरीजों की जांच की गई। पैथ काइंड लैब ने भी जांच के लिए सैंपल लिए। इस दौरान कालेज के छात्र छात्राओं ने भी सहयोग किया। शिविर में मैनेजर गौपाल चौहान, ईशा पासवान, विशाखा, मानसी, विपिन वाजपेई, शीतल गंगवार, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

### पकड़िया नाथ मंदिर में श्री कृष्ण छठी महोत्सव आयोजित



पीलीभीत। शहर के मोहल्ला तखान स्थित पकड़िया नाथ महादेव मंदिर पर रविवार देर शाम श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के छठवें दिन सोमवार को छठी मनाई गई। इस पावन अवसर पर विभिन्न रीति-रिवाजों के साथ पूजन, भजन-कीर्तन एवं आरती की गई ।मंदिर पर भव्य रूप से सजावट की गई। भजन कीर्तन गाए गए। भजन कीर्तन के पश्चात भगवान श्रीकृष्ण को झूला झुलाया व भोग लगाया गया। इस मौके पर महिलाओं ने लड्डू गोपाल को स्नान कराके, काजल लगाकर उनका भव्य श्रृंगार किया। कढ़ी चावल, बेसन के लड्डू एवं फल का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर नमिता सक्सेना, रिंकी सक्सेना, मोनिका सक्सेना, सुधा सक्सेना, आरती बाल, ममता सक्सेना, गीता श्रीवास्तव, निशा सक्सेना, भावना, ओमवती सक्सेना, अनुष्का, स्नेहा, दीपा, स्वाति सक्सेना, आयुष सक्सेना, यश सक्सेना, काव्य सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय कथा शुरू



अमरिया। तहसील क्षेत्र के कैंचूटांडा में सात दिवसीय भागवत कथा की शुरुआत हुई। सोमवार को पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई। महिलाएं सिर पर कलश सजाकर चल रही थी। भजन भी गाए गए ।पूजन के बाद मंदिर से कलश यात्रा शुरु की गई। जोकि गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुंची । कई जगह कलश यात्रा का स्वागत किया गया। जलपान कराकर स्वागत किया गया। महिलाएं कैंचू टांडा से अमरिया पुल से वापस कैंचू टांडा स्थित दुर्गा मंदिर तक सिर पर कलश रखकर पहुंची थी। श्रद्धालु हरि कीर्तन करते हुए कलश यात्रा के पीछे-पीछे चल रहे थे। इस यात्रा में ग्रामीण महिला और पुरुष भी शामिल रहे। भव्य कलश यात्रा से पूरे गांव का माहौल भक्तिमय बना रहा। कथा सुनने के लिए भीड़ उमड़ी।

Bareilly International University
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}
Excelled in
CUET?
Join the Courses:
ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION https://admissions.biuerp.com/
Courses Available
Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing
Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist
Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm ( Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology
- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.
Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India
Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

### ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संगठन ने किया धरना-प्रदर्शन

**पीलीभीत, अमृत विचार** : ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संगठन के बैनर तले हुए धरना प्रदर्शन में विभिन्न कंपनियों में जमा की गई धनराशि को वापस दिलाने की मांग की गई। इस दौरान प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशिक्षु एसडीएम को सौंपा गया। कलेक्ट्रेट स्थित कृषि भवन परिसर में सोमवार को तमाम लोग एकत्र हुए। यहां उन्होंने ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संगठन के बैनर तले नारेबाजी कर धरना दिया। इस दौरान संगठन पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशिक्षु एसडीएम मनीष कुमार को सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में भुगतान की गारंटी के अधिकार कानून अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम 2019 के तहत प्रत्येक ठगी पीड़ित निवेशक की जमा राशि का दो से तीन गुना भुगतान कराने, निर्दोष एजेंटों को सुरक्षा देने, सम्मान रोजगार और पुनर्वास का अधिकार देने, भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 111 के तहत प्रत्येक ठग और बेईमान को मृत्युदंड देकर देश को ठग मुक्त एवं बेईमान रहित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की मांग की गई। धरना प्रदर्शन में अमर सिंह, हीरालाल वर्मा, कमल चंद्र हालदार समेत तमाम लोग शामिल रहे।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ , PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
BEST PRICE & BEST SERVICE

| | NEW FIRM OFFER | |
|---|---|---|
| 1- | PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 2- | (ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 3- | GST RETURN MONTHLY FEES. | 499/- |
| | OLD FIRM OFFER | |
| 4- | OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY. | 1499/- |
| 5- | ITR FILE ONLY. | 499/- |

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE

सही परामर्श सही इलाज



डा. कक्कड़
(बी.एच.एम.एस.)
09897052236

नासमझी या जानबूझ कर की गई गलतियों का पता तब लगता है जब आप अपने अन्दर कुछ कमी सी महसूस करते हैं मेरे नौजवान दोस्तों-यदि आप किसी कारणवश आप बुरी आदतों, स्त्री-पुरूष रोग, पेशाब में जलन, उत्साह, आनन्द, जोश की कमी, सिर में चक्कर आना, मर्दाना कमजोरी, शुक्राणु की कमी एव सन्तान न होने के कारण अपने जीवन की सच्ची खुशियों से वंचित है तो अच्छे इलाज के लिए यहाँ से चिकित्सा लें।

यदि आप
- मर्दाना कमजोरी
- शुक्राणु की कमी
- शीघ्रपतन

का अच्छा इलाज करवाना चाहते हैं तो यहाँ से चिकित्सा लें

- जगह-जगह इलाज करवाकर बिगड़े हुए मरीज, लखनऊ, दिल्ली जाने से पहले परामर्श लें।
- क्वालीफाईड अनुभवी चिकित्सक से मिलकर लाभ प्राप्त करें।

डा. आर.पी. कक्कड़
110-सी, मॉडल टाउन, निकट बड़ा गुरूद्वारा, (इन्द्रापार्क के पास) बरेली
09897052236
www.drpkakkarclinic.com
मिलने का समय
प्रातः 10 से 5 बजे तक



अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरूष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic

पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरूष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरूष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:-15 सितम्बर 2024, रविवार
29 सितम्बर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# संदिग्ध सफेद पाउडर मामले में चार गिरफ्तार

## जीएसटी टीम ने माल बिल्टी व बिल को बताया फर्जी, लैब से जांच रिपोर्ट आने के बाद साफ होगी तस्वीर



संदिग्ध पाउडर के साथ गिरफ्तार आरोपी। ● अमृत विचार

संवाददाता, पलिया कलां

- दिल्ली, सोनीपत (हरियाणा) और नेपाल के भी कुछ कारोबारी शामिल
- गिरफ्तार आरोपियों में एक बरेली के सीबीगंज क्षेत्र का रहने वाला भी

**अमृत विचार:** भारत-नेपाल सीमा पर बंसीनगर के पास शनिवार को पकड़े गए संदिग्ध पाउडर से भरी बोरियों के मामले में पुलिस ने सोमवार को खुलासा कर गिरफ्तार किए गए चार आरोपियों का चालान कर दिया। पुलिस का कहना है कि बरामद पदार्थ क्या है? इसका पता लैब से जांच रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस हर पहलुओं पर अभी जांच कर रही है।

सीओ यादवेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार को प्रभारी निरीक्षक पलिया मनबोध तिवारी ने चंदन चौकी की तरफ से आ रही डीसीएम को बंसीनगर के निकट रोककर तलाशी ली तो उसमें चीन निर्मित सोडा ऐस पाउडर के रैपर लगी बोरियां मिलीं। पुलिस ने चालक व मुख्य आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपियों की निशानदेही पर चंदनचौकी के गांव मसानखंभ के निकट एक गोदाम में छापा मारकर टीम ने पाउडर से भरी तीन बोरियां और बरामद कीं। चालक के पास जो बिल्टी व वेबिल बना मिला। वह भी इसी गोदाम मालिक का निकला। इस मामले में तीन आरोपी और उनके नेपाली साथी फरार हैं, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस ने 25 किलोग्राम की कुल 363 संदिग्ध पाउडर भरी बोरियां बरामद की हैं। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार आरोपी चंदनचौकी निवासी मुकेश बंसल, बुद्धापुरवा मजरा रामनगर निवासी विजय कुमार गुप्ता, चंदनचौकी निवासी प्रदीप बंसल और बरेली के थाना सीबीगंज के गांव परसाखेड़ा गोटिया निवासी किशुनपाल का चालान किया है। जीएसटी टीम ने बोरियों पर अंकित चिपकाए गए मेड इन चीन के सोडा एस पाउडर वाले रैपर को गलत ठहराया है। उन्होंने कहा कि कोई जरूरी नहीं कि बोरियों पर जो कुछ लिखा हो, वह सही ही हो, क्योंकि रैपर पर अंकित वजन ही गलत है। फिर चाइनीज भाषा में भी कुछ अंकित नहीं है। उसने माल वाहक वाहन के ड्राइवर से प्राप्त वेबिल व बिल्टी को भी फर्जी बताया है।

### यह कैसा खुलासा : कहां जा रहा था पाउडर, नहीं हो सकी तस्दीक

टीएन अवस्थी, लखीमपुर खीरी

- एसपी ने माना डीसीएम में बरामद सफेद पाउडर नहीं है कास्टिक सोडा
- पाउडर का क्या होता है प्रयोग कुछ पता नहीं, पुलिस ने लैब के पाले में फेंकी गेंद

**अमृत विचार:** पलिया में संदिग्ध पाउडर से भरे ट्रक को बरामद करने के मामले का सोमवार को पुलिस ने भले ही खुलासा कर दिया हो, लेकिन बरामद पाउडर कौन सा है। यहां तक उसे कहां से कहां ले जाया जा रहा था। इसकी भी जानकारी पुलिस को नहीं है, जबकि डीसीएम चालक भी पुलिस की हिरासत में था। ऐसे तमाम अहम सवाल हैं, जिनका पुलिस अभी तक जवाब नहीं तलाश सकी है। माना जा रहा है कि या तो पुलिस ने जल्दबाजी में आधा-अधूरा खुलासा कर दिया या फिर इसके पीछे कोई राज है।

प्रदेश के तराई में स्थित लखीमपुर खीरी जिले से लगी भारत-नेपाल की खुली सीमा है। सीमा पर तस्करी और देश विरोधी गतिविधियों को रोकने के लिए एसएसबी के साथ ही विभिन्न सुरक्षा एजेंसियां तैनात हैं। इसके अलावा सिविल पुलिस, कवच सेल और चेक पोस्ट भी बने हैं। पलिया क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा पर स्थित बंशीनगर में शनिवार को एक डीसीएम पुलिस ने पकड़ा था। जिसमें संदिग्ध पाउडर से भरी बड़ी संख्या में बोरियां बरामद हुई थीं। पुलिस की कई टीमें मामले की जांच में जुट गईं। विधि विज्ञान प्रयोगशाला के फोरेंसिक एक्सपर्ट समेत कई एजेंसियों ने भी मौके पर जांच की। पुलिस ने चार आरोपियों को तीन दिन हिरासत में रखा और उनसे पूछताछ कर कई जगहों पर छापेमारी की। खास बात यह है कि पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों का चालान कर वाहवाही तो लूट ली, लेकिन तीन दिन की जांच में पुलिस इस बात का भी पता नहीं लगा सकी कि संदिग्ध पाउडर कहां से डीसीएम में लादा गया था और उसे कहां ले जाना था, जबकि पुलिस को चालक के पास से संदिग्ध पाउडर के कागजात आदि भी मिले हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि पुलिस इस बात का खुलासा क्यों नहीं कर रही है कि माल कहां से लादा गया और तस्कर उसे कहां ले जा रहे थे। ऐसा नहीं है कि इस तथ्य की जानकारी पुलिस को नहीं है, लेकिन वह खुलकर अभी कुछ बताना नहीं चाहती है। हालांकि पुलिस सूत्र बताते हैं कि माल हरियाणा के सोनीपत को जा रहा था। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने माना कि पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की गई। उनके पास से बरामद कागज भी संदिग्ध हैं। संदिग्ध सफेद पाउडर को स्टोर करने और उसके कैरिज पर मोटी रकम खर्च की जा रही है। वह इस बात को स्वीकार करते हैं कि पकड़े गए संदिग्ध पाउडर को प्रदेश से कहीं बाहर भेजा जा रहा था।

#### बोरियों पर लिखा सोडा एस, लेकिन रंग पीला

एसपी गणेश प्रसाद साहा का कहना है कि डीसीएम में बरामद बोरियों पर सोडा एस का रैपर लगा है और उस पर मेड इन चाइना अंकित है। बोरियों पर मात्रा 50 किलोग्राम लिखी थी, लेकिन उनमें 25 किलोग्राम ही पाउडर था। उन्होंने बताया कि कास्टिक सोडा का रंग सफेद होता है, लेकिन बोरियों के अंदर संदिग्ध पाउडर हल्का पीले रंग का है। इसलिए साफ तौर पर इसे कास्टिक सोडा नहीं कहा जा सकता है। विशेषज्ञों ने भी आकर जांच की है। नमूने को जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने पर ही बरामद पाउडर किस चीज का है। इसका पता चल सकेगा।

#### मोबाइलों की खंगाली जा रही कॉल डिटेल

पुलिस ने संदिग्ध पाउडर के मामले में पकड़े गए आरोपियों के मोबाइल नंबरों को खंगाला तो उसमें कई ऐसे नंबर मिले हैं, जो नेपाल के हैं। पुलिस मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल भी निकलवा रही है।

"विशेषज्ञों को भी बुलाया गया था। उन्होंने बरामद संदिग्ध पाउडर को परखा, लेकिन वह भी कुछ स्पष्ट रूप से नहीं बता सके हैं। पाउडर को जांच के लिए लैब भेजा गया है। इसे कहां से कहां को ले जाया जा रहा था। इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं। यह माल कहां से लोड किया गया था आदि का पता लगाने को पुलिस जांच कर रही है। - **गणेश प्रसाद साहा,** एसपी

## विचाराधीन बंदी की दिल का दौरा पड़ने से मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** हत्या के प्रयास मामले में तीन साल से जेल में निरुद्ध एक बंदी के सीने में रविवार को तेज दर्द हुआ। जेल प्रशासन ने उसे आनन-फानन में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा, जहां उसकी देर रात मौत हो गई। करीब एक महीने पहले केजीएमयू लखनऊ में उसके हार्ट का ऑपरेशन हुआ था।

थाना फूलबेहड़ के गांव श्रीनगर निवासी राम सागर पुत्र भगवानदीन हत्या के प्रयास के मामले में वर्ष 2022 से जिला कारागार में निरुद्ध था। हार्ट की बीमारी होने के कारण उसका इलाज लखनऊ स्थित केजीएमयू से चल रहा था। जेलर हरबंस कुमार पांडेय ने बताया कि 29 जुलाई 24 को केजीएमयू लखनऊ के डॉक्टरों ने उसके हार्ट का ऑपरेशन किया था। हालत में बेहतर सुधार होने के बाद डॉक्टरों के डिस्चार्ज करने पर उसे अस्पताल ले वापस जिला कारागार लाया गया था। जेल अस्पताल में प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी देर रात में मौत हो गई।

## नंबरों को लेकर असमंजस में रहे यात्री, छूटी ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



रेलवे प्लेटफार्म पर ट्रेन की प्रतीक्षा करते यात्री। ● अमृत विचार

- जानकारी न होने पर 12 बजे स्टेशन पहुंचे यात्रियों को 01:03 पर मिली ट्रेन
- मोबाइल ऐप पर 05085 ट्रेन की लोकेशन न दिखने पर परेशान रहे यात्री

**अमृत विचार:** रेलवे ने मैलानी से डालीगंज जाने वाली दो पैसेंजर ट्रेनों के नंबर, समय एवं गंतव्य में बदलाव कर दिया है। ट्रेनों के नंबर को लेकर सोमवार को तमाम यात्रियों में असमंजस की स्थित बनी रही। दोपहर में डालीगंज जाने वाली 05085 की लोकेशन ऐप पर न दिखने से तमाम यात्री परेशान रहे। कुछ लोगों ट्रेन निरस्त होना मानकर यात्रा ही कैंसिल कर दी, तो वहीं कुछ लोग इसकी हकीकत जानने के लिए स्टेशन पहुंच गए। वहां पर ट्रेनों में बदलाव की जानकारी मिलने पर राहत की सांस ली।


मैलानी-पीलीभीत रेलखंड पर ट्रेन संचालन की शुरुआत कर रेलवे ने मैलानी से डालीगंज जाने वाली दो पैसेंजर ट्रेनों के समय में बदलाव कर दिया है। इसके अनुसार दोपहर 12:11 पर डालीगंज जाने वाली 05085 ट्रेन अब रात 21:03 पर लखीमपुर आकर 21:05 पर डालीगंज जाएगी। जबकि रात में 20:36 पर डालीगंज जाने वाली 05493 पैसेंजर ट्रेन दोपहर 13:08 पर आकर 13:10 पर डालीगंज रवाना होगी। ट्रेनों का नंबर बदल जाने से यात्रियों में सोमवार को असमंजस की स्थित बन गई। अधिकांश लोग मोबाइल ऐप पर ट्रेन की लोकेशन जानने के लिए परेशान रहे तो वहीं कई यात्री पहले की तरह दोपहर 12:09 वाली ट्रेन पकड़ने के लिए स्टेशन पहुंच गए। मगर, बदलाव के बाद समय 13:08 होने के कारण डालीगंज जाने के लिए एक घंटे प्लेटफार्म पर ट्रेन की प्रतीक्षा में बैठे रहे।

#### लोकेशन न मिलने पर निरस्त समझ ली ट्रेन

तमाम यात्री ऐसे भी थे, जिन्होंने ऐप पर 05085 की लोकेशन न दिखने पर उसे निरस्त समझकर गंतव्य तक जाने का इरादा ही कैंसिल कर दिया। बता दें कि ट्रेन निरस्त होने पर ऐप पर उसकी लोकेशन नहीं दिखती है। यही वजह रही कि सोमवार को इसकी स्थिति न दिखने पर यात्रियों ने निरस्त होना मान लिया। वहीं इसकी जानकारी करने के लिए जब कुछ लोग स्टेशन पहुंचे तो रेल कर्मियों ने उन्हें 05493 की लोकेशन देखना बताया गया। तब जाकर माजरा समझ आया।

#### ऐप अपडेट न होने से एक नौ घंटे लेट व दूसरी सात घंटे पहले आना दिखाई दी

रेलवे ने ट्रेनों का नंबर और समय बदल दिया। मगर, ऐप अपडेट न होने से मैलानी से डालीगंज जाने वाली ट्रेन 05085 का समय सुबह 10 :50 की जगह 19 :50 और इसी तरह 05493 का समय 18 :55 की जगह 11 :45 प्रदर्शित करता रहा। ऐसे में एक ट्रेन का नौ घंटे विलंब होना और एक का सात घंटे पहले आना यात्रियों को कंफ्यूजन करता रहा।



मोबाइल ऐप की स्क्रीनशॉट।

## पुरानी पेंशन बहाली को काली पट्टी बांधकर जताया आक्रोश



उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवपुर में काली पट्टी बांधकर शिक्षकों ने किया शिक्षण कार्य।

- प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** पुरानी पेंशन बहाली मंच अटेवा (ऑल टीचर्स एंड इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन) के आह्वान पर एनएमओपीएस (नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम) के बैनर तले शिक्षक एवं कर्मचारियों ने दो से छह सितंबर तक यूनीफाइड पेंशन स्कीम के विरोध में अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं।

इसके तहत सोमवार को बेसिक शिक्षक एवं कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया। जिला संयोजक विश्वनाथ मौर्या ने बताया कि एनपीएस- यूपीएस के प्रावधानों का अटेवा निरंतर विरोध करता आ रहा है और करता रहेगा। इसके विरोध में छह सितंबर तक कार्यस्थल पर काली पट्टी बांधकर कार्य करने का निर्णय लिया गया। इसके तहत सोमवार को सभी शिक्षक और कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया और एनपीएस व यूपीएस का विरोध कर पुरानी पेंशन बहाली की मांग की। जिला संरक्षक संदीप वर्मा ने कहा कि पुरानी पेंशन हर शिक्षक व कर्मचारी का स्वाभिमान है, जिसके सहारे कर्मचारी रिटायरमेंट बाद अपना जीवन यापन सम्मान के साथ करता है। इसके लिए छह सितंबर तक काली पट्टी बांधकर विरोध जारी रहेगा।

## जिला अस्पताल में मंकी पॉक्स को वार्ड रिजर्व

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** मंकी पॉक्स के खतरे को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। शासन के निर्देश पर जिला अस्पताल में आठ बेड का वार्ड तैयार कर दवाओं की उपलब्धता भी कर ली है।

जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. आरके कोली ने बताया कि कुछ राज्यों में मंकी पॉक्स के मरीज मिलने के बाद अलर्ट जारी हुआ है। इसके खतरे को भांपते हुए आठ बेड का एक वार्ड तैयार कर लिया है। इसके लिए दवाएं भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। सीएमएस ने बताया कि मंकी पॉक्स रोग चिकन पाक्स की तरह होता है। इसमें शरीर पर छाले उभरने के साथ तेज बुखार आता है। यह रोग मुख्यतः बंदरों से फैलता है। वहीं सीएमओ डॉ.संतोष गुप्ता ने बताया कि अभी तक जिले में मंकी पॉक्स का एक भी मरीज नहीं मिला है। मगर, शासन से निर्देश मिलने पर जिला अस्पताल में एक अलग वार्ड बनाया गया है। जिसमें आठ बेड के साथ पर्याप्त दवाएं मौजूद हैं। सभी सीएचसी अधीक्षक खासकर नेपाल सीमा पर स्थित सीएचसी पीएचसी के चिकित्सकों को अलर्ट रहने कर संदिग्ध मरीज को जिला अस्पताल भेजने के निर्देश दिए हैं।

## शारदा नदी में समाई फसलों सहित 160 एकड़ जमीन

संवाददाता, धौरहरा



खेतों का कटान करती शारदा नदी।

"नदी अभी जमीनों का कटान कर रही है। कटान बंद होने पर पूरा सर्वे होगा तभी इन किसानों को सरकारी सहायता मिलेगी। **-राजेश कुमार,** एसडीएम धौरहरा।

**अमृत विचार:** धौरहरा तहसील क्षेत्र के टहारा और आंशिक सोहरिया ग्राम पंचायत में शारदा नदी किसानों की फसलों सहित जमीनें निगल रही है। बीते एक सप्ताह में 120 किसानों की करीब 160 एकड़ फसलों सहित जमीन नदी में समा चुकी है।

धौरहरा तहसील क्षेत्र की टहारा और आंशिक सोहरिया ग्राम पंचायत के भूलनपुर नकहिया लौखनियां जटपुरवा सोहरिया टहारा के करीब 120 किसानों की लहलहाती गन्ना और धान की फसलों सहित जमीन शारदा नदी में समा चुकी है। नदी निरंतर कटान कर रही है। पर प्रसाशन ने अब तक इस गांव की सुध नहीं ली। कटान पीड़ित किसान प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगा रहे हैं। घाघरा नदी ने जहां माथुरपुर, गुलरिया तालुके अमेठी, बोकरिहा, नरेंद्र बेली और ईसानगर क्षेत्र के डुडकी में कटान कर रही है। वहीं शारदा नदी ने बीते एक सप्ताह में टहारा और आंशिक सोहरिया ग्राम पंचायत के किसान लौखनियां जटपुरवा गांव निवासी संजय वर्मा, विनोद वर्मा, अखिलेश वर्मा , जोखे लाल, नरायन, छत्रपाल, श्री राम, रामचन्द्र, पूरन, प्रमोद, बुद्धा, अवध राम, बाबू, राजू, अय्यूब, धर्मराज, नीरज, गजराज, बनवारीलाल सहित करीब 120 किसानों की धान गन्ना लगी फसलों सहित 160 एकड़ जमीन नदी में समा चुकी है। इन कटान पीड़ित का आरोप है कि कब कोई अधिकारी इनकी सुध लेने नहीं आया।

## एक नजर

### बिच्छू के डंक मारने से युवक की हालत बिगड़ी

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** हैदराबाद थाना के गांव मुल्लापुर निवासी हरिनाम (44) पुत्र बुद्धालाल को धान के खेत पर काम करते समय बिच्छू ने डंक मार दिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी लाये, जहां उसे उपचार के बाद हालत में सुधार होने पर छुट्टी दे दी गयी।

### सड़क दुर्घटना में वृद्ध घायल, रेफर

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नीमगांव कोतवाली के ग्राम अहिरी निवासी देवीदीन (60) पुत्र कंधई सड़क दुर्घटना में घायल हो गए, जिन्हें सीएचसी भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### बिना डॉक्टर चल रहा अस्पताल सील

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कस्बा महेवागंज में भीरा मार्ग पर चल रहे एक अवैध अस्पताल को सीएचसी अधीक्षक फूलबेहड़ ने सील कर दिया है। अधीक्षक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि जेके हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान संचालक पंजीकृत संबंधी प्रप्त्र नहीं दिखा सके। इसके अलावा अस्पताल में मौके पर अधिकृत डॉक्टर न होने पर हॉस्पिटल को सील कर दिया गया है।

### कल होगी पेंशनरों की बैठक

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था के मंत्री नरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि संस्था की मासिक बैठक चार सितंबर को नसिरुद्दीन मौजी मैदान परिसर में 11 बजे होगी। 11 सितंबर को होने वाले प्रांतीय अधिवेशन, पेंशनरों की समस्याओं पर चर्चा, सितंबर माह में जन्मे पेंशनरों का सम्मान के साथ गत कार्यवाही की पुष्टि पर विचार विमर्श होगा। संस्था के समस्त सदस्यों को समय से बैठक में उपस्थित होने का आह्वान किया है।

# आधे जिले में बाघ की दहशत, लखनऊ तक गूंजा मामला

## मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान, डीएम ने जारी की एडवाइजरी, कॉम्बिंग में तालमेल बढ़ाने, गश्त की डिटेल रजिस्टर में अंकित करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- बाघ के हमले में चार मौतों से पूरे जिले के लोग हैं खौफजदा
- वन राज्यमंत्री डॉ. अरुण कुमार भी कर चुके हैं विभागीय बैठक

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में हाल के दिनों में घटित मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में उन्होंने विभागीय मंत्री और संबंधित विभाग के अधिकारियों को मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को रोकने, उनकी मॉनीटरिंग करने एवं घटनाओं के बढ़ने के कारणों पर मंथन करने के निर्देश दिए ताकि इन पर अंकुश लगाया जा सके। सीएम योगी के निर्देश के बाद मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को लेकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल सक्रिय हो गईं और आनन-फानन में टीम बनाकर कॉम्बिंग एवं गांव-गांव में जाकर जन जागरूकता फैलाने के निर्देश दिये।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने पुलिस, वन विभाग, स्थानीय पंचायत और राजस्व विभाग को जरूरी दिशा निर्देश जारी किये हैं। कहा कि रेंज स्तर पर वन क्षेत्रों में गश्त के साथ जंगल से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में गश्त के लिए कार्ययोजना के अनुसार वनकर्मियों की टीम रोजाना गश्त करें, इसकी सूचना रजिस्टर पर अंकित करें। आरक्षित वन क्षेत्रों से लगे ग्रामों में मानव वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए बैठकों का आयोजन किया जाए एवं वन्य जीवों से सावधानी बरतने के लिए ग्रामीणों को सजग किया जाए। ग्रामीणों को यह समझाया जाए कि वह अपने खेतों में कृषि कार्य के लिए समूहों में आवाज करते हुए जाएं, जिससे वन्यजीव रास्ते से हट जाएं। संवेदनशील क्षेत्रों में मानव-वन्यजीव के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। सार्वजनिक स्थलों पर (मंदिर, गुरुद्वारा, मस्जिद, स्कूल, स्थानीय बाजार, गन्ना क्रय केन्द्र, विकास खंड कार्यालय, तहसील) वन्यजीवों से सावधानी रखने से संबंधित होर्डिंग्स लगवाए जाएं। वन्यजीव प्रभावित क्षेत्रों में रास्ते के किनारे एवं सार्वजनिक स्थलों पर प्रचार-प्रसार के लिए पोस्टर चिपकाए जाएं। साथ ही ग्रामीणों में सतर्कता के लिए पम्पलेट्स बंटवाए जाएं।



इमलिया में लगाए गए कैमरे में कैद हुई बाघ की तस्वीर। ● अमृत विचार

### 44 कैमरे, सात पिंजड़े लगाकर एक बाघ ट्रैस नहीं कर सका वन विभाग, वन मंत्री भी दौरा कर चुके

**लखीमपुर खीरी,अमृत विचार :** वन्य जीव के हमलों से अगस्त महीने में किशोरी समेत चार की मौत हो चुकी है, लेकिन आज तक बाघ और तेंदुआ की सही लोकेशन तक वन महकमा ट्रैस नहीं कर सका है। दावा है कि 44 कैमरे, सात पिंजड़े लगाए, दिन रात मॉनीटरिंग कर रहे पर हकीकत यह है कि अभी तक बाघ की सिर्फ एक तस्वीर कैमरे में कैद हो सकी है। यह तब है, जब वन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना खुद मौके पर आ चुके हैं। बाघ के हमलों से बचाव के लिए वन विभाग ने खंभारखेड़ा, ममरी और बांकेगंज क्षेत्र में 44 कैमरे लगाए, लेकिन सिर्फ एक कैमरे में ही बाघ की तस्वीर कैद हुई। सात पिंजड़े भी लगाए और उनमें बकरियां भी बांधीं, लेकिन बाघ ने इस ओर रुख तक नहीं किया। 27 अगस्त की शाम थाना हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम इमलिया निवासी 45 वर्षीय अम्बरीश कुमार की बाघ हमले में मौत का मामला गर्मा गया। इस पर 29 अगस्त को वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना खुद यहां पहुंचे और वन्य जीव एवं मानव संघर्ष से बचाव कार्यों की समीक्षा की। करीब दो घंटे तक जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। वन मंत्री ने हर हाल में मानव-वन्य जीव संघर्ष पर रोक लगाने को कहा। उन्होंने मॉनीटरिंग और स्टाफ बढ़ाने के भी निर्देश दिए थे। सोमवार को जब मुख्यमंत्री ने लखनऊ में उच्चस्तरीय बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश दिए तो डीएम ने भी एडवाइजरी जारी कर दी है।

## पेट्रोलिंग कर ग्रामीणों को जागरूक कर रही वन विभाग की टीम

**बिलहरी खीरी, अमृत विचार :** महेशपुर वन रेंज क्षेत्र मे इंसानों पर बाघ के हमले की दहशत के बीच वन अधिकारी और कर्मचारी पेट्रोलिंग कर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। हालांकि बाघ हमले से मौत के सात दिन बीतने के बाद बाघ पकड़ में नहीं आया है। वन दरोगा रोहित श्रीवास्तव ने बताया कि बाघ को पकड़ने के लिए एक्सपर्ट टीम की मदद ली जा रही है। चार पिजरे लगाए गए हैं दो ड्रोन कैमरो के साथ ही वन कर्मियों और बाघ मित्रों की मदद ली जा रहा है। वहीं डिप्टी रेजर राम नरेश वर्मा ने बताया कि सरायन नदी के उत्तर लगे पिजडे. के टहलते हुए बाघ की फोटो तस्वीर हुई है।



महेशपुर वन रेंज क्षेत्र में जंगल से सटे इलाके में कांबिंग करते वन कर्मी। ● अमृत विचार

### ग्राम प्रधानों से मोबाइल से संपर्क रखने के निर्देश

डीएम ने कहा है कि संयोगवश यदि किसी क्षेत्र में मानव वन्य जीव संघर्ष की कोई घटना घटित होती है तो तत्काल स्थानीय स्टाफ एवं रेंज स्टाफ ग्राम प्रधानों से संपर्क करे। साथ ही रेस्क्यू करने के साथ उच्चाधिकारियों को सूचित किया जाए। वन्यजीव प्रभावित क्षेत्रों में गश्त के दौरान रेंज स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का प्रयोग किया जाए। स्थानीय स्वयं सहायता समूह, बुद्धिजीवी संवर्ग, ग्राम प्रधान एवं वन्यजीव पशुओं के प्रति संवेदनशील व्यक्तियों से सहयोग लिया जाए। जंगल सीमा से लगे गांवों के ग्राम प्रधानों से स्थानीय वन कर्मियों द्वारा आपस में मोबाइल द्वारा संपर्क रखा जाए।

### 30 दिनों में इन लोगों की गई जान

**01 अगस्त–** शारदानगर रेंज के खंभारखेड़ा में तेंदुए के हमले से 14 वर्षीय आनंद उर्फ गुड्डू की मौत।

**06 अगस्त –** थाना खीरी क्षेत्र के गांव डिहुपुरवा में कृष्णकांत की तेंदुए के हमले से मौत।

**23 अगस्त –** गोला रेंज के बलारपुर गांव में बाघ हमले में 13 वर्षीय जानकी की मौत।

**27 अगस्त–** मोहम्मदी रेंज के इमलिया गांव निवासी 45 वर्षीय अमरीश की बाघ हमले में मौत।

### डीएम ने जारी किए दिशा-निर्देश

- रेंज स्तर पर वन क्षेत्रों में गश्त बढ़ाई जाए। वनकर्मियों की टीम की सूचना रजिस्टर पर अंकित करें
- ज्वाइंट पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए
- जहां लाइट की समस्या हो, वहां पेट्रोमैक्स की व्यवस्था करें
- खेतों में लोगों को समूहों में ही जाने दिया जाए
- प्रशासन, पुलिस, वन विभाग, स्थानीय पंचायत, राजस्व विभाग व्यापक जन जागरूकता लाएं
- संवेदनशील क्षेत्रों में मानव-वन्यजीव के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

बाघों और तेंदुए की लोकेशन जानने के लिए 44 कैमरे लगाए गए। साथ ही इन्हें कैद करने के लिए सात पिंजड़े लगाए गए। टीमें बनाकर 24 घंटे गश्त कराई जा रही है। ग्रामीणों से सतर्कता बरतने के लिए कहा जा रहा है। **–संजय विश्वाल,** डीएफओ दक्षिण खीरी वन प्रभाग

मानव-वन्य जीव संघर्ष के लेकर अलर्ट घोषित किया जा चुका है। कहीं भी ऐसी घटना होने पर तत्काल स्थानीय स्टाफ एवं रेंज स्टाफ द्वारा रेस्क्यू करने के साथ उच्चाधिकारियों को सूचित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। रोकथाम के लिए प्रशासन के अलावा पुलिस को भी लगाया गया है।
**– दुर्गा शक्ति नागपाल,** डीएम

## घर में घुसे चोर उड़ा ले गए डेढ़ लाख की नगदी व जेवर

**लखीमपुर खीरी,अमृत विचार:** थाना खीरी क्षेत्र के गांव जाम मुबारकपुर के एक घर में घुसे चोर अलमारियों का ताला तोड़कर डेढ़ लाख रुपये की नगदी और करीब 60 हजार रुपये से जेवर चोरी कर ले गए, जबकि पास में रह रहे मकान मालिक के चचेरे भाई के घर चोरी का प्रयास किया। घटना के बाद गांव में चोरों की दहशत व्याप्त हो गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- थाना खीरी के गांव जाम मुबारकपुर में हुई वारदात

गांव जाम मुबारकपुर निवासी सर्वेश अवस्थी ने बताया कि शनिवार शुक्रवार की रात चोर उनके घर घुस आए। चोरों ने घर में रखी अलमारी और बक्सों का ताला तोड़ दिया और डेढ़ लाख रुपये की नगदी व करीब 60 हजार के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। चोरों ने पड़ोस में स्थित उनके चचेरे भाई सुनील अवस्थी के घर भी चोरी करने की कोशिश की, लेकिन परिवार वालों के जाग जाने पर चोर उल्टे पांव भाग निकले।

घटना की जानकारी होने पर उन्होंने चोरी की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची यूपी 112 पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। घटनास्थल की वीडियो क्लिपिंग बनाई। पुलिस ने घर के बाहर प्लास व पिमाल बरामद किया है, जिसे पुलिस ने कब्जे में लिया है। पीड़ित सर्वेश अवस्थी ने चोरी होने की तहरीर पुलिस को दी, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप

### अजबापुर मिल के गन्ना महाप्रबंधक ने दिया इस्तीफा



**चपरतला, अमृत विचार :** डीसीएम समूह की प्रमुख चीनी मिल अजबापुर के महाप्रबंधक गन्ना विवेक तिवारी ने 39 माह तक इस पद पर कार्य करने के बाद इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा देने के बाद गन्ना विभाग ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। विवेक तिवारी ने कहा की हम सबने मिलजुल कर टीम अच्छे से कार्य किया। इससे पूर्व चीनी मिल के गन्ना विभाग ने उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया। वह अब तक डीसीएम समूह की चारों मिलों के अलावा मवाना, रामकोला, खतोली व हैदरगढ़ चीनी मिल में भी कार्य कर चुके हैं। वह अब बस्ती के बजाज हिंदुस्तान शुगर मिल रुदौली के इकाई प्रमुख का पदभार ग्रहण करेंगे। इस मौके पर एए सिद्दीकी, रमेश चौधरी, अनिल सिंह चौहान, सूर्य प्रकाश मिश्र आदि रहे।

### सतीश अग्रवाल अध्यक्ष, संदीप बंसल महामंत्री बने

**पलियाकलां, अमृत विचार :** महाराजा अग्रसेन युवक समिति पलिया के पदाधिकारियों का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। इस मौके पर सतीश अग्रवाल को अध्यक्ष और संदीप बंसल डब्बू को महामंत्री चुना गया। अग्रवाल धर्मशाला में अग्रवंशी वरिष्ठजनों की मौजूदगी में महाराजा अग्रसेन युवक समिति के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन हुआ, जिसमें अध्यक्ष सतीश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री संदीप बंसल, कोषाध्यक्ष नवीन जैन, व्यवस्थापक अशोक जैन बनाए गए। चुनाव अधिकारी राम रूप मित्तल, चांद कुमार जैन, गंगा लहरी अग्रवाल, कैलाश चंद्र गर्ग, विनय गर्ग के अलावा जय भगवान गर्ग, गोपाल गोयल, श्रीकृष्ण सिंघल व कृष्ण मुरारी बंसल, प्रेम प्रकाश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### पूजा-पाठ कर की गन्ना बुआई की शुरुआत



**खंभारखेडा, अमृत विचार :** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल खंभारखेड़ा के जोन रामापुर प्रथम के गांव पनगी खुर्द के किसान राधेश्याम ने मानसून गन्ना बुआई की शुरूआत पूजा-पाठ के साथ की। किसान ने अगेती गन्ना प्रजाति को .लख . 16202 एवं को .शा . 17231 की बुवाई ट्रेंच (दूरी 4 फिट) विधि एवं ट्राईकोडर्मा से भूमि शोधन व थायोफिनिट मिथाइल से बीज शोधन के साथ की। गन्ना बुवाई के दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सुरेश कुमार चौधरी, चीनी मिल के महाप्रबन्धक (गन्ना) पुष्पेन्द्र ढाका एवं उप महाप्रबन्धक (गन्ना) वीरेन्द्र सिंह समेत चीनी मिल के क्षेत्रीय अधिकारियों, कर्मचारियों सहित सैकड़ों कृषक उपस्थित रहे। चीनी मिल के उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता का संदेश कृषकों साझा किया गया।

### फाइलेरिया से बचाव के लिए छात्र-छात्राओं ने खाई दवा



**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** फाइलेरिया मुक्त भारत के तहत सोमवार को युवराज दत महाविद्यालय में एक जागरूकता गोष्ठी हुई। इसमें छात्र छात्राओं को इस रोग के बारे में जानकारी देकर बचाव के लिए दवा का सेवन कराया गया। जिला मलेरिया अधिकारी हरिशंकर ने बताया कि युवा कार्यक्रम विभाग एनएसएस के सहयोग से आयोजित गोष्ठी में 300 से अधिक छात्र-छात्राओं को एक साथ फाइलेरिया की दवा का नि:शुल्क सेवन करवाया गया। प्राचार्य प्रोफेसर हेमंत पाल, एनएसएस प्रभारी प्रोफेसर सुभाष चंद्रा, प्रोफेसर संजय कुमार, प्रोफेसर विशाल द्विवेदी, डॉ. ईस्ट विभु, डॉ. ओपी सिंह, डॉ. बृजेश शुक्ला, मोहम्मद नजीफ, विनय तोस गौतम, दीपक बाजपेई, धर्म नारायण, मोहम्मद आमिर, मानवेंद्र यादव, रचित कुमार सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### डॉक्टर मरीजों को लिखते हैं बाहर की दवाएं, पर्ची का फोटो हो रहा वायरल

**खमरिया, अमृत विचार :** सरकारी अस्पताल के चिकित्सक मरीजों को कमीशन के लालच में बाजार की दवाएं लिखने से बाज नहीं आ रहे हैं। सोमवार को सीएचसी खमरिया अधीक्षक ने मरीज को लिखी गई दवाओं की दो पर्चियां वायरल हो गई हैं। डॉक्टर मरीजों को अस्पताल की निशुल्क दवाइयां उपलब्ध न कराकर बाजार से खरीदने के लिए महंगी दवाइयां खरीदने के लिए पर्चियां लिख रहे हैं। इससे सस्ते और बेहतर इलाज के लिए सीएचसी आने वाले मरीजों की मंशा पर पानी फिर रहा है। यही नहीं सीएचसी अधीक्षक द्वारा लिखी जा रही बाजार की दवाओं के लिए पर्ची क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी है। इस संबंध में सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## एसटीएफ ने निघासन में मारा छापा, चरस के साथ दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** एसटीएफ लखनऊ व थाना निघासन पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ढखेरवा रोड पर दो लोगों को 510 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए दोनों आरोपी कोतवाली तिकुनियां क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों का चालान भेजा है।

कार्यवाहक प्रभारी एसआई आदित्य कुमार यादव ने बताया कि सोमवार को एसटीएफ यूनिट लखनऊ की एक टीम निरीक्षक विवेक कुमार यादव के नेतृत्व में निघासन पहुंची। टीम ने निघासन पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए ढखेरवा रोड पर स्थित एक पेटोल पंप के निकट घेराबंदी कर कोतवाली तिकुनियां के गांव सुथना बरसोला निवासी नागेंद्र कुमार और रननगर निवासी निर्मल सिंह को रोककर तलाशी ली तो झोले में काली पॉलिथीन में रखी 510 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपियों के कब्जे से दो कीमती मोबाइल भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों का चालान भेजा है।



चरस के साथ पकड़े गए दोनों आरोपी।

## गंगापुर फीडर बना, भरपूर मिलेगी बिजली

संवाददाता, संसारपुर

**अमृत विचार:** विद्युत उपकेंद्र बांकेगंज से सम्बद्ध कस्बा संसारपुर को दी जा रही बिजली सप्लाई अधिक लोड होने की वजह से एक और नया गंगापुर का फीडर बना दिया गया है। अधिकारियों को उम्मीद है इससे उपभोक्ताओं को काफी राहत मिलेगी।

संसारपुर फीडर ओवर लोड होकर ट्रिपिंग और ब्रेक डाउन हो जाता था। उपभोक्ताओं की समस्या को देखते हुए संसारपुर फीडर का लोड कम कर नया गंगापुर फीडर बना दिया गया। अधिशासी अभियंता गोला पंकज कुमार गुप्ता ने बताया की क्षेत्र के ग्राम संसारपुर फीडर में 6425 उपभोक्ता होने के कारण इस फीडर पर लोड बहुत अधिक था। जिस कारण ढाई सौ एंपियर लोड होने के वजह से आए दिन इस फीडर में लाइन फाल्ट होती थी। उच्चाधिकारियों की सहमति नया गंगापुर फीडर बनाया गया है। अब संसारपुर फीडर के 2600 उपभोक्ता गंगापुर फीडर से जोड़ दिए गए हैं। गंगापुर फीडर का भार 114 एंपियर है और संसारपुर फीडर का भार 146 एंपियर रह गया है। अब संसारपुर फीडर पर 3825 उपभोक्ता रह गए हैं। दो फीडर होने से उपभोक्ताओं की संख्या कम हो गई है, संसारपुर फीडर पर अधिभार कम हो गया है। उपभोक्ताओं को इससे बड़ी राहत प्राप्त होगी। गंगापुर फीडर में अहमदनगर, नानकपुर को अब सप्लाई अच्छी मिलने की संभावना जताई है।



संसारपुर फीडर की जांच करते एक्सईएन पंकज गुप्ता। ● अमृत विचार

- अधिशासी अभियंता ने कहा संसारपुर का लोड भी कम हुआ

## गांधी स्मारक विद्यालय के प्रतीक चिन्ह का अनावरण

गोला गोकर्णनाथ,संवाददाता

**अमृत विचार:** नगर की मोहम्मदी रोड स्थित गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्थापना के 75 वें वर्ष में विद्यालय के प्रतीक चिन्ह का अनावरण प्रधानाचार्य सौरभ दीक्षित ने किया।

गांधी विद्यालय की स्थापना 1949 में हुई थी। स्थापना के 75 वें वर्ष गोला टूरिज्म संगठन के द्वारा बनाये गए प्रतीक चिन्ह का सोमवार को अनावरण किया गया। विभाग गोला टूरिज्म के निदेशक मिलिन्द शुक्ल ने बताया कि इस प्रतीक चिन्ह में मशाल पकड़े हुए हाथ, चरखा, गेंहू की बाली व पुस्तक का प्रतीकों के रूप में प्रयोग हुआ है। मशाल पकड़े हुए हाथ लक्ष्य की ओर अग्रसर होने का प्रतीक, शिक्षा जीवन को प्रकाशित करती है एवं निष्ठा का प्रतीक, पुस्तक ज्ञान का प्रतीक, चरखा महात्मा गांधी, स्वालंबन, स्वदेशी एवं उन्नति का प्रतीक, गेंहू की बाली क्षेत्र की नगद फसल का एवं कृषकों का प्रतीक, श्रद्धावान लभते ज्ञानम् यह ध्येय वाक्य छात्र निष्ठा को प्रदर्शित करते हुए है। गोला टूरिज्म के निदेशक प्रेम गुप्ता मौजूद रहे।



प्रतीक चिन्ह का अनावरण करते प्रधानाचार्य।

### बाइक सवार बदमाशों ने युवक से 5000 रुपये लूटे

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** मैलानी थाना क्षेत्र में बांकेगंज रोड पर नकाबपोश बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक की पिटाई कर 5000 की नगदी और मोबाइल लूट लिया। लूट की घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गई। मैलानी थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी बांकेगंज के ग्रंट नंबर 10 के गांव बेचापुर निवासी पारस रविवार की रात आठ बजे बांकेगंज से 5000 रुपए लेकर बाइक से घर जा रहा था। जब वह बांकेगंज गोला रोड पर पहुंचा, तो पारस का कहना है कि नकाबपोश अपाचे बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उसे ओवरटेक कर रोक लिया और उसके पास मौजूद 5000 रुपए और लगभग 15000 कीमत का एंड्राइड मोबाइल सेट लूट लिया। जब उसने विरोध किया तो उसे मारा पीटा जिससे उसे चोटें आई हैं। घटना की सूचना चौकी पुलिस को दी गई है। सरेराह हुई लूट की वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**केशवापुर, अमृत विचार:** पीलीभीत बस्ती नेशनल हाइवे पर लखीमपुर गोला के मध्य केशवापुर की नायरा पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



मृतक आशीष कुमार

नगर के मोहल्ला मथुरानगर निवासी आशीष कुमार उर्फ राहुल (27) नानपारा बहराइच में प्राइवेट फाइनेंस कंपनी में कार्यरत था। जो महीने में एक बार घर आता था। सोमवार सुबह बाइक से बहराइच जा रहा था। बताया जाता है कि नायरा पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन रौंदता हुआ निकल गया, जिससे आशीष की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मृतक राहुल के बहनोई मनोज वर्मा निवासी जिगनहां भी मौके पर आ गये, जिन्होंने परिजनों को सूचना दी। हैदराबाद थाना की ढकवा चौकी पुलिस ने गोला पुलिस का सहयोग कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भिजवाया। युवक की दर्दनाक मौत से परिजनों का रो रोकर हाल बेहाल है।

### रेलवे ट्रैक के किनारे मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**संवाददाता, चपरतला: अमृत विचार:** मैगलगंज थाना क्षेत्र के चपरतला में सीतापुर-शाहजहांपुर रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत के कयास लगाए जा रहे हैं। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव जिला अस्पताल की मोरचरी में रखवा दिया है। मृतक के दाहिने हाथ पर अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में मुस्कान एके लिखा हुआ है।

### 15 दिन पहले चोरी हुई बाइक का नहीं लगा सुराग, महासंघ में रोष

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम छत्तीपुर में 15 दिन पूर्व घर से चोरी हुई बाइक का कुछ पता नहीं चला है। मनरेगा महासंघ ने बाइक न बरामद होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ के संरक्षक हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम छत्तीपुर निवासी भाईलाल शर्मा के घर से 18/19 अगस्त की रात हीरो स्पलेंडर प्लस बाइक चोरी हो गई थी। पुलिस को तहरीर दी गई थी पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। 15 दिन बीतने के बाद भी बाइक का पता नहीं चला है। बाइक बरामद न होने पर मनरेगा महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा, रामजी शर्मा, बालकृष्ण शर्मा आदि ने पुलिस के प्रति रोष व्यक्त किया है।

## भाजपा के साथ लोगों को जोड़ने पर जोर



गोला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते विधायक अमन गिरि।



बैठक में मौजूद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान के लिए कार्यकर्ताओं की बैठक गांव लाल्हापुर में हुई। बैठक में ज्यादातर लोगों को पार्टी से जोड़ने पर जोर दिया गया।

विधायक अमन गिरि ने संगठन विस्तार पर चर्चा करते हुये कहा कि भारतीय जनता पार्टी का सिद्धान्तवादी शीर्ष नेतृत्व सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना को लेकर कार्य कर रहा है। भारतीय जनता पार्टी सिर्फ एक राजनीतिक पार्टी ही नहीं बल्कि करोड़ों देशवासियों की एक विचारधारा है। विधायक ने सभी से अनुरोध किया कि आप सभी भारतीय जनता पार्टी की सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की नीति में अपना भरोसा जताते हुई भारतीय जनता पार्टी के परिवार में सम्मिलित होकर संगठन विस्तार के इस अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दें। बैठक में लाल्हापुर प्रधान जनार्दन गिरि, मैलानी मंडल अध्यक्ष संजीव वर्मा, शोभित सिंह, बृजकिशोर दीक्षित, राजाराम गौतम, भगवान गिरि, बीडीसी रफी मोहम्मद, प्यारेलाल राठौर, सरला सिंह, चित्रा राठौर आदि रहे।

### बालिका को पानी में खींच ले गया मगरमच्छ

**धौरहरा,अमृत विचार :** ईसानगर थाना क्षेत्र के पचासा मजरा ओझा पुरवा गांव के सोतिया नाले से निकला मगरमच्छ झोपड़ी में बैठी एक 12 वर्षीय बच्ची को खींच ले गया। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के कर्मचारियों ने बच्ची की तलाश शुरू की है। वन विभाग की टीम ने तीन किलोमीटर दूर बहराइच सीमा से शव बरामद कर लिया। वन रेंज धौरहरा थाना ईसानगर क्षेत्र के पचासा मजरा ओझापुरवा गांव निवासी शेखर की 12 वर्षीय पुत्री रूपा देवी घर के बाहर बैठी थी। तभी सोतिया नाले से निकला मगरमच्छ बच्ची पर हमला कर उसे नाले में खींच ले गया। यह देख घर में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने तीन किलोमीटर दूर मोतीपुर बहराइच से शव बरामद कर लिया। क्षेत्रीय वनाधिकारी नृपेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि मृतक के परिवार को पांच लाख की सहायता दी जाएगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

हम अपने पुत्र शनि कुमार को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों को हमसे व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **धर्मवीर पुत्र श्री शिशुपाल गुप्ता व सीता देवी पत्नी श्री धर्मवीर गुप्ता निवासीगण ग्राम रिजोला थाना उसहैत तह. दातागंज, जिला बदायूं**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट अनुक्रमांक 1059658 एवं इण्टरमीडिएट की मार्कशीट अनुक्रमांक 0767992 वास्तव में कहीं खो गई है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। **स्वाती सागर पुत्री श्री सूरज पाल निवासी ग्राम जिगनिया सादिक अली तहसील फरीदपुर जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# तीन हजार पन्नों में सौंपे सितारगंज हाईवे व रिंग रोड की भूमि अधिग्रहण के दस्तावेज

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली-सितारगंज नेशनल हाईवे पर फोरलेन और रिंग रोड बनाने के लिए अधिग्रहीत की गई जमीन से जुड़े दस्तावेज सोमवार को जांच कमेटी को सौंप दिए गए। करीब तीन हजार पन्नों से ज्यादा मूल अभिलेखों की छायाप्रति दी गई है। अधिग्रहण से जुड़े रिकॉर्ड मिलने के बाद कमेटी जांच तेज करेगी और जांच में कई और खुलासे हो सकते हैं।

बरेली से सितारगंज तक 71 किलोमीटर में फोरलेन बनाने के लिए भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई चल रही है। पिछले दिनों भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई में घोटाले को लेकर तत्कालीन पीडी बीपी पाठक और आरओ को निलंबित किया जा चुका है। बरेली जिले में सदर और नवाबगंज क्षेत्र में करीब 19 किमी के दायरे में अधिग्रहण किया गया है, जिसमें गड़बड़ियां हुई हैं, जबकि रिंग रोड में जमीन की कीमत के मूल्यांकन में गड़बड़ी पर एनएचएआई की ओर से आपत्ति लगाई है।

बरेली-सितारगंज भूमि घोटाले में जांच के लिए डीएम ने सीडीओ जगप्रवेश की अध्यक्षता में कमेटी बनाकर इसमें एडीएम फाइनेंस संतोष बहादुर सिंह, बीडीए के सक्षम प्राधिकारी गौतम सिंह को नामित किया है। कमेटी ने विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी आशीष कुमार से अधिग्रहण से संबंधित सभी रिकॉर्ड मांगे थे। इसको लेकर सोमवार को विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी ने सदर तहसील के पांच, नवाबगंज के 15 और रिंग रोड के लिए 21 गांवों में की गई अधिग्रहण की कार्रवाई से जुड़े अभिलेखों को जांच कमेटी को उपलब्ध करा दिए हैं। बताया जाता है कि करीब तीन हजार से ज्यादा पन्नों में 41 गांवों में अधिग्रहण से जुड़े रिकॉर्ड दिए गए हैं।

## सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर किया दान पुण्य

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** सोमवती अमावस्या पर महिलाओं ने पीपल वृक्ष की एक सौ आठ बार परिक्रमा कर, रक्षासूत्र बांधकर अपने पति की दीर्घायु और सुख समृद्धि की कामना कर दान पुण्य किया। पौराणिक शिव मंदिर में सोमवती अमावस्या के कारण काफी भीड़ रही। महिलायें सुबह से ही सोमवती अमावस्या के पूजन की तैयारी में जुटी रही। पीपल वृक्ष के पास पहुंचकर महिलाओं ने फल, फूल, नैवेद्य चढ़ाकर विधिवत पूजन किया। उन्होंने पीपल वृक्ष की 108 बार परिक्रमा करते हुए अपने पति की दीर्घयु होने और् परिवार की सुख समृद्धि की कामना कर दान पुण्य किया। पंडित कृपालीनाथ शुक्ल ने बताया की धार्मिक मान्यतानुसार सोमवती अमावस्या के दिन पीपल वृक्ष की परिक्रमा करने का भी विशेष महत्त्व होता है। पीपल की परिक्रमा करने से महिलाओं के वैवाहिक जीवन में खुशियां बनी रहती है। इस अमावस्या पर किये गए दान पुण्य और तीर्थ स्नान से अक्षय पुण्य मिलता है, मन शांत होता है और नकारात्मक विचार दूर होते हैं। सोमवती अमावस्या पर दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने गोकर्ण तीर्थ में स्नान कर पैराणिक शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ को बेलपत्र, धतूरा, भांग, दूध, गंगाजल, शहद, प्रसाद आदि चढ़ाकर पूजा अर्चना की। तीर्थ पर बैठे पंडों से कथा सुनकर दान पुण्य किया।

## वीर बाबा मंदिर पर हुए भजन कीर्तन

**अलीगंज अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम शिवपुर सांडा में वीरबाबा, भोले बाबा के स्थान पर सोमवती अमावस्या के चलते क्षेत्र के लोगों ने भजन कीर्तन किया गया जहां काफी भीड़ लगी रही। वीरबाबा स्थान पर सुबह 10 से शाम पांच बजे तक सत्संग चलता रहा। बाबा के भक्तों ने मधुर भजन, गीत सुनाकर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रसाद के रूप में बाबा द्वारका दास ने चाय, भंडारा कराया। भजन कीर्तन में रामनिवास, कौशल, जगदीश कुमार, राजेश कुमार, मेवालाल, मस्ताना, सतीश कुमार, रामदास, अवधेश कुमार, कौशल कुमार चौरसिया आदि शामिल रहे।

## कृष्ण जन्मोत्सव शोभायात्रा धूमधाम से निकाली

**मितौली, अमृत विचार :** फत्तेपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत खानपुर ग्रट के खुन्ता गांव में श्री कृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भगवान श्रीकृष्ण समेत कई अन्य झांकियां शामिल रहीं। शोभायात्रा फत्तेपुर होते हुए हिम्मतपुर मंदिर स्थान से बाबू रामेश्वर दयाल महाविद्यालय तक निकाली गई। जिसमें गांव के पुरुष एवं महिलाओं ने भाग लिया। जहां जय श्री कृष्ण का जय घोष हुआ। श्री कृष्ण जन्मोत्सव यात्रा में किसी को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, इसलिए फतेहपुर चौकी इंचार्ज सुशील कुमार तिवारी सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से तैनात रहे। शोभायात्रा में ग्राम प्रधान रविंद्र कुमार पाल, आदित्य कुमार दुन्ना सेठ, वीरेंद्र कुमार, नीरज कुमार श्रीवास्तव उर्फ चंदन, हीरालाल, रामगोपाल, मंडल अध्यक्ष सर्वेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## लखीमपुर के युवक से मोबाइल लूटा

बरेली, अमृत विचार : पुलिस भर्ती परीक्षा देने आए अभ्यर्थी का सुभाषनगर में अंधी पुलिया के पास मोबाइल छीन लिया गया। वहीं बारादरी में सेटेलाइट बस अड्डे के पास छात्र का मोबाइल बाइक सवार बदमाशों ने लूट लिया। भमोरा के गांव भरताना निवासी सुनील पाल ने बताया कि 31 अगस्त को वह पुलिस भर्ती परीक्षा देकर अपने घर जा रहा था। सुभाषनगर अंधी पुलिया के पास रात 10 बजे एक युवक पीछे से आया और मोबाइल छीन लिया। उन्होंने उसे पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह भाग गया।

## अब 8 तक भरे जाएंगे परीक्षा सुधार के फार्म

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने परीक्षा सुधार के फार्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 8 सितंबर कर दी है। सोमवार से पोर्टल दोबारा खोल दिया गया है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के अनुसार स्नातक के बीए, बीएससी, बीकॉम और परास्नातक के एमए आदि के विद्यार्थी रुवि की वेबसाइट पर विस्तृत जानकारी देखें।


## कार्यालय ग्राम पंचायत डंडिया नजमुल निशा, विकास खंड भदपुरा, जिला बरेली

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 हेतु स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 योजनान्तर्गत ठोस - तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम.) के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), 15वां वित्त आयोग, ग्राम निधि व मनरेगा की धनराशि से निम्न कार्यों को करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र.सं. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1 | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन | सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गडढा कचरा वाहन, एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र | गुणवत्तायुक्त ईट, रोड़ी सीमेन्ट, रेता, बजरफुट आयरन, टीन शेड, ई-रिक्शा, PVC पाइप हैण्डपम्प मरम्मत, दीवार चित्रण आदि। |
| 2 | तरल अपशिष्ट प्रबंधन (ग्रे-वाटर मैनेजमेन्ट) | सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोकपिट, फिल्टर चैम्बर | |

उपरोक्त कार्यों को कराने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु अनुभवी संस्था के चयन के लिए अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदादाताओं को जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा सामग्री की मात्रा घट-बढ़ सकती है। निविदा दिनांक 03.09.24 तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 04.09.2024 दोपहर 2 बजे खोली जायेगी।

**गोदावरी-ग्राम प्रधान** **अजय वर्मा-सचिव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत नकटिया, विकास खंड भदपुरा, जिला बरेली

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 हेतु स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 योजनान्तर्गत ठोस - तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम.) के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), 15वां वित्त आयोग, ग्राम निधि व मनरेगा की धनराशि से निम्न कार्यों को करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र.सं. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1 | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन | सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गडढा कचरा वाहन, एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र | गुणवत्तायुक्त ईट, रोड़ी सीमेन्ट, रेता, बजरफुट आयरन, टीन शेड, ई-रिक्शा, PVC पाइप हैण्डपम्प मरम्मत, दीवार चित्रण आदि। |
| 2 | तरल अपशिष्ट प्रबंधन (ग्रे-वाटर मैनेजमेन्ट) | सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोकपिट, फिल्टर चैम्बर | |

उपरोक्त कार्यों को कराने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु अनुभवी संस्था के चयन के लिए अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदादाताओं को जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा सामग्री की मात्रा घट-बढ़ सकती है। निविदा दिनांक 03.09.24 तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 04.09.2024 दोपहर 2 बजे खोली जायेगी।

**उमेश चंद्र-ग्राम प्रधान** **अजय वर्मा-सचिव**

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल आधार हाउसिंग फाइनेंस लि. शाखा बरेली से नन्हे पुत्र नन्का शाह निवासी पदारथपुर ढकनी राजपुरी फरीदपुर बरेली एक किता मकान तादादी 67.17 वर्गमी. जो गाटा नं. 10, 20 के जुज पर तामीर है वाकै सराय कस्बा जैड.ए. - । तह. फरीदपुर जिला बरेली जिसकी चौहददी पूरब में रास्ता 12 फिट चौड़ा, पश्चिम में प्लाट भूरा शाह, उत्तर में खेत चुन्ने व दक्षिण में रास्ता 12 फिट चौड़ा है को मो. यासीन से क्रय करने हेतु मेरे मुवक्किल से लोन ले रहे है। उक्त सम्पत्ति के अधिकार क्रम में सर्वप्रथम दुलारे मियां और शारिक हुसैन ने द्वारा बैनामा क्रय किया था तत्पश्चात दुलारे मियां ने नेहा खानम को विक्रय कर दिया और नेहा खानम ने मो. यासीन को विक्रय किया था अब मो. यासीन, नन्हे को विक्रय कर रहे हैं।

अतः सर्वसाधारण व मुख्यता शारिक हुसैन को सूचित किया जाता है कि कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 07 दिन के अन्दर मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा नन्हे के पक्ष में ऋण जारी कर दिया जायेगा।

**दिनांक : 02/09/2024**

**मुनीश कुमार सक्सेना**
**चैम्बर नं.-27 न्यू बिल्डिंग**
**बंगलिया सिविल कोर्ट बरेली।**
**सूचीबद्ध अधिवक्ता**
**आधार हाउसिंग फाइनेंस लि. बरेली**
**मो.नं. 9997389012**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बीसलपुर-पीलीभीत

पत्रांक: 833(i)/न.पा.परि.बी./2024-25 **निविदा सूचना** दिनांक: 30.08.2024

नगर पालिका परिषद बीसलपुर में पालिका निधि द्वारा निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ई-निविदा के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नवत् है:-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. (लाख रू. में) | बिड सिक्योरिटी 2 प्रतिशत पूर्णांक में | निविदा मूल्य + 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | दसवां स्थल पर पुरूष, महिला हाल में एवं पिण्ड दान स्थन में ग्रेनाइट फ्लोरिंग का निर्माण कार्य। | 851384.00 | 14500.00 | 1050.00 | 02 माह |

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 03.09.2024 को प्रात: 11 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा अपलोड के लिए अन्तिम तिथि 12.09.2024 को समय अपरान्ह 03:00 बजे तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 13.09.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
5. निविदा के साथ 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि एवं टेण्डर शुल्क कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर की बैंक आई.सी.आई.सी.आई. में खाता सं. 321005500073 IFSC:- ICIC0003210 में ई-बैंकिंग के माध्यम से जमा कर स्कैन कॉपी अपलोड करना अनिवार्य होगा, शेष 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त एफ.डी.आर./डिमाण्ड ड्राफ्ट जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बीसलपुर के नाम बंधक होगी हार्ड कॉपी के साथ 3 दिवस के अन्दर प्रस्तुत करना होगा।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को अपलोड करें।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बीसलपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, बीसलपुर**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर

पत्रांक: 358/न0पा0परि0सुल0/2024-25 दिनांक: 31/8/2024

### अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद सुलतानपुर द्वारा 15वें वित्त आयोग के टाइडग्राण्ट मद के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ठेकेदारों/फर्मो से दिनांक-01/09/2024 से दिनांक 09/09/2024 दोपहर 2:00 बजे तक ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपराहन 3.30 बजे नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के सभाकक्ष में खोली जायेगी। सम्बन्धित निविदा बेबसाइट etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। निविदा के साथ धरोहर धनराशि व टेण्डर शुल्क आर.टी.जी.एस के माध्यम से नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के खाता सं0-1126104000124805 IFSC Code IBKL0001126 आई0डी0बी0आई0 बैंक सुलतानपुर में जमा कर रसीद अपलोड करना अनिवार्य होगा तथा किसी अन्य माध्यम से तथा अन्य खाते में जमा किया गया टेण्डर शुल्क/धरोहर धनराशि मान्य नहीं होगा। निविदा/निविदाओं को बिना कारण बताएं निरस्त किये जाने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। कार्य प्रत्येक दशा में निर्धारित अवधि में पूर्ण करना होगा। अन्यथा बिना नोटिस दिये जमानत धनराशि जब्त कर ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। टेक्निकल विड की हाई कापी एवं धरोहर धनराशि व टेण्डर शुल्क की रसीद की मूल प्रति टेण्डर खुलने के पूर्व पालिका के निर्माण विभाग कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। टेक्निकल विड के साथ जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रदत्त हैसियत प्रमाण, चरित्र प्रमाण पत्र एवं पैन कार्ड तथा जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन अपलोड करना अनिवार्य होगा। किसी सरकारी विभाग /संस्थान में नाली, नाला/सड़क / इंटरलाकिंग कार्य कराने का अनुभव प्रमाण पत्र भी अपलोड करना अनिवार्य होगा। कार्य के सम्बन्ध में अन्य जानकारियाँ किसी भी कार्यालय दिवस में नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के निर्माण विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | आगणन धनराशि (लाख में) जी0एस0टी सहित | धरोहर धनराशि | टेण्डर प्रपत्र का मूल्य + जी0एस0टी सहित | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड घासीगंज में श्रीराम प्रजापति के घर से शैलेश बरनवाल के घर तक वेस्ट वाटर डिस्पोजल ट्रंच का निर्माण कार्य। | 2423729.00 | 2860000.00 | 286000.00 | 3000 + 540 | 02 माह |
| 2 | वार्ड घासीगंज में कैसर के घर से नाला तक बेस्ट वाटर डिस्पोजल ट्रंच का निर्माण कार्य। | 2476271.00 | 2922200.00 | 300000.00 | 3000 + 540 | 02 माह |

**(लाल चन्द्र सरोज)**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**सुलतानपुर।**

**(प्रवीन कुमार अग्रवाल)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**सुलतानपुर।**

## हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड

HINDUJA HOUSING FINANCE

कॉर्पोरेट कार्यालयः नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015,
ईमेलः auction@hindujahousingfinance.com
शाखाः प्रथम तल, एसआरपी कॉम्प्लेक्स, करम चारी नगर, बरेली-243001

आरएलएम-ब्रजेश अवस्थी-9918301885, आरआरएम-पंकज सिंह चौधरी-7081828333, सीएलएम-दीपक सिंह मो. नं. 9453220448, सीआरएम-दीपक कुमार-9839600666

### सांकेतिक कब्जा सूचना

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रति भूति हित अधिनियम के प्रवर्तन के अधीन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**, का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 (2002 का नं. 3) के नियम के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत निम्नलिखित कर्जदारों (तदोपरान्त कर्जदार एवं गारंटरों को संयुक्त रूप से "कर्जदार" कहा गया है) को निम्नांकित दिनांको को मांग नोटिस जारी किया था जिसमें उल्लेखित राशि प्रत्येक खाते के आगे वर्णित है उक्त सूचना की तिथि से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने को कहा गया था। कर्जदार उक्त राशि का भुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतदद्वारा कर्जदार और गारंटर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियमो के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत सम्पत्ति का कब्जा नीचे प्रत्येक खाते के सामने अंकित के अनुसार लिया है।

विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर तथा जनसाधारण को एतदद्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन-देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**, के प्रभार वास्ते निम्नलिखित राशि और उपरोक्तानुसार राशि पर संविदात्मक दर पर भविष्य का ब्याज, आकस्मिक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि सहित के अधीन होगा।

उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/गारन्टर के नाम एवं पता | मांग सूचना की तारीख / कब्जा सूचना की तिथि | बकाया राशि | अचल सम्पतियों का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आवेदन नं. UP/LKN/BRLY/A000000496 & UP/LKN/BRLY/A000001011 **श्री राखी गुप्ता और श्री ज्योति प्रकाश गुप्ता,** दोनोंः डॉ. टी.एच सैमसी बाली गली वार्ड नं. 04, पकड़िया नौगवा मुस्तकिल पीलीभीत, पीलीभीत, अर्धशहरी, पीलीभीत, उत्तर प्रदेश, भारत - 262001 | 28-03-2024 / 28-08-2024 सांकेतिक | ₹ 9,30,708/- दिनांक 10.03.2024 तक प्लस ब्याज इत्यादि | **पकड़िया नौगवा चक मुस्तकिल बहार चुंगी पीलीभीत, पीलीभीत, सेमीअर्बन, पीलीभीत, उत्तर प्रदेश, भारत - 262001,** चौहद्दीः उत्तर में - 4.27 मी. चौड़ी रोड़ पूरब में - ज्योति प्रकाश गुप्ता का मकान, दक्षिण में बाबू का प्लॉट, पश्चिम में श्रीमती पूनम का मकान |
| 2 | आवेदन नं. UP/LKN/BRLY/A000000278 & CO/CPC/CPOF/A000001637 **श्री सुमित सक्सेना और श्री सतीश कुमार सक्सेना,** दोनों मकान नं. 42 भोर नवाब का थेरा बरेली, बरेली, शहरी, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001 | 28-03-2024 / 27-08-2024 सांकेतिक | ₹ 9,67,099/- दिनांक 10.03.2024 तक प्लस ब्याज इत्यादि | **खसरा नं. 331,335 विहारमान नगला बरेली, बरेली, शहरी, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001,** चौहद्दीः उत्तर में - बाउंड्री वॉल मुंसी नगर, दक्षिण में - 9 फिट रास्ता, पूरब में - विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम में - संगीता जी का प्लॉट |
| 3 | आवेदन नं. UP/LKN/BRLY/A000001193 & CO/CPC/CPOF/A000001562 **श्री आरिफ और श्री गुलशन बी,** दोनोंः वायु सेना गेट, आलोक नगर, बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243122 | 28-03-2024 / 27-08-2024 सांकेतिक | ₹ 17,23,787/- दिनांक 10.03.2024 तक प्लस ब्याज इत्यादि | **खसरा नं. 271, कंजादासपुर, तहसील एवं जिला बरेली, एयरफोर्स गेट, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001,** चौहद्दीः उत्तर में - 18 फिट चौड़ा तारकोल, दक्षिण में - अन्य खाली प्लॉट, पूरब में - 12 फिट चौड़ा सीसी रोड पश्चिम में - असलम का प्लॉट |
| 4 | आवेदन नं. UP/LKN/BRLY/A000000640 **सुभाष चंद्र शर्मा और अफरोज जहां,** दोनोंः मो. पकरिया नौगवा पोस्ट-रूप पुर कमालू पीलीभीत शहरी पीलीभीत उत्तर प्रदेश भारत 262001 | 25-03-2024 / 28-08-2024 सांकेतिक | ₹ 13,26,942/- दिनांक 21.03.2024 तक प्लस ब्याज इत्यादि | **संपत्ति जोकि खसरा संख्या-1144/1/1 ग्राम पकरिया नौगवा चक मुस्तकिल, बहार चुंगी परगना तहसील और जिला -पीलीभीत,** चौहद्दीः उत्तर में - अन्य का मकान, दक्षिण में - 4 मीटर चौड़ी सीसी रोड, पूरब में - अन्य का मकान, पश्चिम में - आकाश का मकान |
| 5 | आवेदन नं. UP/LKN/BRLY/A000000910 **मोह. यूनुस और श्री मुक्तियार आर अली,** दोनों यहांरू निवासी लभेड़ा यूआरएफ बुलंद नगर रिठौरा बरेली अर्धनगरीय बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243122 | 26-03-2024 / 28-08-2024 सांकेतिक | ₹ 11,13,849/- दिनांक 10.03.2024 तक प्लस ब्याज इत्यादि | **लभेड़ा यूआरएफ बुलंद नगर रिठौरा बरेली सेमीअर्बन बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243122,** चौहद्दीः उत्तर में - रोड 12 फिट चौड़ा फिर सीवर, दक्षिण में - जालिम शाह का प्लॉट, पूरब में - बादशाह का मकान, पश्चिम में - रियासत अली का मकान |
| 6 | आवेदन नं. UP/LKN/BRLY/A000000994 **श्री सरफराज अहमद और श्री उज्मा,** दोनोंः मोह. मोहम्मदपुर, वार्ड नं. 25, बहेरी, बहेरी, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243201 | 26-03-2024 / 28-08-2024 सांकेतिक | ₹ 10,42,768/- दिनांक 10.03.2024 तक प्लस ब्याज इत्यादि | **ग्राम - शेखुपुर, तह - बहेरी, बहेरी, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243201,** चौहद्दीः उत्तर में - विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण में - सकील अहमद का प्लॉट, पूरब में - 14 फिट चौड़ा रोड, पश्चिम में - आरिफ नसीम का मकान |
| 7 | आवेदन नं. UP/LKN/BRLY/A000000063 & CO/CPC/CPOF/A000000720 **रचित अग्रवाल और श्री आयुष अग्रवाल, दोनोंः** 472 आलमगिरिगंज गट्टूमल वाली गली के पास बरेली, आलम मिरिंज, गट्टू माल वाली गली शहरी बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243001 | 19-09-2023 / 27-08-2024 सांकेतिक | ₹ 29,58,410/- दिनांक 26.08.2023 तक प्लस ब्याज इत्यादि | **संपत्ति जोकि मकान नं. 44 बूर, नवाब का ठिकाना, बरेली, 210.10 वर्ग मीटर,** चौहद्दीः उत्तर में - राधेश्याम गोयल का मकान, दक्षिण में - मीरा गोयल का मकान, पूरब में - 22 फिट चौड़ा रोड, पश्चिम में - 4 फिट चौड़ा रोड |

दिनांक : 02-09-2024, स्थान : बरेली

प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, तिलहर (शाहजहांपुर)

पत्रांक: 1171/न.पा.परि.ति./नि.सू./2024-25 **निविदा सूचना** दिनांक: 02.09.2024

एतद्द्वारा नगर पालिका परिषद तिलहर, शाहजहांपुर के निम्न सारिणी में उल्लिखित निर्माण कार्यो हेतु समस्त अधिकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग / निकाय - निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से दिनांक 02.09.2024 से दिनांक 14.08.2024 की दोपहर 12:00 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। उक्त आमंत्रित निविदायें तद्दिनांक को ही अपरान्ह 02:00 बजे से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्बन्धित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्रों की बिक्री निविदा आमंत्रण की अन्तिम तिथि से एक दिन पूर्व दिनांक 13.09.2024 को होगी। निर्माण कार्यो से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

### प्रस्तावित निर्माण कार्यो का विवरण।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | 10% धरोहर धनराशि | कुल निविदा मूल्य 18 % जी.एस.टी. सहित | निर्माण कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | मो. पचासा में देवी स्थान के अन्दर इंटरलॉक टायल्स, आर.सी.सी. सोफा बंच व प्लास्तर निर्माण कार्य। | 318238.00 | 31824.00 | 400.00 | 03 माह |
| 02. | द रेनेसा एकेडमी की फील्ड के पास वेस्ट टू-बंडर पार्क के सामने नाले की गिरी हुई दीवार का पुनर्निर्माण कार्य। | 400259.00 | 40026.00 | 500.00 | 03 माह |
| 03. | मो. बहादुरगंज में देव स्थान के निकट आर.सी.सी. द्वारा सीढ़ी का निर्माण कार्य। | 186418.00 | 18642.00 | 250.00 | 03 माह |
| 04. | मो. नितगंजा में धीकू वाले बाग के पीछे कूड़ा स्थान पर सी.सी. चौक का निर्माण कार्य। | 408595.00 | 40860.00 | 500.00 | 03 माह |
| 05. | नगर पालिका कार्यालय के विभिन्न कक्षों में आन्तरिक विद्युतीकरण, रिनोवेशन एवं एल्यूमीनियम विभाजन इत्यादि का कार्य। | 400146.00 | 40015.00 | 500.00 | 03 माह |
| 06. | नगर पालिका परिषद तिलहर के मो. बनवारीपुर में बने दसवां घर का जीर्णोद्धार का कार्य। | 271467.00 | 27147.00 | 350.00 | 03 माह |
| 07. | नगर पालिका परिषद तिलहर के अस्थाई गौशाला में टिन शेड के अन्दर मिट्टी भराव करके खडन्जा लगाये जाने व इंटरलॉक रिसोलिंग का कार्य। | 231333.00 | 72279.00 | 980.00 | 03 माह |
| 08. | तिलहर नगर सीमा के अन्तर्गत 30 मीटर हाई मास्ट पोल पर राष्ट्रीय ध्वज लगाये जाने का कार्य। | 499413.00 | 49941.00 | 750.00 | 03 माह |
| 09. | मो. मौजमपुर में ईदगाह के निकट नाले की गिरी हुई दीवार का पुनर्निर्माण कार्य व ईदगाह के सामने पुलिया का निर्माण कार्य। | 180350.00 | 18035.00 | 450.0 | 03 माह |
| 10. | पालिका पर भूमि पर स्थित भवन में संचालित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कृषि शाखा (ए.डी.बी.) की छत पर कैक्स के कारण हो रही लीकेज को रोकने हेतु केक-एक्स पेस्ट, सुपर 2के, नौ-डैम्प द्वारा मरम्मत कार्य। | 446034.00 | 44603.00 | 700.00 | 03 माह |
| 11. | मो. बहादुरगंज में दरवारी लाल के मकान से अनुज गुप्ता के मकान तक इंटरलॉकिंग मार्ग व नाली निर्माण कार्य। | 355834.00 | 35583.00 | 610.00 | 03 माह |
| 12. | मो. सितारगंज में मो. रफी के मकान से रशीद अहमद के मकान तक इंटरलॉक व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 149453.00 | 14945.00 | 400.00 | 03 माह |
| 13. | नगर पालिका परिषद तिलहर के अस्थाई गौशाला के अन्दर कच्ची पड़ी खाली भूमि पर इंटरलॉकिंग लगाये जाने का कार्य। | 450953.00 | 72279.00 | 980.00 | 03 माह |
| 14. | मो. सितारगंज में जीशान के मकान से कमरूद्दीन के मकान तक जल भराव के कारण इंटरलॉक उखाड़कर उच्चीकरण का कार्य। | 112672.00 | 11267.00 | 370.00 | 03 माह |

**शर्तें:-**

1. निविदा डालने से पूर्व उ.प्र. भवन एवं कर्मकार (नियोजन तथा सेवा शर्त विनियमन अधिनियम 2005) के राहत श्रमिक कर्मचारी के कल्याणार्थ श्रम विभाग में पंजीकृत होना अनिवार्य होगा।
2. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिन के अन्दर नियमानुसार अपने व्यय पर कार्य का निर्धारित स्टाम्प पर अनुबन्ध पत्र निष्पादित करना होगा।
3. ठेकेदार को 10 प्रतिशत जमानत धनराशि निविदा के साथ एफडीआर के रूप में / नगद जमा करना अनिवार्य होगी, जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद तिलहर के पदनाम से बंधक होगी।
4. आयकर, जी.एस.टी., सेस आदि की कटौती नियमानुसार ठेकेदार के भुगतान बिल रोकी जायेगी।
5. निविदादाताओं द्वारा प्रस्तुत एफ.डी.आर. की फर्जी व छायाप्रति पाये जाने पर सम्बन्धित फर्म को डिवार कर दिया जायेगा एवं शर्तयुक्त निविदा मान्य नहीं होगी।
6. कार्यादेश निर्गत किये जाने के पश्चात् कार्य के त्रिस्तरीय फोटोग्राफ जो एक ही स्थान एवं एक ही कोण से लिये गये हों, को संलग्न करना अनिवार्य होंगे।
7. निर्माण कार्य हेतु ई.पी.एफ. में पंजीकरण होना अनिवार्य है।
8. नगर पालिका परिषद का निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात् निर्माण कार्य की 10 प्रतिशत जमानत की धनराशि निर्माण कार्य की अन्तिम माप की तिथि से एक वर्ष की अवधि के पूर्ण होने के उपरांत अवमुक्त की जायेगी।
9. नगर पालिका परिषद तिलहर का कोई बकायेदार निविदा में भाग नहीं हो सकते हैं।
10. निविदा की दरे आगणन के सापेख्श आगणन से निम्न प्राप्त होने पर निमनुसार अतिरिक्त जमानत धनराशि अनुबंध के समय जमा करनी होगी-
    A- निविदा की दरें आगणन से 10 प्रतिशत कम होने तक कुल 0.50 प्रतिशत प्रति प्रतिशत (स्वीकृत आगणन धनराशि का)
    B- निविदा की दरें आगणन से 10 प्रतिशत से अधिक निम्न होने पर 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत(स्वीकृत आगणन धनराशि का)
11. निविदा आगणन से अत्याधिक निम्न होने पर फर्म / ठेकेदार को 100 रू. के स्टाम्प पेपर पर जस्टीफिकेशन प्रमाण पत्र निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।
12. एक से अधिक निविदादाताओं की दरें एक समान प्राप्त होने पर निविदा को अंतिम निर्णय लाटरी पद्धति से किया जायेगा।
13. निविदा स्वीकृत होने की स्थिति में 100 रू. के स्टाम्प पेपर पर स्वघोषणा पत्र / शपथपत्र संलग्न करना होगा अनिवार्य होगा, कि विजित फर्म / ठेकेदार किसी भी संस्था में ब्लैक लिस्टेड नहीं हुये हैं व उन पर कोई अपराधिक मुकदमा व माफिया आदि गत विधियों के साथ कोई विवाद तथा उनके विरूद्ध किसी प्रकार मा. न्यायालय में मुकदमा पंजीकृ नहीं है और हैसियत प्रमाण पत्र में दर्शायी गयी सम्पत्ति का कोई अंश बिक्री/दान नहीं किया गया है।
14. किसी भी ठेकेदार / फर्म के नाम स्वीकृत गत वित्तीय वर्षो में कोई भी निर्माण कार्य बिना युक्तियुक्त कारण के अपूर्ण है, वह निविदा में पात्र नहीं होगा कारण स्पष्ट होने पर विचार किया जा सकता है।
15. प्राप्त निविदाओं एवं निविदा प्रक्रिया को स्वीकृत / अस्वीकृत तथा निरस्त / स्थगित करने एवं नियम शर्तो / प्रतिबन्धों को शिथिल करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा। जिसका उल्लेख पत्रावली पर किया जायेगा।
16. निविदादाता को अपनी निविदा के साथ चरित्र प्रमाण पत्र एवं हैसियत प्रमाण पत्र देय होगा जो क्रमशः पी.डब्लयू.डी.टी.-4 एवं पी.डब्लयू.डी.टी.-5 जिलाधिकारी द्वारा निर्गत होना चाहिए।
17. निविदादाता को अपनी निविदा की दर Overall प्रतिशत में देना होगा।
18. निविदा फार्म की बिक्री निविदा आमंत्रण तिथि से एक दिन पूर्व तक ही की जायेगी। निविदा प्रक्रिया से सम्बन्धित कोई भी जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में प्राप्त की जा सकती है। निविदा बिक्री / आमंत्रण करने के दिन अवकाश होने पर अगला कार्यदिवस माना जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, तिलहर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, तिलहर**

असम्यगुपयुक्तं हि ज्ञानं सुकुशलैरपि।
उपलभ्यं चाविदितं विदितं चाननुष्ठितम्॥

वह ज्ञान बेकार है जिससे कर्तव्य का बोध न हो और वह कर्तव्य भी बेकार है जिसकी कोई सार्थकता न हों।

## संपादकीय

# किसानों की आय बढ़ाना उद्देश्य

कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए लगभग 14 हजार करोड़ रुपये के परिव्यय वाले सात बड़े कार्यक्रम देश में कृषि विकास के लिए अनुकूल माहौल का निर्माण करेंगे। सोमवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इन कार्यक्रमों को मंजूरी दी गई। इन व्यापक कृषि कार्यक्रमों का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना है। कार्यक्रमों का ध्यान मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र में अनुसंधान और शिक्षा, जलवायु बदलावों से तालमेल बैठाने, प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन और डिजिटलीकरण के साथ बागवानी और पशुधन क्षेत्रों के विकास पर होगा। इनमें 2,817 करोड़ रुपये का डिजिटल कृषि मिशन और फसल विज्ञान के लिए 3,979 करोड़ रुपये की योजना शामिल है। डिजिटल कृषि मिशन का प्रक्षेपण शुरू में 2021-22 में करने की योजना बनाई गई थी, लेकिन कोविड-19 प्रकोप के कारण इसे स्थगित कर दिया गया। मिशन का एक घटक किसानों की रजिस्ट्री बनाना है, जिसमें प्रत्येक किसान को एक विशिष्ट पहचान पत्र दिया जाएगा। एक पायलट परियोजना 6 जिलों में शुरू की गई है -उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद, महाराष्ट्र में बीड, गुजरात में गांधीनगर, पंजाब में फतेहगढ़ साहिब और तमिलनाडु में विरुधुनगर। उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र ने पहले ही किसानों के पहचान-पत्र बनाने का काम शुरू कर दिया है। विशिष्ट किसान आईडी से नई मूल्यवर्धित सेवाएं शुरू करने में मदद मिलेगी और किसान इस आईडी के माध्यम से पीएम-किसान और फसल बीमा योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। इससे उन्हें कृषि ऋण और बीमा जैसी वित्तीय सेवाएं प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी। यह देशव्यापी किसान रजिस्ट्री, फसल बोई गई रजिस्ट्री और गांव के मानचित्रों की जियोरेफरेंसिंग के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करेगा। डिजिटल प्रौद्योगिकियों को अपनाने से भारत को कृषि उत्पादकता बढ़ाने, बर्बादी को कम करने, कृषि निर्यात बढ़ाने, किसानों की आय बढ़ाने तथा खाद्य एवं पोषण सुरक्षा में सुधार करने में मदद मिल सकती है।

भारत मे कृषि योग्य भूमि का एक बड़ा भाग छोटी जोतों में विभाजित है, जो किसानों की आय की क्षमता को सीमित करता है। किसान की औसत मासिक आय अपेक्षाकृत कम बनी हुई है, जो कृषि क्षेत्र में उन लोगों के समक्ष विद्यमान आर्थिक चुनौतियों को उजागर करती है। घोषित कार्यक्रमों को अपनाने से भारत अपने कृषि क्षेत्र की पूरी क्षमता को साकार कर सकने में सक्षम होगा, जिससे यह राष्ट्रीय विकास की आधारशिला बन जाएगा। यह परिवर्तन लाखों किसानों के लिए स्थायी आजीविका को सुरक्षित करेगा, खाद्य सुरक्षा को बढ़ाएगा, समावेशी विकास को बढ़ावा देगा और भारत को कृषि नवाचार एवं संवहनीयता में वैश्विक स्तर पर अग्रणी देश के रूप में स्थापित करेगा।

# सीमा गतिरोध के बीच चीनी निवेश की समीक्षा



प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

पिछले एक दशक में दक्षिण एशिया में चीन ने अपनी मौजूदगी उल्लेखनीय रूप से बढ़ाई है। विदेश मंत्री यह कहने से भी नहीं चूके कि दशकों पहले दुनिया ने चीन से होने वाली समस्याओं को नजरअंदाज करने का फैसला किया था।



भारत-चीन संबंध मई 2020 से ही गतिरोध में हैं, जब विदेश मंत्री एस जयशंकर के शब्दों में, "चीन ने सभी द्विपक्षीय समझौतों का उल्लंघन करते हुए सचमुच लद्दाख में एलएसी (वास्तविक नियंत्रण रेखा) पर पूर्ण सैन्य तैयारी के साथ हजारों सैनिकों को तैनात कर दिया है।" जून 2020 में गलवान घाटी में दोनों देशों की सेनाओं के बीच घातक झड़प के साथ तनाव चरम पर पहुंच गया था। हालांकि कई जगहों पर विघटन हुआ है, लेकिन सीमा विवाद का समाधान अभी तक नहीं हुआ है। इस मामले में भारत सरकार ने लगातार कहा है कि दोनों देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति आवश्यक है।

दुनिया के ज्यादातर नीति-विश्लेषक भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर के इस वक्तव्य 'चीन के साथ जटिल समस्या है। भारत एकमात्र देश नहीं है जो चीन के बारे में बहस कर रहा है। यूरोप और अमेरिका में भी चीन को लेकर दिक्कत है। जिन देशों की सीमाएं चीन से नहीं लगती हैं, वे भी चीन से होने वाले निवेश की जांच कर रहे हैं। भारत के सामने चीन को लेकर विशेष समस्या है जो दुनिया की चीन संबंधी समस्याओं से अलग है' से सहमत होते नजर आएंगे।

विदेश मंत्री ने कहा कि कई देश सुरक्षा कारणों से चीनी निवेश की जांच करते हैं और भारत को भी ऐसा ही करना चाहिए। भारत में चीनी निवेश की कड़ी जांच होनी चाहिए।

भारत के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के बीच एक संतुलन बनाना अनिवार्य है। दोनों देशों के बीच आपसी विश्वास को बढ़ाए बिना, भारत चीनी निवेश को बढ़ा नहीं पाएगा जो कि उसके मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की प्रगति के लिए अहम है।

कहने की जरूरत नहीं कि अमेरिका में नवंबर में होने जा रहे राष्ट्रपति चुनाव के दौरान गाजा और यूक्रेन के अलावा वहां विदेश नीति का मुख्य विषय चीन के साथ अमेरिकी व्यापार बन रहा है। चीन अमेरिकी वस्तुओं और सेवाओं के लिए सबसे बड़े निर्यात बाजारों में से एक है तो पश्चिमी देश भी चीन की रूस के साथ बढ़ती निकटता ही नहीं, उसके ईरान और उत्तर कोरिया के साथ स्पष्ट जुड़ाव से भी समस्या का सामना कर रहे हैं।

पिछले एक दशक में दक्षिण एशिया में चीन ने अपनी मौजूदगी उल्लेखनीय रूप से बढ़ाई है। विदेश मंत्री यह कहने से भी नहीं चूके कि दशकों पहले दुनिया ने चीन से होने वाली समस्याओं को नजरअंदाज करने का फैसला किया था। आज हर किसी के पास कोई न कोई समस्या है। समझदारी की बात यह है कि सावधानी बरती जाए जो भारत जैसे देश को बरतनी चाहिए। चीन ने क्षेत्र में बुनियादी ढांचे वाली कई परियोजनाओं को वित्तपोषित और कार्यान्वित किया है। इनमें से कई प्रोजेक्ट बेल्ट और रोड पहल के तहत हैं। चीन के पास निश्चित रूप से बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के कार्यान्वयन की रूपरेखा है। भारत को छोड़कर दक्षिण एशिया में राजनीतिक नेतृत्व हमेशा यह फैसला स्वविवेक से नहीं करते हैं कि उनके देश को किस तरह बुनियादी ढांचे की आवश्यकता है। श्रीलंका और मालदीव में बुनियादी ढांचे पर फिजलूखर्च इसका उदाहरण हैं। उनके नेतृत्व की अदूरदर्शिता के कारण कर्ज का बोझ भी बढ़ गया है जिसका बोझ उत्तरोत्तर सरकारों पर पड़ा है। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के तहत पाकिस्तान में भी बिजली परियोजनाओं से वास्तव में बिजली संकट कम नहीं हुआ है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो चीन अपनी विदेश नीति को मजबूत बनाने और सुरक्षा हितों को हासिल करने के लिए नेताओं के व्यक्तिगत हितों पर ध्यान देता है। वास्तव में मेजबान देशों और लोगों की जरूरतों का आकलन करने की उसकी कोई मंशा नहीं होती है। पाकिस्तान ऐसा देश है जहां चीन को दक्षिण एशिया में सबसे अधिक खुली छूट मिली हुई है। पर हालत अब धीरे से बदले हैं। चीन के प्रति पाकिस्तानी जनता और अभिजात वर्ग की धारणाएं अधिक सतर्क हुई हैं। उन्हें एहसास हो गया है कि चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा वैसा नहीं है जैसाकि उन्हें बताया गया था। पाकिस्तान का राजनीतिक नेतृत्व और सुरक्षा वर्ग भी अब चीन से छुटकारा पाने के लिए सऊदी अरब और यूएई की ओर ताक रहा है।

चीन की सरकार ने नेपाल में भी कम्युनिस्ट पार्टियों के साथ संबंध बनाए हुए हैं। इन संबंधों ने नेपाल में चीनी हितों को आगे बढ़ाने में मदद की है। सतही तौर पर ऐसा ही प्रतीत होता है। वास्तविकता तो यह है कि नेपाल को नुकसान ही हुआ है और चीनी प्रभाव ने केवल नेपाली राजनीति में अस्थिरता को बढ़ावा दिया है। बांग्लादेश मे शेख हसीना सरकार के तख्तापलट होने में भी चीन सरकार का हाथ होने की बात सामने आई थी क्योंकि शेख हसीना अपनी चीन यात्रा को बीच में ही छोड़कर वापस आ गईं थीं। हालांकि, यात्रा बीच में ही खत्म करने की वजह उनकी बेटी का स्वास्थ्य खराब होना बताया गया था, पर असल वजह तीस्ता नदी पर समझौता है। यह ठेका शेख हसीना चीन को नहीं देना चाहती थी। इसे भारत की कूटनीतिक जीत बताया गया था। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी अब अपने मॉडल के प्रति इतनी आश्वस्त है कि वह दुनिया के अन्य हिस्सों में राजनीतिक नेतृत्व को नियंत्रण में कर सकती है।

दो दिन पहले शनिवार को ही फिलीपीन्स ने आरोप लगाया है कि चीनी कोस्ट गार्ड ने साउथ चाइन सी में बिना किसी उकसावे के सीधे और जानबूझकर फिलीपीन वेसल को टक्कर मार दी। टक्कर से फिलीपीन्स के सबसे बड़े कोस्ट गार्ड के 97 मीटर (320 फुट) टेरेसा मैगबानुआ नुकसान पहुंचा है। एक माह में यह चौथी टक्कर थी। चीन और फिलीपीन्स के बीच लंबे वक्त से दक्षिण चीन सागर के कुछ हिस्सों और द्वीपों को लेकर विवाद है। इसके कुछ हिस्सों पर दोनों अपना-अपना दावा करते हैं।

भारत-चीन संबंध मई 2020 से ही गतिरोध में हैं, जब विदेश मंत्री एस जयशंकर के शब्दों में, "चीन ने सभी द्विपक्षीय समझौतों का उल्लंघन करते हुए सचमुच लद्दाख में एलएसी (वास्तविक नियंत्रण रेखा) पर पूर्ण सैन्य तैयारी के साथ हजारों सैनिकों को तैनात कर दिया है।" जून 2020 में गलवान घाटी में दोनों देशों की सेनाओं के बीच घातक झड़प के साथ तनाव चरम पर पहुंच गया था। हालांकि कई जगहों पर विघटन हुआ है, लेकिन सीमा विवाद का समाधान अभी तक नहीं हुआ है। इस मामले में भारत सरकार ने लगातार कहा है कि दोनों देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति आवश्यक है।

भारत की बात की जाए तो 2020 में पूर्वी लद्दाख में गलवान घाटी में झड़प के साथ ही भारतीयों की नई पीढ़ी द्विपक्षीय संबंधों में समस्याओं के प्रति संवेदनशील हुई है और चीन को नकारात्मक रूप से देखने लगी है। दक्षिण एशियाई देश शैक्षणिक और व्यावसायिक अवसरों के मामले में चीन की तुलना में पश्चिम की ओर अधिक उन्मुख हैं। विदेश मंत्री का यह कथन भी बड़ा अर्थ लिए हैं कि क्या चीनी फार्मास्यूटिकल्स या प्रौद्योगिकी पर हमारी भारी निर्भरता से राष्ट्रीय सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव नहीं पड़ेगा?

## प्रसंगवश

# संवेदनशील रिश्ते



द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

अविभाजित परिवार ऊपर से सुगठित दिखाई पड़ते हैं लेकिन भीतर गहरी दरारें होती हैं। समय आने पर उभरकर बाहर आती हैं लेकिन झिझक-झिझक कर। चाहे जो भी रिश्ता हो, उसकी जांच होती रहती है। हर रिश्ते की एक 'डिमांड' होती है जो पूरी करनी पड़ती है, कई बार पूरी नहीं हो पाती, बस, यहीं से विरोध का भाव पनपने लगता है।

सर्वाधिक संवेदनशील रिश्ते हैं, अभिभावक-संतान के और पति-पत्नी के। ये दोनों एक-दूसरे से लम्बे समय तक जुड़े हुए रिश्ते होते है, लिहाज़ा मतभेद और मनभेद की संभावना हर समय बनी रहती है। अभिभावक अपने बच्चे को अपनी सोच के अनुरूप ढालना चाहते हैं जबकि संतान खुद को वर्तमान माहौल के अनुरूप विकसित करना चाहती है। स्वाभाविक है कि टकराव होगा। इस रिश्ते में समय के साथ वर्चस्व का खेल भी शुरू होता है।

बच्चा, जो आश्रित था, वह वयस्क हो जाने के बाद आज़ादी चाहता है, उसे आदेश पसंद नहीं आते, अब वह आदेश देना चाहता है। काम आसान तब होता है जब वह व्यक्ति धनोपर्जक बन जाता है और अभिभावक अशक्त हो जाते हैं। इस स्थिति में सत्ता का हस्तांतरण हो या न हो, यह आम तौर पर विवाद का कारण बनता है। जो बात न बढ़ाने के नाम से चुप रह गया, वह सदा के लिए चुप रह जाता है और जो चुप नहीं हुआ, वह और मुखर हो जाता है। उसकी आवाज़ दहाड़ में बदल जाती है और सहसा वह सत्ता के सिंहासन पर आसीन हो जाता है।

कुछ परिवारों में ऐसा भी होता है कि दोनों चुप नहीं होते, जी भर कर बहस करते हैं, एक-दूसरे को भला-बुरा कहते हैं, इतिहास के पन्ने खोलते हैं। जब आवाज़ तेज हो जाती है तब पड़ोसी, फिर मित्र, फिर रिश्तेदार, फिर गांव वाले जान जाते हैं कि बाहर से मजबूत दिखने वाला परिवार अन्दर से भसक रहा है। कुछ समय बाद उनका दिखावटी एका छोटे-छोटे टुकड़ों में बिखर जाएगा, वे परस्पर पीठ करके बैठ जाएंगे और संभवतः एक-दूसरे की शक्ल देखना भी पसंद नहीं करेंगे।

# विज्ञान का चमत्कारः दो बार पैदा हुई बच्ची



डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

इस तरह के ऑपरेशन पहले भी होते रहे हैं। स्पाइना बाइफिडा जैसे गंभीर डिफेक्ट को भी इस प्रकार जन्म से पहले ऑपरेशन करके ठीक किया जाता है।

क्या कोई बच्चा दो बार पैदा हो सकता है? हां, आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के प्रयत्नों से ऐसा हो सकता है। यह सन् 2016 की बात है। अमेरिका में रहने वाली मार्ग्रेट हॉकिन्स बीमर नाम की महिला की बच्ची लिनली जब अपनी मां के गर्भ में थी और केवल 16 हफ्ते की थी, तब अल्ट्रासाउंड में यह पाया गया कि उसकी रीढ़ की हड्डी के निचले सिरे में एक ट्यूमर है। यह लगभग उतना ही बड़ा था जितनी वह बच्ची स्वयं थी, और यह उसके रक्त-संचार को बाधित करके उसे अपने उपयोग में ला रहा था।

इस बहुत बड़े सैक्रोकॉक्सीजियल टैराटोमा के कारण लिनली का हृदय बहुत तेज धड़क रहा था और यह उसके शरीर का रक्त चुरा रहा था। बिना इस ट्यूमर को दूर करे हुए उस गर्भ में पल रही बच्ची का बचना कठिन था। लेकिन उसका यह जटिल ऑपरेशन कैसे हो-वह तो गर्भ में थी? अनेक ऑपरेशन बच्चे के गर्भ में रहते हुए भी बाहर से औजार डाल कर हो जाते हैं, गर्भ में बच्चों के हृदय के ऑपरेशन भी किए गए हैं। लेकिन यह इस प्रकार का रोग नहीं था। बच्ची के गर्भ में रहते हुए बाहर से इसका ऑपरेशन नहीं किया जा सकता था। इसके अतिरिक्त न तो डॉक्टर लिनली के पूरे बड़े होकर पैदा होने की प्रतीक्षा कर सकते थे और न उसका इतनी कम आयु में जन्म करवा सकते थे। दोनों ही स्थितियों में वह नहीं बचती। डॉक्टरों ने मार्ग्रेट को गर्भपात करा लेने के लिए कहा।

उस अजन्मी बच्ची के माता-पिता-मार्ग्रेट और जैफ-चिल्ड्रन अस्पताल, टेक्सास में आए। यहां फीटल सेंटर में डॉक्टर ओलूइन्का ओलूटॉय और डॉक्टर डैरेल कैस ने कहा कि वह उस बच्ची को गर्भ से निकाल कर उसका ऑपरेशन करेंगे और फिर उसे वापस मां के गर्भ में पलने के लिए रख देंगे। 23 हफ्ते के गर्भ में लिनली के हृदय की स्थिति इतनी खराब हो गई थी कि और अधिक इंतजार नहीं किया जा सकता था। बच्ची के माता-पिता ने इसके लिए स्वीकृति दे दी। डॉक्टरों ने मार्ग्रेट का सीजेरियन सेक्शन ऑपरेशन करके लिनली को बाहर निकाल लिया और उसे बेहोशी देकर उस जटिल ऑपरेशन को किया। उस समय वह केवल एक पौंड तीन औंस (0.53 किलोग्राम) की थी। ऑपरेशन के दौरान एक समय लिनली का हृदय रुक गया। इसे पुनः शुरू किया गया और डॉक्टरों ने लिनली के ट्यूमर के 90 प्रतिशत हिस्से को हटा दिया। इस दौरान उस भ्रूण को खून भी चढ़ाना पड़ा। ऑपरेशन के दौरान मार्ग्रेट के गर्भाशय में एमनियोटिक सैक -अर्थात् वह झिल्लीनुमा थैली जिसमें बच्चा पलता है - को काट कर उसके अंदर भरे हुए द्रव - जिसमें बच्चा तैरता है- को निकाल कर सुरक्षित रखा गया था। इसके बाद उसे वापस मां के गर्भ में रख कर गर्भाशय को बंद कर दिया गया। एमनियोटिक सैक के अंदर उसका द्रव वापस डाला गया और उसे बंद किया गया। फिर गर्भाशय को बंद किया गया और फिर पेट को बंद किया गया। इसके बाद मार्ग्रेट ने 12 हफ्ते तक लिनली के भ्रूण को अपने अंदर और रखा और गर्भकाल पूरा होने पर उसका सीजेरियन सेक्शन ऑपरेशन से प्रसव हुआ। इस दौरान इस बात का बहुत खतरा था कि उसका गर्भपात हो जाए। लेकिन ऐसा नहीं हुआ और लिनली ने अपना समय पूर्ण किया। मार्ग्रेट को मूल रूप से गर्भ में जुड़वां बच्चे थे जिसमें से एक बच्चे की मृत्यु दूसरी तिमाही के पहले ही हो गई थी।

इस प्रकार लिनली का दो बार जन्म हुआ- एक बार 24 हफ्ते के गर्भकाल की आयु में और फिर दूसरा 36 हफ्ते की आयु में। यह आधुनिक विज्ञान का चमत्कार ही है। 6 जून सन् 2016 को उसके पुनः पैदा होने के बाद - जब वह केवल 8 दिन की थी, तब - उसका दूसरा ऑपरेशन किया गया जिसमें उसके ट्यूमर के बचे हुए हिस्से को हटाया गया। इस दूसरे जन्म के समय उस बच्ची का वजन 5 पौण्ड 5 औंस था। उस बच्ची के बाएं पैर और पाचन-तंत्र को टैराटोमा नुकसान पहुंचा चुका था, उसका इलाज चल रहा है, और उसके कूल्हे की मांसपेशियों को ठीक करने के लिए भविष्य में उसके अन्य ऑपरेशन भी किए जा सकते हैं, लेकिन कुल मिला कर वह बच्ची इस समय ठीक है और अच्छी तरह से बड़ी हो रही है।

इस तरह के ऑपरेशन पहले भी होते रहे हैं। स्पाइना बाइफिडा जैसे गंभीर डिफेक्ट को भी इस प्रकार जन्म से पहले ऑपरेशन करके ठीक किया जाता है। अनेक अन्य गंभीर रोगों को भी इस प्रकार जन्म से पहले, या दूसरे जन्म से पहले, बच्चे को बाहर निकाल कर ऑपरेशन करके ठीक किया जाता है। यह उसका पहला जन्म ही होता है। ये बातें शरीर और जीवन को गहराई से समझ कर ही संभव हैं। जो लोग बच्चे के जन्म के समय ग्रहों की स्थिति के अनुसार उसके भाग्य का निर्धारण करते हैं, वह लोग किस समय के जन्म को सही जन्म मानेंगे - पहली बार के या दूसरी बार के, और क्यों?

## सोशल फोरम

# विलुप्त प्रजातियां



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

2003 में लगभग सात मिनट के लिए, वैज्ञानिकों ने विलुप्ति को उलट दिया। पाइरेनियन आइबेक्स अपनी उप-प्रजाति का अंतिम ज्ञात सदस्य, सेलिया नामक एक मादा, तीन साल पहले मर गई थी। वैज्ञानिकों ने उसकी मृत्यु से पहले सेलिया के कान से डीएनए एकत्र किया था और उसके आनुवंशिक पदार्थ को एक पालतू बकरी के अंडे की कोशिका में इंजेक्ट किया, जिसका नाभिक निकाल दिया गया था परिणामी क्लोन-उस समय पुनर्जीवित होने वाला पहला और एकमात्र विलुप्त प्राणी-फेफड़े के दोष के कारण जन्म के तुरंत बाद मर गया। हालांकि यह प्रयास एक स्वस्थ जानवर पैदा करने में विफल रहा। लेकिन पिछले दो दशकों में "विलुप्ति-विरोधी" विज्ञान ने नाटकीय रूप से प्रगति की है। हो सकता है कि हमारी आने वाली पीढ़ियां फिर से उन प्राणियों को देख सकें जो करोड़ों वर्ष पहले विलुप्त हो चुके हैं। प्राणियों को इस तरह विलुप्ति से बाहर लाने के विज्ञान का एक नुकसान ये भी हो सकता है कि अब हम इनके संरक्षण पर कम ध्यान देंगे। क्योंकि हमें उम्मीद रहेगी कि विज्ञान की सहायता से इन्हें पुनः जीवित किया जा सकता है। वैसे यहां असल सवाल यह नहीं है कि क्या हम खोई हुई प्रजातियों को पुनर्जीवित कर सकते हैं या नहीं बल्कि यह है कि क्या हमें ऐसा करना चाहिए। क्या ये प्रकृति के साथ खिलवाड़ नहीं होगा।

लेकिन कुछ कंपनियां इस सवाल के जवाब का इंतजार नहीं कर रही हैं। उदाहरण के लिए, टेक्सास स्थित बायोटेक्नोलॉजी और जेनेटिक इंजीनियरिंग कंपनी कोलोसल बायोसाइंसेज, तीन प्रतिष्ठित विलुप्त प्रजातियों को वापस लाने की योजना बना रही हैः डोडो (रैफस क्यूकुलैटस), तस्मानियाई बाघ (थाइलासिनस साइनोसेफालस; जिसे थाइलासिन के नाम से भी जाना जाता है) और ऊनी मैमथ (मैमुथस प्राइमिजेनियस)। कोलोसल की वेबसाइट के अनुसार, इन विलुप्ति प्राणियों को पुनर्जीवित करने के प्रयासों का अंतिम लक्ष्य "जैव विविधता को समृद्ध करना, महत्वपूर्ण पारिस्थितिक भूमिकाओं को फिर से भरना और पारिस्थितिकी तंत्र के लचीलेपन को मजबूत करना है।

**-फेसबुक वॉल से**

# अबूझ हादसों का शहर है दिल्ली



डॉ.धीरज सिंह
मुंबई

दिल्ली में हुए, ऐसे हादसों का जिम्मेदार कौन है? केंद्र सरकार सारा दोष दिल्ली सरकार पर डाल देती है, जबकि पुलिस केंद्र सरकार के अधीन है तो राज्य सरकार अपना बोझ नगर निगम के कंधो पर धर देती है, जबकि प्रशासनिक अधिकार राज्य सरकार के पास है। आम आदमी गफलत में होता है, संशय में होता है कि वह अपना काम करवाने कहां जाए, कहां नहीं और इसी स्थिति का फायदा राजनेता और प्रशासनिक अधिकारी उठाते है।

उस दिन 27 जुलाई को दिल्ली में बहुत बारिश हुई थी, बारिश का पानी बड़ी तेजी से सीधे राव कोचिंग वाली इमारत की बेसमेंट में जमा होने लगा, वहां पढ़ रहे छात्रों को स्थिति समझने और सावधान होने का मौका तक नहीं मिला, उसपर से बिजली जाने की वजह से ऑटोमैटिक दरवाजा भी नहीं खुल रहा था, स्थिति भयावह हो गई थी, बेसमेंट में गहरा तालाब बन चुका था और तीन छात्र डूब कर मर गए।

छात्रों के विरोध और प्रशासन की सख्ती झेलने के बावजूद दिल्ली के चार नामी-गिरामी कोचिंग सेंटरों ने बड़ा दिल दिखाते हुए मृतक छात्रों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये और अन्य छात्रों को मुफ्त कक्षाएं देने की पेशकश की है। जिस कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में यह हादसा हुआ था, उस राव कोचिंग इंस्टीटयूट ने भी मृतक छात्रो को 50-50 लाख देने की पेशकश की है लेकिन इस सब पेशकश से होगा क्या? क्या वे छात्र पुनः जीवित होकर लौट आएंगे?

समय रहते उस कोचिंग संस्थान ने अपनी सुरक्षा को मजबूत किया होता, कमियों को दूर किया होता तो आज वो तीनों छात्र जीवित भी रहते और सहयोग राशि के तौर पर इतनी बड़ी रकम देने की जरूरत भी न पड़ती। इस दुनिया में कितने लोग हैं जो मिलने वाली सहयोग राशि के लिए मरना चाहेंगे? कितने माता पिता होंगे जो ऐसी रकम के लिए अपने बच्चों को मरने के लिए मौत के मुंह में धकेल देंगे? ऐसा कोई नहीं मिलेगा! सहयोग राशि अपनी गलतियों पर लीपापोती और अपने बचाव के लिए दी जाती है और कुछ नहीं। इस दुर्घटना के बाद कई कोचिंग सेंटर पर भी गाज गिरी है और उन्हे बंद कर दिया गया था।

एक वक्त था जब पूरे भारत में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी का मुख्य केंद्र इलाहाबाद था लेकिन अब यह पूरी तरह से दिल्ली की तरफ शिफ्ट हो गया है। दिल्ली में तो यह हाल है कि सिविल सेवा की तैयारी के लिए अब जगह-जगह कुकुरमुत्ते की तरह कोचिंग सेंटर उग आएं हैं जो परीक्षा की तैयारी के नाम पर छात्रों को सुनहरे भविष्य के दिवा स्वप्न दिखा कर अंधाधुंध पैसा छाप रहे हैं लेकिन सुरक्षा और सुविधा के नाम पर विद्यार्थियों की जान से खिलवाड़ करते हैं।

डॉक्टर-इंजीनियर बनाने के सपने दिखाने वाले कोटा शहर और कलेक्टर बनाने वाले दिल्ली शहर में अब बहुत ज्यादा फर्क नहीं रह गया है। दिल्ली में सिर्फ तीन डूबे बच्चों की कहानी नहीं है, कई ऐसे बच्चे भी है, हताशा, निराशा में उपजी जिनकी आत्महत्या की कहानी छिपा ली जाती है। कोटा में भी यही होता रहा है, होता है। कोटा में हर साल आत्महत्या करने वाले बच्चों का आंकड़ा आसानी से दो दहाई पार कर जाता है और दिल्ली में भी आजकल आत्महत्या की दर इसी के आसपास है।

दिल्ली में हुए, ऐसे हादसों का जिम्मेदार कौन है? केंद्र सरकार सारा दोष दिल्ली सरकार पर डाल देती है, जबकि पुलिस केंद्र सरकार के अधीन है तो राज्य सरकार अपना बोझ नगर निगम के कंधो पर धर देती है, जबकि प्रशासनिक अधिकार राज्य सरकार के पास है। आम आदमी गफलत में होता है, संशय में होता है कि वह अपना काम करवाने कहां जाए, कहां नहीं और इसी स्थिति का फायदा राजनेता और प्रशासनिक अधिकारी उठाते हैं। गड़बड़ी होने पर वे एक दूसरे के सर गलती और जिम्मेदारी मढ़ते रहते है। यह मामला अब हाईकोर्ट में चला गया है, फिलहाल हाईकोर्ट ने यह मामला सीबीआई को सौप दिया है! देखते हैं,ऊंट अब किस करवट बैठता है!

# हुआ बलात्कारः तो किसकी है सरकार



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

लज्जा नारी का आभूषण है और यदि उसमें क्षरण हो गया तो उसका जीवन चलता फिरता शव तुल्य ही हो जाता है। तथ्य यह भी है कि नारी अस्मिता सर्वत्र एक समान होती है। जाति, वर्ग या संप्रदाय के आधार पर इसमें कोई भिन्नता नहीं होती है। हालांकि अपने देश की वर्तमान परिस्थितियों में सच्चाई इस प्रकार नहीं है। संप्रति यदि महिला की इज्जत से खिलवाड़ हो जाय, उसके साथ बलात्कार हो जाय, तो यह देखा जाता है कि जहां यह दुष्कृत्य घटित हुआ, वहां किसकी सरकार है? चूंकि कानून और व्यवस्था राज्य सरकार का विषय है, अतः यदि घटित जुर्म भाजपा या उसकी सहयोगी पार्टियों द्वारा शासित राज्य की है, तो हाय तौबा कम होती है और उसे हलके में लिया जाता है।

मीडिया का एक बड़ा वर्ग उसे कमतर तवज्जोह देता है और कुछ दिन में मामला हलके फुलके में निपट जाता है। इसके विपरीत यदि घटनास्थल विपक्ष शासित प्रांत है, तो इतना तूल दिया जाता है,मानो देश दुनियां में सिर्फ यही घटना घटी है। ताजा उदाहरण कोलकता के एक अस्पताल में हुई महिला डाक्टर के रेप और हत्या का है। घटना बुरी है। निंदनीय और दंडनीय है, किंतु यह भी देखना होगा कि समानांतर हुई अन्य मिलती जुलती घटनाओं में सत्तातंत्र और प्रचार माध्यमों ने क्या रवैया अपनाया? तुलना करने पर हम घोर असमान व्यवहार पाते हैं। नारी-लाज विशेषकर विपक्ष शासित राज्यों में ही महत्व रखती है, अन्यत्र न के बराबर। अब देखिए विपक्ष शासित पश्चिम बंगाल की घटना पर जितना हल्ला मचा है, उतना भाजपा शासित प्रांतों की घटनाओं पर क्यों नहीं? क्या उन नारियों की इज्जत कमतर थी? नहीं। इज्जत तो समान ही है, बस केंद्र व राज्य की सरकारों की छवि धूमिल होने से बचाना उद्देश्य रहता है। नारी नारी में विभेद क्यों? बस यूपी और उत्तराखंड में भाजपा सरकार है। भाजपा शासित मणिपुर में कुकी महिलाएं सड़कों पर नग्न घुमाई गईं, बलात्कार हुए। वे हाईलाईट क्यों नहीं किए गए? आश्चर्य तो तब बढ़ गया, जब राष्ट्रपति भी कोलकता कांड पर ही द्रवित हुईं और बयान दे डाला। यद्यपि वे उस संविधान की सर्वोच्च रक्षिका हैं, जिसमें समानता का सिद्धांत संरक्षित है। एक उदाहरण और 2002 के गुजरात दंगों में बिलकिस बानो व उनकी मां का बलात्कार हुआ और कई लोगों की हत्या कर डाली गई। इसमें 11 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा हुई। 2022 में गुजरात सरकार ने इन्हें अच्छे चाल-चलन वाला कहकर जेल से रिहा कर दिया। उनका मंचों पर सम्मान होने लगा। फूल मालाएं पहनाई जाने लगीं; लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार की इस चालबाज़ी पर पानी फेर दिया और मुक्त किए गए अपराधियों को पुनः कारागार भेज दिया।

# मानव-वन्यजीव संघर्ष के संवेदनशील जिले अलर्ट रहें : योगी

## भेड़िए व तेंदुए के हमलों की घटनाओं की मुख्यमंत्री ने की समीक्षा, वन मंत्री को पीलीभीत और खीरी जाने का निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मानव-वन्यजीव संघर्ष की दृष्टि से संवेदनशील जिलों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ऐसे जिलों में सुरक्षा के सभी इंतजाम किए जाने को भी कहा है।

मुख्यमंत्री ने सोमवार शाम बहराइच, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, श्रावस्ती, मुरादाबाद, हापुड़, सीतापुर, गोंडा, मेरठ, बिजनौर और बरेली के जिलाधिकारियों, पुलिस कप्तानों और वन अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये हाल फिलहाल तेंदुओं व भेड़ियों के हमलों से उपजी स्थितियों की समीक्षा की।



मुख्यमंत्री सोमवार को सरकारी आवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वन विभाग के अधिकारियों एवं विभिन्न जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ वार्ता करते हुए।

- **बहराइच, खीरी, पीलीभीत, मुरादाबाद, मेरठ, बिजनौर और बरेली में गश्त बढ़ाने के निर्देश**

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे जिलों में प्रशिक्षित टीम की गश्त बढ़ाई जाए। जहां आवश्यकता हो, अतिरिक्त मैनपॉवर लगाएं। साथ ही, आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। कहा कि हाल के दिनों में प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में आदमखोर भेड़िये या तेंदुए द्वारा हमले किए जाने की घटना देखने को मिली है। इससे जनहानि भी हुई है। इस स्थिति को यथाशीघ्र नियंत्रित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वन्य जीवों को हर हाल में नियंत्रित करने या पकड़ने का प्रयास किया जाए। इसके लिए तकनीकी सहयोग भी लिया जाए। मुख्यमंत्री ने बिजनौर और मुरादाबाद दौरे से लौटे वन मंत्री से स्थिति की जानकारी ली और मंगलवार को पीलीभीत और लखीमपुर खीरी का दौरा करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन्य जीवों के हमले की स्थिति में बचाव के लिए प्रशासन, पुलिस, वन विभाग, स्थानीय पंचायत, राजस्व विभाग क्षेत्र में व्यापक जन जागरूकता पैदा किया जाए। लोगों को सुरक्षा के उपायों के बारे में बताएं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि संवेदनशील क्षेत्रों में वन विभाग के अतिरिक्त कार्मिकों की तैनाती करते हुए उन्हें बहराइच, सीतापुर, लखीमपुर, पीलीभीत, बिजनौर सहित अन्य जिलों में लगाया जाए। उन्होंने ज्वाइंट पेट्रोलिंग बढ़ाए जाने पर बल दिया। बैठक में वन मंत्री, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, अपर मुख्य सचिव गृह, अपर मुख्य सचिव वन, सभी एडीजी ज़ोन, मण्डलायुक्तों व जिलाधिकारियों की सहभागिता भी रही।

### मां के पास सो रही बच्ची को भेड़िया ने मार डाला

बहराइच। जिले में भेड़िया का आतंक जारी है। भेड़िया ने सोमवार तड़के हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम गरेठी गुरुदत्त सिंह पुरवा गांव निवासी अंजली कश्यप (ढाई वर्षीय) पर हमला कर उसे निवाला बना लिया। बच्ची अपनी मां के पास सो रही थी।

# जौहर विवि में सफाई मशीन बरामदगी मामले में फैसला सुरक्षित

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सरकारी सफाई मशीनों के गायब होने के मामले में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान की जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित कर लिया है।

मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकलपीठ के समक्ष हुई। मालूम हो कि आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम सहित पांच अन्य लोगों के खिलाफ आईपीसी और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान (निवारण) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 19 सितंबर 2022 को पुलिस स्टेशन कोतवाली, रामपुर में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

# मेरठ में जेई की बेटी का अपहरण, 2 घंटे बाद छोड़ा

**मेरठ, अमृत विचार:** सोमवार को मेरठ में दिनदहाड़े जल निगम के जेई की सात वर्ष की बेटी का घर के बाहर से अपहरण हो गया। इतना ही नहीं अपहरणकर्ता ने बच्ची के पिता को फिरौती के लिए फोन भी कर दिया। पुलिस को जैसे ही सूचना मिली बच्ची की तलाश की जाने लगी। पुलिस के सर्किय होने और ताबड़तोड़ दबिश के कारण दो घंटे बाद ही अपहरणकर्ता ने बच्ची को घर के बाहर छोड़ दिया।

नौचंदी थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर निवासी महबूब जल निगम में जेई हैं। सोमवार को स्कूल में छुट्टी के बाद दोपहर तक जेई की बेटी मायशा घर पर नहीं पहुंची तो स्कूल में फोन किया गया। वहां से पता चला कि बच्ची तो काफी समय पहले ही स्कूल से निकल चुकी है। परिजनों ने जब घर के बाहर लगे सीसीटीवी को चेक किया तो पता चला कि बच्ची को घर के बाहर से एक व्यक्ति उठाकर ले गया। सीसीटीवी में एक व्यक्ति बच्ची का बैग लेकर उसे कार में बैठाकर ले जाता दिखाई दे रहा था। कुछ देर बाद ही बच्ची के पिता को फोन आया जिसमें कहा गया कि तुम्हारी बेटी को मैंने उठा लिया है। पैसे का बंदोबस्त कर लो, जल्दी जगह बताता हूं। फोन सुनने के बाद जेई ने तुरंत एसएसपी कार्यालय पहुंचकर मामले की जानकारी दी। पुलिस ने तुरंत नाकाबंदी कर सर्च अभियान शुरू कर दिया।



सीसीटीवी की फुटेज।

# आजम खान के मामले में सरकार से जवाब-तलब

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान के करीबी सीओ आले हसन के मामले में पिछली सुनवाई में ट्रायल कोर्ट के रिकार्ड तलब किए थे, लेकिन कार्यालय रिपोर्ट के अनुसार अभी तक कोर्ट में रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। कोर्ट ने आवश्यक अभिलेखों को तुरंत प्रेषित करने के लिए कार्यालय को ट्रायल कोर्ट को एक अनुस्मारक भेजने का निर्देश दिया है।

इसके अलावा सरकारी अधिवक्ता ने मामले में जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा है। इसके एक हफ्ते बाद याची को अपना जवाब दाखिल करना होगा। मामले की अगली सुनवाई आगामी 4 अक्टूबर को सूचीबद्ध की गई है।

# दुष्कर्म पीड़िता का प्रसव नवजात की मौत

**कानपुर, अमृत विचार :** किदवई नगर थानाक्षेत्र में रहने वाली एक दुष्कर्म पीड़िता का प्रसव हो गया लेकिन नवजात बेटे की मौत हो गई। पुलिस ने नवजात के शव का पोस्टमार्टम कराया और डीएनए सैंपल सुरक्षित कराया है। दुष्कर्म का आरोपी जेल में बंद है। दुष्कर्म पीड़िता प्रसव पीड़ा के चलते दो दिन पहले जच्चा-बच्चा अस्पताल में भर्ती कराई गई थी। किदवई नगर प्रभारी निरीक्षक बहादुर सिंह ने बताया पीड़िता के इलाके के रहने वाले युवक से 4 वर्ष से प्रेम संबंध थे। इसी दौरान पीड़िता गर्भवती हुई।

# अनिवार्य सेवानिवृत्ति के विरुद्ध जज की याचिका खारिज

**विधि संवाददाता, लखनऊ:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अधीनस्थ न्यायालय के एक जज को समय पूर्व दी गयी अनिवार्य सेवानिवृत्ति के आदेश के विरुद्ध दाखिल याचिका को खारिज कर दिया है।

न्यायालय ने अपने आदेश में इस तथ्य का भी संज्ञान लिया कि वर्ष 2009 से 2019 तक उक्त जज के खिलाफ भ्रष्टाचार और बेईमानी की कई गम्भीर शिकायतें प्राप्त हुई थीं। यह निर्णय न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने उक्त जज शोभनाथ सिंह की ओर से दाखिल सेवा सम्बन्धी याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। याची जज ने हाईकोर्ट की प्रशासनिक समिति के 26 नवंबर 2021 के एक आदेश को चुनौती दी थी जिसमें उसे अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने की अनुशंसा की गई थी।

# नशे में वाहन चलाते मिले तो जाएंगे जेल

**लखनऊ, अमृत विचार :** बढ़ते सड़क हादसों को लेकर चिन्तित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती के बाद यूपी में 3 सितंबर से 15 दिन तक नशेड़ी चालकों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए यातायात निदेशालय से जनपदों में तैनात ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों को पत्र भेजा गया है। यातायात निदेशक के. सत्यनारायण द्वारा जनपदों में तैनात ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों को भेजे गए निर्देश में कहा गया है कि एक्सप्रेस-वे, हाई-वे, शहरों और कस्बों में सघन अभियान चलाया जाए।

# दुकान जाते समय गोली मारकर सर्राफा व्यवसायी से लूट

लालगंज, रायबरेली

- **रायबरेली के लालगंज में हुई वरदात, घटनास्थल का आईजी व एसपी ने लिया जायजा**

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गणेशन मंदिर के पास अपाचे बाइक सवार बदमाशों ने सर्राफा व्यापारी को पिस्टल से गोली मारकर सोने-चांदी से भरा झोला लूट लिया। इस वारदात की खबर जंगल की आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैल गई। लुटेरों को पकड़ने के लिए जगह-जगह नाकेबंदी की गई, लेकिन पुलिस को कोई सफलता नहीं हाथ लगी।

पूरे गुर्दी मजरे कोरिहरा गांव निवासी हरिओम सोनी अंबारा पश्चिम में श्रीबाला जी ज्वैलर्स के नाम से सराफा की दुकान करते हैं। हरिओम सोनी रोज की तरह सुबह करीब 9:30 बजे अपनी बाइक से अंबारा पश्चिम दुकान खोलने जा रहे थे, तभी गणेशन मंदिर से थोड़ा आगे सूनसान जगह पर पीछे से आए अपाचे बाइक सवार बदमाशों ने सोनी की बाइक के आगे गाड़ी लगाकर उन्हें रोक लिया और झोला छीनने लगे। हरिओम के झोला न देने पर बदमाशों ने उसे गोली मार दी और पिस्टल के बट से सिर पर चोट भी पहुंचाई। हरिओम के गिरते ही बदमाश सोने-चांदी से भरा झोला लेकर रफू चक्कर हो गए। भाई शिवम सोनी ने मौके पर पहुंचकर घायल हरिओम को अस्पताल में भर्ती कराया। घायल हरिओम को जिला अस्पताल इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। लूट की घटना के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल और अन्य अधिकारी लालगंज पहुंचे और जानकारी ली।

# नवाब सिंह ने किया था दुष्कर्म, फॉरेंसिक जांच में हुई पुष्टि

**कन्नौज, अमृत विचार :** किशोरी से दुष्कर्म के मामले में फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट आ गई है। इसमें किशोरी से दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। अब दुष्कर्म के आरोप में जेल में बंद पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव की मुश्किलें बढ़ गई हैं। 11 अगस्त की रात चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय में बुआ के साथ पहुंची किशोरी के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में आरोपी पूर्व सपा नेता नवाब सिंह को जेल भेजा जा चुका है। सपा नेता के अंत:वस्त्र व मौके पर मिली तौलिया को पुलिस ने 17 अगस्त को विधि विज्ञान प्रयोगशाला आगरा भेजा था। स्लाइड भी बनी थी। इसकी जांच रिपोर्ट आ गई है। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट में किशोरी से दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। सीओ सदर कमलेश कुमार ने बताया कि नवाब का अंडरगारमेंट व मौके पर मिली तौलिया को सबूत के तौर पर पुलिस ने रख लिया था। तीन दिन पहले रिपोर्ट प्राप्त हो गई है। रिपोर्ट को कोर्ट में पेश किया जाएगा।



# लापरवाह 26 डॉक्टर होंगे बर्खास्त, कई की रोकी गई वेतन वृद्धि

- **बरेली से डॉ. इमरान खान व डॉ. सुरभि गुप्ता के नाम**

**लखनऊ, अमृत विचार:** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लापरवाही, ड्यूटी से निरंतर गैरहाजिर रहने और उच्च अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना के चलते 26 चिकित्सकों को एक माह का नोटिस देते हुए बर्खास्त करने के निर्देश प्रमुख सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन को दिए हैं। जिन चिकित्सकों को बर्खास्त किया जाना है, उनमें जालौन के चिकित्साधिकारी डॉ. प्रशांत पाठक व डॉ. यासमून सिद्दिकी, बरेली के डॉ. इमरान खान एवं डॉ. सुरभि गुप्ता, मैनपुरी के डॉ. अनुज कुमार डॉ. मोहम्मद सलीम शामिल हैं। तीन चिकित्साधिकारियों की वेतन वृद्धि रोक दी गई हैं।

## धर्म दर्शन

# गीता माहात्म्य

शास्त्र विधि को त्याग कर किए जाने वाले मनमाने कर्म को निष्फल बताकर भगवान कहते हैं, तस्माच्छास्त्रं प्रमाणं ते, कार्याकार्य व्यवस्थितौ।/ ज्ञात्वा शास्त्रविधानोक्तं कर्म कर्तुमिहार्हसि।।

इससे तेरे लिए इस कर्तव्य व अकर्तव्य की व्यवस्था में शास्त्र ही प्रमाण हैं। ऐसा जानकर तू शास्त्र विधि से नियत कर्म ही करने योग्य है। कर्तव्य व अकर्तव्य कर्म का ज्ञान वेद, स्मृति, पुराण, इतिहास आदि शास्त्रों से ही प्राप्त होता है, अतः मनुष्य को मनमाना आचरण न करके शास्त्रों को ही प्रमाण मानना चाहिए। शास्त्रों द्वारा निषिद्ध कर्मों का त्याग करके शास्त्र विहित शुभ कर्मों का पालन निष्काम भाव से किए जाने पर शुभ कर्म ही भगवत प्राप्ति में सहायक होते हैं।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

भगवान श्रीकृष्ण ने यहां स्पष्ट कहा है कि मनुष्य के लिए यह आवश्यक है कि वह केवल उन कर्मों को करें जो शास्त्र के विधान के अनुकूल हैं। शास्त्रीय विधानों की अवहेलना किसी प्रकार भी मनुष्य के लिए सुखकर नहीं हो सकती। शास्त्र विहित कर्मों की जानकारी के लिए इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं है।

श्रीमद्भगवद्गीता स्वयं ही शास्त्र है। महर्षि वेदव्यास जी ने महाभारत में ही कहा है, गीता सुगीता कर्तव्या किमन्यैः शास्त्र विस्तरैः।

या स्वयं पद्मनाभस्य मुखपद्माद्विनिःसृता।।

गीता भली-भांति मनन कर के हृदय में धारण करने योग्य है, जो भगवान पद्मनाभ के मुख से स्वयं कही गई है। शास्त्रों के विस्तार संग्रह की क्या आवश्यकता है। गीता के सोलहवें अध्याय के आरंभ में बताए गए दैवी सम्पद रूप सद्गुणों का विकास और आसुरी संपद रूप दुर्गुणों के त्याग के अभ्यास मात्र से काम, क्रोध और लोभ रूपी नारकीय तत्व स्वयं ही समूल नष्ट हो जाते हैं। इनके अनुशीलन मात्र से कर्तव्य और अकर्तव्य कर्म मे शास्त्र का प्रमाण अपने आप समाविष्ट हो जाता है।

# विष्णु के उपासकों का मार्ग वैष्णवमत

मनुस्मृति के अनुसार सृष्टि में सर्व प्रथम परमात्मा ईश्वर ही नर के रूप में उत्पन्न हुआ। महाभारत एवं परवर्ती साहित्य में वैदिक विष्णु की उपासना के अभिन्न अंग बन गए -वासुदेव कृष्ण और नारायण। इन पर अलग स्वतंत्र ग्रंथ रचनाएं अस्तित्व में है। पौराणिक साहित्य में, विष्णु को सतोगुण प्रथान देव माना गया है। सृष्टि के संचालन और रक्षण का प्रमुख दायित्व इन्हीं का माना गया है। इसी कारण वह विभिन्न युगों में मानवीय अवतारले दुष्टो का दमन और पृथ्वी का पालन करते हैं। पुराणों में उनको चतुर्हस्त (चार हाथों वाला) एवं शंख, गदा, चक्र एवं पद्म (कमल) धारणकर्ता कहा गया है। पीताम्बर, वनमाला, किरीट, कुंडल तथा श्रीवत्स इनके प्रिय आभूषण हैं। वैकुण्ठ इनका निशासस्थल और पत्नी लक्ष्मी हैं। उनको छीर सागर में शेषशायी भी कहा गया है। आगम साहित्य के सिद्धान्तानुसार वैकुण्ठ सबसे ऊंचे स्वर्ग का नाम है। कोई भी जीवात्मा ईश्वरीय कृपा के बिना, ग्यानलाभ और मोक्ष नहीं पा सकता है और न तो उसे वैकुंठ में ईश्वर का सायुज्य ही मिल सकता है। " श्रीहरि विष्णु के अवतार" भगवद्गीता (4/8) में भगीकृष्ण ने स्वयं कहा हैः- यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।/ अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृज्याम्यहम्।।" अवतारवाद का समर्थन शतपथब्राह्मण (कच्छप),तै तैत्तिरीयब्राह्मण (शूकर/वराह) दोनों को प्रजापति का अवतार कह करता है। पौराणिक साहित्य भगवान विष्णु के अनन्त अवतारों की बात करता है तथा चौबीस अवतारों का नामोल्लेख करते हुए, दस सर्वाधिक लोकप्रिय अवतारो में मत्स्य, कच्छप, (कूर्म्म), वराह (शूकर), नृसिंह, वामन, राम जामदग्न्य (परशुराम), राम दाशरथि, कृष्ण, बुद्ध एवं भावी कल्कि। पुराणों में 24 अवतार इसप्रकार हैं- नारायण (विराटपुरूष), ब्रही, सनक-सनन्दन-सनत्कुमार-सना, तन, नर-नारायण, कपिल, दत्तात्रेय, सुयश, हयग्रीव, ऋषभ, पृथु, मति, कूर्म्म, हंस, धनवन्तरि, वामन, परशुराम, मोहिनी, नृसिंह, वेदव्यास, राम, बलराम, कृष्ण, बूद्ध तथा आगामी 24वॉ कल्कि। वैष्णवपुराणों में विष्णु, भागवत, नारदीय, ब्रह्मवैवर्त, पद्म, हरिवंश और गरूड़ सम्मिलित हैं।

"वैष्णवमत" भगवान विष्णु के उपासकों का मार्ग है यह। इसी के अन्य लोकप्रिय नाम भागवतमत और पाञ्चरात्रमत भी हैं। कुछ लोग नामान्त में सम्प्दाय शब्द का प्रयोग करते हैं। महाभारत काल में कृषावतार की मान्यता के साथ ही पूर्व के ही सात्वमत में पाञ्चरात्र समाहित हो गया। उल्लेखनीय है। सात्वमत ही भागवत मत का एक अन्य नाम है। इस मत के अनुसार हरिभजन ही परम पुनीत कर्तव्य और मुक्ति का साधन है। "ग्यानामृतसार" नामक वैष्णवग्रंथ में भक्ति छः प्रकार की बताई गई हैंः- स्मरण, कीर्तन, वन्दन, पादसेवन, अर्चन और आत्मनिवेदन। इसी में भागवतपुराण (7/5/22-24) के श्रवण, दास्य (दासता का भाव) और सख्य (सखा या मित्र भाव) को मिलाकर नवधा या नौ प्रकार की भक्ति की कल्पना की गई है। वैष्णव मत या उसके विभिन्न संप्रदायों/उप संप्रदायों के प्रमुख प्रचारकों अथवा आचार्यों के बहुत बाद के काल अवधि का होने के कारण भारत विरोधी मानसिकता के लेखक वैष्णवमत को नवीन बताने की भयंकर भूल करते हैं जबकि इसकी मूल वैदिक साहित्य सुस्थापित हैं। आठवींशती में आदि शंकराचार्य जी के बाद लोकप्रिय हुए श्रीवैष्णव संप्रदाय, माध्वसंप्रदाय, रूद्रसंप्रदाय और सनक संप्रदाय की बढ़ी परवर्ती लोकप्रियता वृद्धि को आधार बना उन्होंने अपनी मिथ्या धारणा को प्रचारित किया।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक


## वर्ग पहेली-180

**बाएं से दाएं**

1. हरियाणा राज्य के करनाल
4. 1. जो अपराध करता हो, जिसने अपराध किया हो, जुर्म करने वाला, (क्रिमिनल) 2. दोषी, गुनाहगार 3. पापी।
6. किसी पूज्य व्यक्ति के चरणों की धूल; चरण-धूलि। (मु.) -पड़ना : किसी प्रसिद्ध व्यक्ति का आगमन होना।
8. दो वस्तुओं को अलग करने वाला।


**ऊपर से नीचे**

1. 1. प्रतिष्ठा, पद, प्रभाव 2. इज़्ज़त 3. सत्कार 4. कद्र 5. मर्यादा।
2. 1. अपने अधिकार क्षेत्र या सीमा से निकलकर दूसरे के अधिकार क्षेत्र में जाना 2. अनादर, निंदा 3. अनिष्ट, बुराई 4. अपयश।
3. 1. धैर्यहीन, उतावला, आतुर 2. उद्विग्न, परेशान, बेचैन, व्याकुल, विह्वल 3. अस्थिरचित्त, चंचल 4. असंतुष्ट।
5. सुरमा रखने की डिबिया या शीशी।
7. 1. किलकने की क्रिया या भाव 2. हर्षध्वनि, आनंदसूचक शब्द, किलकार।



### वर्ग पहेली -179 का हल

तकनीकी कारणों से वर्ग पहेली-179 का हल नहीं दे पा रहे हैं।



## सुडोकू -93

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | 3 | | 9 | | | 2 |
| | | | | 7 | | | 8 | |
| 1 | 6 | | | 5 | | 7 | | 4 |
| | 9 | 2 | | 3 | | 5 | | |
| | | 7 | | | | 3 | | |
| | | 4 | | 8 | | 1 | 9 | |
| 3 | | 5 | | 2 | | | 6 | 9 |
| | 8 | | | 4 | | | | |
| 4 | | | 5 | | 7 | 8 | | |

### सुडोकू -92 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 | 3 |
| 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 | 2 | 7 |
| 4 | 5 | 6 | 8 | 2 | 7 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 7 | 6 | 1 | 5 | 2 | 8 | 4 |
| 8 | 1 | 2 | 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 6 |
| 2 | 7 | 8 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 4 | 9 | 8 | 3 | 7 | 1 | 2 |
| 3 | 9 | 1 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 सितंबर मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 7.24 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 4 सितंबर 3.10 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष** — आज भावुक होने के बजाय व्यवहारिक निर्णय लेना उत्तम होगा। जोखिम भरे निवेशों से स्वयं को दूर रखें। प्रेमी जन से संबंध मधुर रखें। धन के हिसाब-किताब को लेकर थोड़े भ्रमित हो सकते हैं। अपनी योजनाओं को लेकर संशय में न रहें।

**वृष** — आज आपकी दिनचर्या थोड़ी उथल-पुथल भरी रहेगी। संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा। अपनी राय को दूसरों के ऊपर थोपने से बचें। आलस्य के कारण किसी काम को टाल सकते हैं। आपकी कार्यप्रणाली का लोग विरोध कर सकते हैं।

**मिथुन** — आज अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। व्यावसायिक गतिविधियों में तेजी आयेगी। परिवार में धार्मिक कार्यों की रूपरेखा बन सकती है। ऑनलाइन शॉपिंग में आप काफी रुचि लेंगे। बड़े बुजुर्गों से आपको आशीर्वाद और उत्तम सलाह प्राप्त होगी।

**कर्क** — आज आपको कठिन प्रोजेक्ट की ज़िम्मेदारी मिल सकती है। नकारात्मकता आपके ऊपर हावी रहेगी। आपको कड़ी मेहनत का उत्तम परिणाम प्राप्त होगा। रुके हुए कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने की कोशिश करेंगे। परिजन किसी कारण आपकी बातों से सहमत नहीं होंगे।

**सिंह** — आज युवा वर्ग अपने भविष्य को लेकर योजना बना सकते हैं। विचारों के आपसी आदान-प्रदान से मन प्रसन्न रहेगा। धैर्य और संयम के साथ काम करेंगे जिसका सुखद परिणाम आपको प्राप्त होगा। समय का अच्छा सदुपयोग करेंगे।

**कन्या** — आज भाग्य आपका साथ नहीं देगा। दूसरों के भरोसे न रहें वरना आपको आर्थिक नुकसान भी हो सकता है। कार्यक्षेत्र में परेशानियों से घिरे रहेंगे। प्रत्येक काम को समय से निपटाने का प्रयास करें। बच्चे पढ़ाई को लेकर काफी गंभीर रहेंगे।

**तुला** — आज अपनी योग्यता का भरपूर लाभ उठायेंगे। व्यापारी क्लाइंट्स के साथ बड़ी डील कर सकते हैं। परिवार के सदस्यों से काफी संतुष्ट रहेंगे। भौतिक सुख-सुविधा का पर्याप्त आनंद लेंगे। कार्यक्षेत्र में अधिकारी वर्ग के लोग आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं।

**वृश्चिक** — आज का दिन विशेष रूप से शुभ है। पुराने मित्र आपके काम आ सकते हैं। बॉस के साथ वेतनवृद्धि को लेकर चर्चा करेंगे। आत्मविश्वास और मनोबल आपकी सबसे बड़ी शक्ति है इसे कभी कम न होने दें। नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो सफलता मिलेगी।

**धनु** — आज कारोबार में आय बढ़ने के स्पष्ट योग हैं। लेकिन आय के साथ आपके खर्चे भी बढ़ेंगे। पेट में गैस और एसीडिटी जैसी परेशानी बढ़ सकती है। अपनी क्षमताओं का कुशल उपयोग करेंगे। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है।

**मकर** — आज आपको सहकर्मियों पर पूर्ण भरोसा नहीं करना चाहिए। आपकी कोई कमजोरी लोगों के सामने व्यक्त हो सकती है। जीवनसाथी के व्यवहार से मन व्यथित हो सकता है। स्वयं को ऊर्जावान और सकारात्मक बनाये रखने के लिए व्यायाम और ध्यान अवश्य करें।

**कुंभ** — आज घर की समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करेंगे। दोपहर के बाद की स्थितियां काफी अनुकूल रहेंगी। कार्यक्षेत्र की अव्यवस्था को दूर करने के लिए कड़े कदम उठा सकते हैं। सामाजिक संस्थाओं में दान और सेवा कार्य करने का विचार मन में आ सकता है।

**मीन** — आज परिवार के दायित्वों को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। अपनी दिनचर्या को संतुलित रखें। कृषि संबंधित उद्योगों से काफी लाभ प्राप्त होगा। आप जिन कार्यों को कठिन मान रहे थे वो आप आसानी से पूरा कर लेंगे।

## आज की फिल्में

B4U Movies
वन टू थ्री — सुबह : 11.41
कंपनी — रात : 07.57

&pictures
रोबोट — सुबह : 10.59
मिशन रानीगंज — शाम : 06.30

Sony Pix
व्हाइट हाउस डाउन — सुबह : 11.20
रैम्बो — शाम : 05.38

StarGOLD
हॉलीडे — सुबह : 11.04
रुद्रांगी — रात : 08.00

Colors Cineplex
चेन्नई एक्सप्रेस — सुबह : 12.44
जय किशन — रात : 09.57

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी एक्शन पर शाम : 06.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक बार पति-पत्नी घूमने जा रहे थे...
रास्ते मे गधा मिला, पत्नी को मजाक सूझी...
पत्नी - आपके रिश्तेदार हैं, नमस्ते करो
पति भी कम नहीं था
बोला, ससुर जी नमस्ते
फिर क्या था घर पहुंचने के बाद चार दिन तक
पति को खाना नसीब नहीं हुआ।

पति- क्या तुम जानती हो दुनिया में सबसे ज्यादा शरीफ कौन है?
पत्नी- दुनिया में सिर्फ वही लोग शरीफ हैं...,
जिनके मोबाइल में पासवर्ड नहीं है।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 2180, राज श्री 1460, फ़ॉर्चून कि. 1780, रविन्द्रा 2060, फॉर्चुन ली. 1630, जय जवान 1570, सचिन 1605, सूरज 1595, अवसर 1685, राग गोल्ड 1720, गृहणी ली 1610, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1715, चक्र टिन 1995, ब्लू 1730, आशीर्वाद मस्टर्ड 2025, स्वास्तिक 2150 ।किराना- ( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31000, लाल मिर्च 17000–20000, धनिया 8000–10000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800–900, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 800, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–900 ।चावल- ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 ।दाल दलहन –मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10800, राजमा चित्रा 13700–14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050–7500 मलका दाल7275–7900, मलका छाँटी 7200, दाल उड़द बिलासपुर 9800–10400, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900,चना काला 8850, दाल चना 9450, लाल हिंदुस्तान 9550, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 8900, डबरा 10200–11200, सच्चा हीरा 13300, मोटा हीरा 15300, अरहर गोला मोटा 14600, अरहर पटका मोटा 14800, अरहर कोरा मोटा 15300, अरहर पटका छोटा 15300–15700, अरहर कोरी छोटी 16100 ।चीनी – डालमियां 4110, पीलीभीत 4100, नवाबगंज 4090, बहेड़ी 4100 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73800 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 72800 |
| सिल्वर ( पक्की) | 850 (अनुमानित)। |

# यंत्र बताएंगे गांव-गांव फसलों का हाल

## मौसम और बारिश मापक यंत्रों से लैस होंगे उत्तर प्रदेश के सभी ब्लॉक और ग्राम पंचायत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में जल्द गांव-गांव मौसम की स्पष्ट जानकारी मिलने के साथ फसलों का हाल पता चलेगा, विंड्स योजना के तहत मौसम की जानकारी के लिए विकास खंड पर स्वचालित मौसम स्टेशन (एडब्ल्यूएस) स्थापित किए जाएंगे। साथ ही बारिश मापने के लिए ग्राम पंचायतें स्वचलित वर्षामापी यंत्र (एआरजी) से लैस की जाएंगी।

इन दोनों यंत्रों से गांव-गांव मौसम और बारिश की स्पष्ट जानकारी मिलने से किसान खेतों पर खड़ी फसलों का बचाव और आगे की फसलों की तैयारी करेंगे। इसके अतिरिक्त यह यंत्र गांव-गांव फसल बीमा के तहत क्षतिपूर्ति तय करने में मददगार साबित होंगे। क्योंकि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत इन यंत्रों को लगाने का प्रावधान है। लेकिन, यह व्यवस्था राजस्व और मौसम विभाग स्तर पर होने की वजह से अलग-अलग विकास खंड क्षेत्र के मौसम की सही जानकारी नहीं मिलती है। किस गांव में बारिश हुई या नहीं यह भी पता नहीं चलता है। ऐसी स्थिति में विभाग मौसम और बारिश का अनुमान लगाते हैं। नई व्यवस्था के तहत किसान खुद अपने गांव के मौसम का हाल जान सकेंगे।

**विंड्स अंतर्गत प्रस्तावित यंत्र**

**308** विकास खंड | **55,570** ग्राम पंचायत



- प्रधानमंत्री फसल बीमा की क्षतिपूर्ति निर्धारित करने में आएगी पारदर्शिता
- फसलों के लिए मौसम फायदेमंद व नुकसान की मिलेगी स्पष्ट जानकारी

### जिलों पर दो समूह में काम करेगी कंपनी

19 सितंबर 2023 को मुख्य सचिव ने बैठक करके सभी ब्लॉक और ग्राम पंचायतों में यंत्र लगाने के निर्देश दिए थे। इस क्रम में निदेशक फसल बीमा एवं सांख्यिक डॉ. सुमिता सिंह ने सभी जिलाधिकारी को पत्र जारी किया है। अवगत कराया कंपनी का चयन टेंडर से किया जाएगा। जो जिलों पर दो समूह में काम करके ब्लॉक और ग्राम पंचायतों को विंड्स योजना से आच्छादित करेगी। राजस्व और मौसम विभाग के जहां यंत्र लगे उन ब्लॉक व ग्राम पंचायत में नहीं लगेंगे।

### पंचायत लगाएगी यंत्र, राजस्व देगा जमीन

स्वचालित मौसम स्टेशन ब्लॉक कार्यालय और वर्षामापी यंत्र पंचायत भवन में लगेंगे। यहां जगह न मिलने पर राजस्व विभाग अन्य सरकारी भवन या जमीन उपलब्ध कराएगा। सुरक्षा व देखभाल पंचायत सहायक व पंचायत मित्र करेंगे। जिन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा।

## शेयर बाजार में तेजी कायम, सेंसेक्स-निफ्टी नए रिकॉर्ड स्तर पर

**मुंबई।** विदेशी कोषों के प्रवाह और अमेरिकी बाजारों में तेजी के बीच शेयर बाजार सोमवार को नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। मानक सूचकांक सेंसेक्स 194 अंक बढ़ा जबकि निफ्टी में 43 अंक की बढ़त दर्ज की गई। बीएसई का सेंसेक्स 10वें सत्र में बढ़कर नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स ने 194.07 अंक यानी 0.24 प्रतिशत उछलकर 82,559.84 अंक के नए मुकाम को हासिल किया। दिन में कारोबार के दौरान एक समय यह 359.51 अंक बढ़कर 82,725.28 के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। एनएसई का निफ्टी 42.80 अंक यानी 0.17 प्रतिशत चढ़कर 25,278.70 अंक के नए उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान इसने 25,333.65 अंक के नए सर्वकालिक उच्चस्तर को छुआ। निफ्टी 13वें दिन बढ़त के साथ बंद हुआ।

# सीसीईए मुंबई-इंदौर रेल लाइन पर खर्च करेगा 18,036 करोड़

नई दिल्ली, एजेंसी

- दो मुंबई तथा इंदौर के बीच सबसे छोटी रेल संपर्क सुविधा देने वाली 309 किमी की नई परियोजना

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने दो प्रमुख वाणिज्यिक केंद्रों मुंबई तथा इंदौर के बीच छोटी रेल संपर्क सुविधा देने वाली 309 किलोमीटर की नई लाइन परियोजना को सोमवार को मंजूरी दे दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि परियोजना की लागत 18,036 करोड़ रुपये है। यह 2028-29 तक पूरी होगी। निर्माण के दौरान 102 कार्यदिवस का रोजगार उत्पन्न होगा। इन दिनों को वैष्णव ने मानव दिवस करार दिया।

उन्होंने कहा कि यह परियोजना मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम है जो एकीकृत योजना से संभव हुआ है। यह लोगों, वस्तुओं तथा सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध संपर्क प्रदान करेगी। परियोजना के तहत महाराष्ट्र तथा मध्य प्रदेश के छह जिले आएंगे। यह पश्चिमी/दक्षिण-पश्चिमी हिस्सों और मध्य भारत के बीच छोटा मार्ग प्रदान करके पर्यटन को बढ़ावा देगी।

### साणंद में 3,307 करोड़ का सेमीकंडक्टर संयंत्र

सरकार ने गुजरात के साणंद में 63 लाख चिप प्रतिदिन उत्पादन क्षमता वाली सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने के केन्स के प्रस्ताव को सोमवार को मंजूरी दी। इस पर 3,307 करोड़ का निवेश होगा। मंत्री ने कहा कि मंत्रिमंडल ने केन्स संयंत्र को मंजूरी दे दी है। यह संयंत्र 46 एकड़ में बनेगा। यह संयंत्र बिजली क्षेत्र से संबंधित चिप की भी आपूर्ति करेगा।

# रीट पर कुछ भी कहूंगी तो मुझ पर लगेंगे आरोप

मुंबई, एजेंसी



- सेबी की चेयरपर्सन माधबी बुच ने टिप्पणी से इनकार किया

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स (रीट) पर टिप्पणी करने से सोमवार को इनकार करते हुए कहा कि अगर वह इस विषय पर कुछ कहेंगी तो उनपर हितों के टकराव का आरोप लगाया जाएगा। बुच ने यह बात ऐसे समय में कही है जब अमेरिकी निवेश एवं शोध कंपनी हिंडनबर्ग ने अपनी एक रिपोर्ट में उनके और निजी इक्विटी क्षेत्र की कंपनी ब्लैकस्टोन से जुड़े संभावित हितों के टकराव के बारे में सवाल उठाए हैं। उनके पति धवल बुच ब्लैकस्टोन में वरिष्ठ सलाहकार हैं, जो रीट क्षेत्र की एक प्रमुख कंपनी है। हालांकि, दंपति ने आरोपों का खंडन किया है।

इसके अलावा, हिंडनबर्ग ने आरोप लगाया था कि रीट विनियम 2014 में सेबी के हालिया संशोधनों से एक विशिष्ट वित्तीय समूह को लाभ पहुंचा है। सेबी ने इन आरोपों को खारिज किया है। रीट आकर्षक रिटर्न तथा पूंजी वृद्धि के कारण विश्वस्तर पर एक लोकप्रिय विकल्प रहा है।

### कांग्रेस ने बुच से मांगा इस्तीफा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा है कि सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच पद पर रहते हुए आईसीआईसी बैंक से भी मोटा वेतन ले रही हैं और यह सेबी के नियमों का उल्लंघन है, इसलिए उन्हें इस्तीफा देना चाहिए और प्रधानमंत्री को पर जवाब देना चाहिए।

### बुच को कोई भुगतान नहीं हुआ: आईसीआईसीआई बैंक

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई बैंक ने कांग्रेस के सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच पर लगाए आरोपों पर कहा कि उसने अक्टूबर, 2013 में बुच की सेवानिवृत्ति के बाद से उन्हें कोई भी वेतन या ईएसओपी नहीं दिया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि 2017 में बुच ने वेतन और अन्य पारिश्रमिक के तौर पर आईसीआईसीआई बैंक से 16.8 करोड़ रुपये हासिल किए थे।

# फ्लेक्स ईंधन वाहनों पर जीएसटी 12% हो : गडकरी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि राज्य के वित्त मंत्रियों को फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को घटाकर 12 प्रतिशत करने पर विचार करना चाहिए। फ्लेक्स फ्यूल वाले वाहन से आशय ऐसी गाड़ियों से हैं जो एक से अधिक ईंधन पर चलती हैं। सामान्य तौर पर ये वाहन पेट्रोल के अलावा एथनॉल मिश्रित पेट्रोल पर चलते हैं।

गडकरी ने आईएफजीई के इंडिया बायो-एनर्जी एंड टेक एक्सपो को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि कच्चे तेल के आयात को कम करने और जैव ईंधन के उपयोग को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें विभिन्न राज्यों के वित्त मंत्रियों से समर्थन की जरूरत है। मैंने महाराष्ट्र के वित्त मंत्री से बैठक में भाग लेने और फ्लेक्स-फ्यूल इंजन कारों पर जीएसटी में कटौती का प्रस्ताव रखने को कहा है। मंत्री के अनुसार, उन्हें भरोसा है कि जीवाश्म ईंधन के आयात को कम करने और जैव ईंधन को प्रोत्साहित करने के कारण सबसे ज्यादा लाभ कृषि क्षेत्र को होगा। उन्होंने कहा कि आज जैव-ईंधन क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं।

**इंडिया बायो-एनर्जी एंड टेक एक्सपो**



- केंद्रीय मंत्री ने कहा-कच्चे तेल के आयात को कम करने और जैव ईंधन के उपयोग की जरूरत

### सीएम योगी से कर कम करने पर विचार का किया था अनुरोध

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों पर कर कम करने पर विचार करने का अनुरोध किया था। महाराष्ट्र के वित्त मंत्री अजित पवार के साथ अलग बैठक में, गडकरी ने उन्हें इस मुद्दे पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ जीएसटी बैठक में भाग लेने का सुझाव दिया। गडकरी ने यह भी कहा कि देश हर साल 22 लाख करोड़ रुपये तक का जीवाश्म ईंधन (कोयला, कच्चा तेल) आयात करता है और यह न केवल वायु प्रदूषण से जुड़ी समस्या है बल्कि एक आर्थिक समस्या भी है।



## एक नजर

### राष्ट्रपति मुर्मू ने महालक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना की

**कोल्हापुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को महाराष्ट्र के कोल्हापुर शहर में देवी महालक्ष्मी के प्रसिद्ध मंदिर में पूजा–अर्चना की और उसके बाद राज्य की तीन दिवसीय यात्रा पर रवाना हुईं। मुर्मू के कोल्हापुर पहुंचने पर महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने उनका स्वागत किया। जिले के अधिकारियों ने कहा, राष्ट्रपति मुर्मू महालक्ष्मी मंदिर पहुंचीं और देवी से आशीर्वाद लिया।

### असम में 30 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ जब्त

**गुवाहाटी।** असम के कछार जिले में मादक पदार्थ की एक बड़ी खेप में करीब 30 करोड़ रुपये की कीमत की याबा गोलियां जब्त की गईं और तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। करीमगंज पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रोतिम दास के अनुसार, मादक पदार्थों की तस्करी के संबंध में सूचना मिलने के बाद पुलिस ने रविवार रात बदरपुर थाना क्षेत्र के जलापुर इलाके में अभियान चलाया। दास ने एजेंसी को बताया कि पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है जो कछार के कटिगोराह पुलिस थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।

### किसानों की शिकायतों के निवारण को समिति गठित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शंभू सीमा पर प्रदर्शन कर रहे किसानों की शिकायतों के निवारण के लिए पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश नवाब सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समिति बनाई। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने समिति को निर्देश दिया कि एक सप्ताह में वह पहली बैठक बुलाए। आंदोलनकारी किसानों से संपर्क साधे और उनसे तत्काल पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू सीमा से ट्रैक्टर और ट्रॉली आदि हटाने को कहा जाए ताकि आम यात्रियों को राहत मिले।

### जेडएसआई ने मकड़ी की दो नई नस्ल खोजीं

**कोलकाता।** भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (जेडएसआई) ने दक्षिण भारत में जैव विविधता का केंद्र माने जाने वाले पश्चिमी घाट क्षेत्र में मकड़ी की दो नयी नस्ल की खोज की है। जेडएसआई ने एक बयान में कहा कि मिमेटस स्पाइनेटस और मिमेटस पार्वुलस की खोज के साथ ही भारत में मौजूद मिमेटस नस्ल की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। बयान के मुताबिक, मिमेटस स्पाइनेटस और मिमेटस पार्वुलस नस्ल की मकड़ियां क्रमशः कर्नाटक के मूकाम्बिका वन्यजीव अभयारण्य और केरल के एर्नाकुलम जिले में मिलीं।

# सत्ताधारियों का जुल्म सहकर यहां तक पहुंचे

## भाजपा के सदस्यता अभियान 2024 की शुरुआत पर बोले प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संगठन पर्व, सदस्यता अभियान 2024 की शुरुआत पर कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं के लिए कहा जाता था कि उसका एक पैर रेल में और दूसरा जेल में होता है। हम सत्ताधारियों का जुल्म सहकर यहां तक पहुंचे हैं। मोदी ने आज यहां भाजपा मुख्यालय में सबसे पहले पार्टी की सदस्यता लेकर भाजपा के संगठन पर्व, सदस्यता अभियान 2024 की शुरुआत की। इसके बाद भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत भाजपा के तमाम बड़े नेताओं ने फिर से पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर मोदी ने कहा कि आज सदस्यता अभियान का एक और दौर प्रारंभ हो रहा है। भारतीय जनसंघ से लेकर अब तक हमने देश में एक नई राजनीतिक संस्कृति लाने का भरसक प्रयास किया है। उन्होंने विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए कहा, जब तक जिस संगठन के माध्यम से या जिस राजनीतिक दल के माध्यम से देश की जनता सत्ता सुपुर्द करती है, वो ईकाई, संगठन और वो दल, अगर लोकतांत्रिक मूल्यों को नहीं जीता है, आंतरिक लोकतंत्र निरंतर उसमें पनपता नहीं है, तो वैसी स्थिति बनती है, जो आज देश में कई दलों को हम देख रहे हैं। भाजपा एक मात्र दल है, जो अपनी पार्टी के संविधान के अनुसार अक्षरशः लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए अपने कार्य का विस्तार कर रहा है और जन-सामान्य की आशा, आकांक्षाओं पर खरा उतरने के लिए अपने आप को निरंतर योग्य बनाते रहता है। प्रधानमंत्री ने कहा, हम वो लोग हैं, जिन्होंने श्रद्धा से दीवारों पर कमल पेंट किया, क्योंकि विश्वास था कि कमल कभी न कभी तो दिलों पर भी पेंट हो जाएगा।



भाजपा के सदस्यता अभियान के शुभारंभ के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## राहुल ने की भाजपा के अन्यायपूर्ण बुलडोजर नीति की आलोचना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोपियों के घरों को ध्वस्त किये जाने के विषय पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी की सराहना की। उन्होंने सोमवार को कहा कि मानवता और न्याय को बुलडोजर के नीचे कुचलने वाली भाजपा का संविधान विरोधी चेहरा बेनकाब हो गया। कई राज्यों के प्रशासनों द्वारा आपराधिक मामलों में शामिल लोगों के घरों को बुलडोजर से ध्वस्त किए जाने पर शीर्ष अदालत ने सवाल किया कि किसी का घर केवल इसलिए कैसे तोड़ा जा सकता है कि वह आरोपी है। अदालत ने कहा कि वह इस मुद्दे पर दिशानिर्देश तैयार करेगी जो देश में लागू होंगे। राहुल ने एक्स पर कहा कि भाजपा की बुलडोजर नीति पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी स्वागत योग्य है।

# पुलिस आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर मार्च

कोलकाता, एजेंसी

- जूनियर डॉक्टरों ने अस्पताल में हुई तोड़फोड़ रोकने में पुलिस पर निष्क्रियता के आरोप लगाए
- प्रशिक्षु डॉक्टर से हुई दरिंदगी की घटना की जांच में पुलिस के अपर्याप्त कदम उठाने पर भी पूछे सवाल

पश्चिम बंगाल के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के जूनियर डॉक्टरों ने पुलिस आयुक्त विनीत गोयल के इस्तीफे की मांग को लेकर सोमवार को कोलकाता पुलिस मुख्यालय लालबाजार तक एक रैली निकाली। जूनियर डॉक्टरों ने 14 अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में हुई तोड़फोड़ को रोकने में पुलिस पर निष्क्रियता के आरोप लगाए हैं।

आंदोलनकारी डॉक्टरों ने सरकारी अस्पताल में नौ अगस्त को एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना की जांच के दौरान पुलिस द्वारा अपर्याप्त कदम उठाए जाने का भी आरोप लगाया। इसके बाद कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर इस मामले की जांच 13 अगस्त को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी गयी थी। पुलिस ने रैली को पुलिस मुख्यालय तक पहुंचने से रोकने के लिए उत्तर कोलकाता में कॉलेज स्क्वायर से लालबाजार की ओर जाने वाली बी बी गांगुली स्ट्रीट पर अवरोधक लगा दिए थे। आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों ने कहा कि वे शांतिपूर्ण मार्च निकालेंगे।

# कैश फॉर वोट मामले में रेवंत रेड्डी को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी



- सार्वजनिक बयान देने में कुछ संयम बरतने की नसीहत देते हुए दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया

उच्चतम न्यायालय ने तेलंगाना में 2015 के कथित कैश फॉर वोट घोटाला मामले में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को सार्वजनिक बयान देने में कुछ संयम बरतने की नसीहत देते हुए सोमवार को नोटिस जारी कर दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायक गुंटाकंडला जगदीश रेड्डी और तीन अन्य की याचिका पर कांग्रेस नेता रेड्डी के अलावा अन्य आरोपियों से दो सप्ताह में जवाब देने को कहा।

बीआरएस नेता और अन्य की याचिका में मुकदमे को स्थानांतरित करने की मांग करते हुए कहा गया है कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के पास गृह मंत्रालय का भी प्रभार है और वह इस मामले में सार्वजनिक रूप से बयान दे रहे हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सी ए सुंदरम ने मुख्यमंत्री के कुछ बयानों का उल्लेख किया तो पीठ ने कहा, जब कोई इतने ऊंचे पद पर होता है, तो कुछ संयम की उम्मीद की जाती है।

# हत्या की कोशिश में समझौता न्याय का मजाक

मुंबई, एजेंसी

- बंबई उच्च न्यायालय ने ठाणे जिले के बदलापुर में हत्या की कोशिश और डकैती के मामले में पुलिस जांच पर आश्चर्य व्यक्त

बंबई उच्च न्यायालय ने ठाणे जिले के बदलापुर में हत्या की कोशिश और डकैती के मामले में पुलिस जांच पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि यह आपराधिक न्याय प्रणाली का मजाक है। न्यायमूर्ति ए एस गडकरी और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने 23 अगस्त के अपने आदेश में कहा कि हत्या की कोशिश और डकैती के अपराध गंभीर प्रकृति के हैं और ये पूरे समाज के खिलाफ अपराध हैं, इसलिए इनकी उचित जांच की जानी चाहिए।

अदालत दो व्यक्तियों की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें एक शख्स और उसकी मां पर तलवार और लोहे की छड़ से कथित रूप से हमला करने के आरोप में उनके खिलाफ दर्ज हत्या की कोशिश और डकैती के मामले को रद्द करने की मांग की गई थी। पुलिस ने अदालत को बताया कि आरोपियों ने उन्हें एक पत्र दिया था जिसमें दावा किया गया था कि वे मामले में समझौता चाहते हैं, इसलिए मामले की जांच सीमित की गई। अदालत ने इस पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि यह हत्या के प्रयास और डकैती का अपराध है। उच्च न्यायालय ने कहा, प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि आरोपी व्यक्तियों के विरुद्ध कथित अपराध गंभीर प्रकृति का है। कानून की यह स्थापित स्थिति है कि (भारतीय दंड संहिता की) धारा 307 (हत्या का प्रयास) और 397 (डकैती) के अंतर्गत जुर्म समग्र समाज के विरुद्ध अपराध होता है, इसलिए जांच अधिकारी को पक्षों की ओर से समझौते का कथित इरादा व्यक्त करने के बावजूद जांच पूरी करनी चाहिए थी। पीठ ने कहा कि यह एक और मामला है जिसमें हत्या के प्रयास के अपराध की जांच अत्यंत उदासीन और सुस्त तरीके से की गई। उच्च न्यायालय ने कहा, हमारे अनुसार, वर्तमान अपराध के जांच अधिकारी द्वारा यह आपराधिक न्याय प्रणाली का मजाक उड़ाना है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 13 सितंबर को तय की है।

## केजरीवाल पर कार्यवाही रद करने से कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को 30 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के बारे में टिप्पणी से जुड़े मानहानि के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आप के अन्य नेताओं के खिलाफ कार्यवाही रद करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने अधीनस्थ अदालत के समक्ष मानहानि की कार्यवाही को चुनौती देने वाली आप नेताओं की याचिका खारिज कर दी। हाईकोर्ट ने 28 फरवरी, 2020 को अधीनस्थ अदालत के समक्ष कार्यवाही पर रोक लगा दी थी।

## झारखंड में नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

**रांची।** भाकपा (माओवादी) से अलग हुए प्रतिबंधित संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के स्वयंभू एरिया कमांडर ने सोमवार को झारखंड में सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। नक्सली की पहचान राहुल गंझू उर्फ खलील जी के रूप में हुई है। वह 2016 में प्रतिबंधित संगठन में शामिल हुआ था। पुलिस के एक बयान के अनुसार वह रांची और उसके आसपास के इलाकों के विभिन्न थानों में जबरन वसूली, धमकी और मुठभेड़ से संबंधित 21 मामलों में वांछित था।

# किसी भी सरकार ने पिछले 78 साल में एक लाख नौकरियां नहीं दीं : हिमंत

गुवाहाटी, एजेंसी



- 23,956 संविदा शिक्षकों एवं राज्य पूल शिक्षकों को स्थायी नियुक्ति पत्र वितरित किए

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को दावा किया कि उनके कार्यकाल में एक लाख से अधिक भर्तियां हुई हैं और आजादी के बाद से किसी भी सरकार ने अपने शासनकाल में इतने युवाओं को नौकरियां नहीं दीं।

23,956 संविदा शिक्षकों एवं राज्य पूल शिक्षकों को स्थायी नियुक्ति पत्र वितरित करने के लिए आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि सरकार अगले साल तक 50,000 और युवाओं को नौकरी देगी। उन्होंने कहा, आज की नियुक्तियों से पहले हमने 1,00,389 युवाओं को नौकरी दी है, जिससे एक लाख नौकरियां देने का हमारा वादा पूरा हुआ है। अगर हम आज की नियुक्तियों पर विचार करें तो मई 2021 से अब तक 1,24,345 नौकरियां होंगी।

## सुप्रीम कोर्ट ने नायर को दी जमानत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाला मामले के आरोपियों में शामिल आम आदमी पार्टी (आप) के संचार विभाग के प्रभारी विजय नायर को प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दर्ज धन शोधन के मुकदमे में सोमवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ ने याचिकाकर्ता नायर के 23 महीने से हिरासत में होने और इस मामले में सुनवाई में देरी को मुख्य आधार मानते हुए जमानत याचिका मंजूर की।

# नशे में धुत तीमारदार ने महिला डॉक्टर के कमरे में घुसने की कोशिश की

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी

- एमवायएच की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए जाने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने जांच का आदेश दिया

इंदौर के शासकीय महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय (एमवायएच) में एक मरीज के तीमारदार ने नशे में धुत होकर शनिवार और रविवार की दरमियानी रात 25 वर्षीय महिला जूनियर डॉक्टर के कमरे में कथित तौर पर घुसने की कोशिश की और उसके साथ अभद्र व्यवहार भी किया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

इस घटना को लेकर आक्रोशित जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन (जेडीए) द्वारा एमवायएच की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए जाने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने जांच का आदेश दिया है। जेडीए ने मांग की कि कोलकाता के एक अस्पताल में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक से कथित दुष्कर्म और उसकी हत्या की वारदात से सबक लेकर एमवायएच में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। मप्र के सबसे बड़े सरकारी अस्पतालों में गिना जाने वाला एमवायएच, शासकीय महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय से जुड़ा है। महाविद्यालय के डीन डॉ. संजय दीक्षित ने बताया कि एमवायएच की महिला जूनियर डॉक्टर के साथ हुई कथित घटना की जांच के लिए चार सदस्यीय समिति बनाई गई है।



# पेरिस पैरालंपिक 2024



### खेल डायरी

## धनुष का विश्व रिकॉर्ड, भारत ने जीते तीनों पदक



**नई दिल्ली।** भारत ने जर्मनी के हेनोवर में दूसरी विश्व बधिर निशानेबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन पुरुष 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में दबदबा बनाया जब धनुष श्रीकांत, शौर्य सैनी और मोहम्मद मुर्तजा वानिया ने तीनों पदक देश की झोली में डाले। धनुष ने एक ही दिन में दो विश्व रिकॉर्ड बनाए। उन्होंने पहले क्वालीफिकेशन दौर में 632.7 के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाया और फिर फाइनल में भी 251.7 अंक के साथ पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा। शौर्य ने फाइनल में 249.9 अंक के साथ रजत पदक जीता। मुर्तजा वानिया ने 226.2 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। पुरुष स्पर्धा के अलावा महिला वर्ग में भी भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया जब माहित संधू और नताशा जोशी ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। भारत प्रतियोगिता के पहले दिन एक स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक सहित कुल चार पदक जीत चुका है।

## महिला विश्वकप के लिए स्कॉटलैंड ने घोषित की टीम

**एडिनबर्ग।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अक्टूबर में होने वाले महिला टी-0 विश्वकप 2024 के लिए टीम की घोषणा कर दी। स्कॉटलैंड ने स्टार ऑलराउंडर कैथरीन ब्रायस कप्तान और उनकी बहन विकेटकीपर-बल्लेबाज सारा ब्रायस को उप-कप्तान बनाया है। इसके अलावा हाल ही में नीदरलैंड्स त्रिकोणीय सीरीज में टीम को जीत दिलाने वाली अनुभवी लेग स्पिनर अबताहा मकसूद को भी टीम जगह दी गई है। महिला टी-20 विश्वकप के लिए घोषित की गई स्कॉटलैंड की टीम में कैथरीन ब्राइस (कप्तान), सारा ब्राइस (उपकप्तान), लोर्ना जैक-ब्राउन, एब्बी एटकेन-ड्रमंड, अबताहा मकसूद, सास्किया होर्ले, क्लो एबेल, प्रियानाज चटर्जी, मेगन मैककॉल, डार्सी कार्टर, ऐल्सा लिस्टर, हन्ना रेनी, राचेल स्लेटर, कैथरीन फ्रेजर और ओलिविया बेल शामिल हैं। स्कॉटलैंड, पड़ोसी देशों इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के साथ स्पर्धा के ग्रुप बी में है।

## निहाल-आमिर क्वालीफिकेशन दौर से बाहर

**शेटराउ (फ्रांस)।** भारतीय निशानेबाज निहाल सिंह और आमिर अहमद भट सोमवार को यहां मिश्रित 25 मीटर पिस्टल (एसएच1) स्पर्धा के क्वालीफिकेशन दौर में क्रमशः 10वें और 11वें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। दोनों भारतीयों के प्रदर्शन में क्वालीफिकेशन के पहले चरण में निरंतरता दिखी। प्रीसिजन चरण के बाद निहाल 287 अंक के साथ चौथे जबकि आमिर 286 अंक के साथ आठवें और अंतिम क्वालीफाइंग स्थान पर चल रहे थे।

## सप्तक करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर रहे

**जकार्ता।** भारतीय खिलाड़ी सप्तक तलवार पांच लाख डॉलर इनामी इंडोनेशिया ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के आखिरी दौर में चार अंडर 68 का कार्ड खेलकर संयुक्त रूप से छठे स्थान पर रहे। सप्तक ने चार दौर में 69-67-68-68 के कार्ड के साथ कुल 12 अंडर 272 का स्कोर किया और एशियाई टूर पर पहली बार शीर्ष 10 में रहे। टूर्नामेंट में भाग ले रहे अन्य भारतीयों में खलिन जोशी (68) और भारतीय-अमेरिकी मानव शाह (68) एक समान सात अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 30वें स्थान पर रहे। वीर अहलावत (72) छह अंडर के स्कोर के साथ 33वें, गगनजीत भुल्लर (68) पांच अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 34वें जबकि एसएसपी चौरसिया (70) चार अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 44वें स्थान पर रहे।

# खेल के महाकुंभ में पैरा खिलाड़ियों का जलवा

## कुछ भी अहसास नहीं हो रहा था : नितेश



बैडमिंटन खिलाड़ी कुमार नितेश ने पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीता

पेरिस, एजेंसी

भारत के कुमार नितेश ने सोमवार को यहां पुरुष एकल एसएल3 बैडमिंटन फाइनल में कड़े मुकाबले में ग्रेट ब्रिटेन के डेनियल बेथेल को हराकर पैरालंपिक में पहली बार स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा के 29 साल के नितेश ने अपने मजबूत डिफेंस और सही शॉट चयन की मदद से तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता बेथेल को एक घंटे और 20 मिनट चले मुकाबले में 21-14 18-21 23-21 से हराया।

नितेश ने मैच के बाद कहा मुझे अब भी कुछ अहसास नहीं हो रहा। शायद जब मैं पोडियम पर जाऊंगा और राष्ट्रगान बजेगा तो इस भावना का सामना कर पाऊंगा। एसएल3 वर्ग के खिलाड़ियों के शरीर के निचले हिस्से में अधिक गंभीर विकार होता है और वह आधी चौड़ाई वाले कोर्ट पर खेलते हैं। जब नितेश 15 वर्ष के थे तब उन्होंने 2009 में विशाखापत्तनम में एक रेल दुर्घटना में अपना बायां पैर खो दिया था और पैरा बैडमिंटन को अपनाया। नितेश की यह जीत सिर्फ निजी उपलब्धि नहीं है बल्कि इस जीत के साथ एसएल3 वर्ग का स्वर्ण पदक भारत के पास बरकरार रहा नितेश ने इससे पहले बेथेल के खिलाफ सभी नौ मैच गंवाए थे और उन्होंने सोमवार को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाड़ी के खिलाफ पहली जीत दर्ज की।

वहीं, भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी सुहास यथिराज ने पैरालंपिक खेलों में लगातार दूसरी बार रजत जीता जो पुरूष एकल एसएल4 स्पर्धा के फाइनल में सोमवार को फ्रांस के लुकास माजूर से सीधे गेम में हार गए।

### नहीं दोहरानी थीं गलतियां

नितेश ने कहा मैंने उसके खिलाफ ऐसी परिस्थितियों में हार का सामना किया है और मैं वही गलतियां दोहराना नहीं चाहता था। मैंने पहले भी अपना संयम खो दिया था इसलिए मैंने खुद से कहा कि मुझे हर अंक के लिए संघर्ष करते रहना चाहिए। मैं आमतौर पर इतने धैर्य के साथ नहीं खेलता और अपने स्ट्रोक पर भरोसा करता हूं, लेकिन जब मैंने यहां पहले गेम में शुरुआत की तो मैंने योजना बनाई कि मुझे सहज होने के लिए पहले कुछ अंक अच्छी तरह खेलने होंगे।

## पार करनी है रजत की बाधा : योगेश

पेरिस, एजेंसी

पैरालंपिक खेलों में लगातार दूसरी बार रजत पदक जीतने वाले भारतीय चक्का फेंक खिलाड़ी योगेश कथुनिया अपने प्रदर्शन से बहुत खुश नहीं है क्योंकि उन्हें लगता है कि वह कई प्रमुख टूर्नामेंटों में दूसरे स्थान की बाधा को पार नहीं कर पा रहे हैं। हरियाणा के 27 वर्षीय खिलाड़ी ने पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों के एफ56 चक्का फेंक स्पर्धा में 42.22 मीटर के सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ रजत पदक जीता।

कथुनिया अपने प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं थे और उन्होंने अगले बड़े टूर्नामेंट में अपने पदक का रंग बेहतर करने का वादा किया। कथुनिया ने कहा प्रतियोगिता ठीक रही, मुझे रजत पदक मिला। मैं अब पदक का रंग बदलने के लिए कड़ी मेहनत करूंगा। पिछले कुछ समय से मैं केवल रजत जीत रहा हूं, चाहे वह तोक्यो हो या आज, विश्व चैंपियनशिप या एशियाई खेल। हर जगह मैं रजत जीत रहा हूं। गाड़ी अटक गई है, मुझे लगता है कि मुझे और अधिक मेहनत करने की जरूरत है। अब मुझे स्वर्ण पदक चाहिए। उन्होंने 2023, 2024 विश्व चैंपियनशिप के साथ-साथ पिछले साल एशियाई पैरा खेलों में रजत पदक जीते थे। उन्होंने पिछले साल एशियाई पैरा खेलों में रजत जीते थे। वह नौ साल की उम्र में गुइलेन-बैरी सिंड्रोम से ग्रसित हो गए थे। तोक्यो पैरालंपिक से कथुनिया ने बड़े आयोजनों में लगातार पांचवीं बार रजत पदक जीता है।

**42.22** मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से एफ56 चक्का फेंक स्पर्धा में जीता पदक



## सुमित ने भाला फेंक में रिकार्ड थ्रो के साथ जीता स्वर्ण



**पेरिस।** भारत के स्टार भाला फेंक पैरा एथलीट सुमित ने सोमवार को भाला फेंक स्पर्धा में रिकार्ड प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। आज यहां हुए मुकाबले में सुमित ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष भाला फेंक एफ64 वर्ग स्पर्धा में 70 .59 मीटर भोला फेंक कर स्वर्ण पदक जीता। यह सुमित का लगातार दूसरी बार पैरालंपिक में स्वर्ण पदक है और इसी के साथ उन्होंने अपने टोक्यो पैरालंपिक के खिताब का बचाव किया। सुमित का पहला थ्रो 69 .11 मीटर रहा, लेकिन अगले ही प्रयास में अपना 70 .59 का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया।

## मुरुगेसन ने रजत, मनीषा ने जीता कांस्य



**पेरिस।** भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी नितेश कुमार ने सोमवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों की बैडमिंटन स्पर्धा में स्वर्ण, थुलसिमथी मुरुगेसन ने रजत और मनीषा रामदास ने कांस्य पदक जीता। थुलसिमथी मुरुगेसन ने महिला एकल एसयू5 वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया जबकि मनीषा रामदास ने इसी वर्ग में कांस्य पदक जीता। थुलसिमथी को फाइनल मुकाबले में चीन की यांग क्यू जिया से हार का सामना करना पड़ा। थुलसिमाथी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। थुलसिमथी के लिए यह पहला पैरालंपिक पदक है। वहीं मनीषा ने एसयू5 महिला एकल कांस्य पदक मुकाबले में डेनमार्क की कैथरीन रोसेनग्रेन को एकतरफा अंदाज में 21-12, 21-8 से हराकर पदक अपने नाम कर लिया।

### पदक तालिका

| देश | | | | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 42 | 29 | 14 | 85 |
| ब्रिटेन | 29 | 14 | 10 | 53 |
| अमेरिका | 13 | 18 | 10 | 41 |
| ब्राजील | 11 | 7 | 17 | 35 |
| फ्रांस | 10 | 10 | 13 | 33 |
| ऑस्ट्रेलिया | 8 | 8 | 12 | 28 |
| इटली | 8 | 7 | 13 | 28 |
| नीदरलैंड्स | 7 | 3 | 4 | 14 |
| उज्बेकिस्तान | 6 | 4 | 4 | 14 |
| भारत | 3 | 5 | 6 | 14 |

## राकेश-शीतल ने अपने नाम किया कांसा



**पेरिस।** भारतीय तीरंदाज राकेश कुमार और शीतल देवी की पैरा मिश्रित टीम ने सोमवार को तीरंदाजी स्पर्धा में कांस्य पदक जीत लिया है। आज यहां खेले गये मुकाबले में राकेश और शीतल की भारतीय टीम ने इटली की एलोनोरा सारती और मातेओ बोनासिना की जोड़ी को 156-155 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। इससे पहले तीरंदाजी पैरा मिश्रित टीम स्पर्धा के सेमीफाइनल के करीबी मुकाबले में ईरानी जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा है। राकेश कुमार और शीतल देवी की पैरा मिश्रित टीम ने क्वार्टरफाइनल मुकाबले में इंडोनेशिया के केन स्वगुमिलांग और टेओडोरा फेरेली की जोड़ी को 154-143 के स्कोर से हराकर से सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

### आज के मुकाबले

- **निशानेबाजी :** महिला 50 राइफल3 पोजिशंस एसएच (क्वालीफिकेशन) : मोना अग्रवाल और अवनि लेखरा : दोपहर एक बजे से, महिला 50 राइफल3 पोजिशंस एसएच (फाइनल) : मोना अग्रवाल और अवनि लेखरा : शाम 7 .30 से (अगर क्वालीफाई किया)
- **एथलेटिक्स :** महिला शॉटपुट एफ34 (पदक दौर), भाग्यश्री जाधव : दोपहर 2 .28 से, पुरूषों की ऊंची कूद टी63 (पदक दौर), शरद कुमार, मरियाप्पन थंगावेलु, शैलेष कुमार : रात 11 .50 से, पुरूषों का भालाफेंक एफ46 (पदक दौर), अजीत सिंह यादव, रिंकू, सुंदर सिंह गुर्जर : 12 .13 से (बुधवार)
- **तीरंदाजी :** महिला रिकर्व : पूजा बनाम अनाम : दोपहर 3 .20 से।

# खिताबी दौड़ से बाहर कोको गॉफ

न्यूयॉर्क, एजेंसी

गत चैंपियन कोको गॉफ का अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल में अपने खिताब का बचाव करने का अभियान चौथे दौर में ही थम गया। इस तरह से वर्ष के अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में लगातार खिताब नहीं जीत पाने का पिछले 10 वर्षों से चला आ रहा सिलसिला जारी है। तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ ने 19 डबल फॉल्ट किए जिसका आखिर में उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा और वह एम्मा नवारो से 6-3, 4-6, 6-3 से हार गईं।

गॉफ का पिछली कुछ प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। गॉफ ने कहा भले ही कुछ परिणाम अनुकूल नहीं रहे लेकिन मैंने इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया। यह परिणाम शुक्रवार को मौजूदा पुरुष चैंपियन नोवाक जोकोविच की तीसरे दौर में हार के बाद आया है। इसका मतलब है कि अमेरिकी ओपन में अपने खिताब का बचाव करने में असफल रहने का पिछले कुछ वर्षों से चला आ रहा सिलसिला जारी रहेगा। अमेरिकी ओपन में पिछले 10 वर्ष से कोई भी खिलाड़ी लगातार दो बार खिताब नहीं जीत पाया है।

महिला एकल में ऐसा करने वाली आखिरी खिलाड़ी सेरेना विलियम्स थी जिन्होंने 2012 से 2014 तक खिताब जीते थे। पुरुष वर्ग में ऐसा कारनामा रोजर फेडरर ने 2004 से 2008 तक किया था। नवारो का अगला मुकाबला पाउला बडोसा से होगा, जिन्होंने वांग याफान के खिलाफ 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की। दूसरी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने एलिस मर्टेंस को 6-2, 6-4 से हराया। सबालेंका क्वार्टर फाइनल में झेंग किनवेन से भिड़ेगी, जिन्होंने सोमवार को 2 बजकर 15 मिनट पर समाप्त हुए मैच में डोना वेकिच को 7-6 (2), 4-6, 6-2 से हराया। अमेरिकी ओपन में इससे पहले कभी कोई मैच इतनी देर रात तक नहीं खिंचा था।



आर्यना सबालेंका

**10** वर्ष से कोई भी खिलाड़ी नहीं जीत पाया है लगातार दो बार अमेरिकी ओपन का खिताब

**2012** से 2014 तक महिला एकल में जीते थे सेरेना विलियम्स ने खिताब



एम्मा नवारो से मिली हार के बाद निराश गत चैंपियन कोको गॉफ



फ्रांसिस टियाफो के खिलाफ शॉट खेलते एलेक्सी पोपिरिन।

## एलेक्सी का भी सफर खत्म

पुरुष वर्ग में एलेक्सी पोपिरिन का सफर भी लंबा नहीं चल पाया और वह फ्रांसिस टियाफो से 6-4, 7-6 (3), 2-6, 6-3 से हारकर बाहर हो गए। लगातार तीसरी बार क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाले टियाफो का अगला मुकाबला ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा जिन्होंने एंड्री रुबलेव को 6-3, 7-6 (3), 1-6, 3-6, 6-3 से हराया। टेलर फ्रिट्ज भी आगे बढ़ने में सफल रहे। उन्होंने तीन बार के ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट कैस्पर रूड को 3-6, 6-4, 6-3, 6-2 से हराया। फ्रिट्ज के क्वार्टरफाइनल में प्रतिद्वंद्वी अलेक्जेंडर ज्वेरेव होंगे, जिन्होंने ब्रैंडन नकाशिमा को 3-6, 6-1, 6-2, 6-2 से पराजित किया।

## बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी बाहर

**न्यूयॉर्क।** रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन की तीसरे दौर में हार के साथ ही भारत की अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल में चुनौती समाप्त हो गई। बोपन्ना और एबडेन की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी रविवार की रात को खेले गए मैच में मैक्सिमो गोंजालेज और आंद्रेस मोल्टेनी की अर्जेंटीना की 16वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 66 मिनट में 1-6, 5-7 से हार गई। बोपन्ना और एबडेन ने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीता था। 44 वर्षीय बोपन्ना पहले ही डेविस कप से संन्यास लेने की घोषणा कर चुके हैं और यह देखना दिलचस्प होगा कि वह जनवरी 2025 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपने खिताब का बचाव करने के लिए कोर्ट पर उतरेंगे या नहीं।

## नागल डेविस कप मुकाबले से हटे

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल पीठ की चोट के कारण स्वीडन के खिलाफ आगामी डेविस कप मुकाबले से सोमवार को हट गए। नागल हाल ही में अमेरिकी ओपन में अपने पहले दौर के एकल मुकाबले में टालोन ग्रिक्सपुर से हार गए थे। भारत और स्वीडन के बीच स्टॉकहोम में इनडोर हार्ड-कोर्ट प्रतियोगिता 14-15 सितंबर को खेली जाएगी। नागल के हटने के बाद रिजर्व खिलाड़ी आर्यन शाह को मुख्य टीम में शामिल किया गया है जबकि मानस धमने को स्टैंडबाय पर रखा गया है।

### बॉलीवुड हलचल

## कैमरे का सामना करने के लिए उत्साहित हूं: सोनम



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्री सोनम कपूर का कहना है कि वह कैमरे का सामना करने के लिए बेहद उत्साहित है। बॉलीवुड स्टार सोनम कपूर अगले साल की शुरुआत में अपनी प्रेग्नेंसी के बाद अपने पहले प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू करने के लिए तैयार हैं। यह एक ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीमिंग प्रोजेक्ट होगा। हालांकि, इस प्रोजेक्ट के बारे में अतिरिक्त जानकारी जल्द ही घोषित की जाएगी। सोनम कपूर ने पुष्टि की, मैं अपनी प्रेग्नेंसी के बाद फिर से कैमरे का सामना करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। मुझे एक्टर होना पसंद है और अपने प्रोफेशन के जरिए इतने दिलचस्प किरदारों को जीना पसंद है। इंसान मुझे हमेशा से आकर्षित करते हैं और मुझे अलग-अलग भूमिकाएं निभाना बहुत पसंद है। मैं अपने अगले प्रोजेक्ट का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। सोनम कपूर ने कहा, मैं अगले साल की शुरुआत में सेट पर लौटूंगी। इस प्रोजेक्ट की डिटेल्स अभी तय की जा रही हैं, इसलिए मैं इसके बारे में अधिक जानकारी नहीं दे सकती। यह एक बड़ा प्रोजेक्ट है। फिलहाल मैं इतना ही कह सकती हूं।

## मेरी फिल्म पर लगा दी इमरजेंसी

**नई दिल्ली।** फिल्म इमरजेंसी के रिलीज होने की निर्धारित तारीख से चार दिन पहले अभिनेत्री कंगना रनौत ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) पर आरोप लगाया है कि फिल्म के प्रदर्शन में देरी के लिए उसके प्रमाणपत्र को रोका जा रहा है। फिल्म में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभा रहीं कंगना ने कहा कि अगर उनके फिल्म के अनकट संस्करण को मंजूरी नहीं मिली तो वह अदालत का दरवाजा खटखटाएंगी। उन्होंने शुभंकर मिश्रा के पोडकास्ट पर उनसे कहा मेरी फिल्म पर भी आपातकाल लगा दिया गया है। यह बहुत निराशाजनक स्थिति है। मैं अपने देश में बहुत निराश हूं और जो भी परिस्थितियां हैं... हम कितना डरते रहेंगे। मैंने इस फिल्म को बहुत ही आत्मसम्मान के साथ बनाया है, यही वजह है कि सीबीएफसी किसी विवाद की ओर इशारा नहीं कर सकता। उन्होंने मेरा प्रमाणपत्र रोक दिया है, लेकिन मैं फिल्म का अनकट संस्करण रिलीज करने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं। मैं अदालत में लड़ूंगी और बिना कट के फिल्म को रिलीज कराऊंगी। एक सूत्र ने बताया कि फिल्म का प्रदर्शन इस शुक्रवार को नहीं किया जाएगा क्योंकि फिल्म निर्माताओं को अभी तक सेंसर बोर्ड की तरफ से प्रमाणपत्र नहीं मिला है। सूत्र ने कहा भले ही उन्होंने (सीबीएफसी) अपनी वेबसाइट पर यू/ए प्रमाणपत्र डाल दिया है, लेकिन निर्माताओं को अभी तक प्रमाणपत्र की प्रति नहीं मिली है। हर दिन फिल्म में एक नया कट लगाने को कहा जा रहा है, जो वे किसी दबाव के कारण कर रहे हैं। कंगना फिल्म की शुचिता के लिए लड़ रही हैं। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय फिल्म इमरजेंसी के रिलीज पर रोक लगाने के एक सिख संगठन के अनुरोध पर सोमवार को सुनवाई करेगा। कंगना ने कहा कि उनकी फिल्म अब भी सेंसर बोर्ड के पास अटकी हुई है जबकि अफवाहें हैं कि इसे रिलीज के लिए मंजूरी दे दी गई है। उन पर दबाव है कि फिल्म में इंदिरा गांधी के अंगरक्षकों द्वारा उनकी हत्या की घटना को नहीं दर्शाया जाए। शिरोमणि अकाली दल ने शुक्रवार को सीबीएफसी को कानूनी नोटिस भेजकर कंगना रनौत की फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की थी। पार्टी का दावा है कि फिल्म सांप्रदायिक तनाव भड़का सकती है और गलत सूचनाओं का प्रसार कर सकती है।



- सेंसर बोर्ड से प्रमाणपत्र मिलने में देरी पर रनौत ने कहा- हम कितना डरते रहेंगे

# मोहन बागान का मुख्यमंत्री कप पर कब्जा

- कांटे की भिड़ंत में ईस्ट बंगाल को में 4-3 से हराया
- मोहन बागान के गोलकीपर अभिषेक रहे जीत के नायक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** गोलकीपर अभिषेक गोस्वामी की बदौलत मोहन बागान के माथे लखनऊ में जीत का अभिषेक हुआ। मोहन बागान ने ईस्ट बंगाल को शूटआउट तक खिंचे मुकाबले में 4-3 गोलों से पराजित कर पहला मुख्यमंत्री कप फुटबॉल मुकाबला जीत लिया। लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में निर्धारित समय तक दोनों टीमें 1-1 गोल की बराबरी पर थी। फैसले के लिए शूटआउट का सहारा लिया, जिसमें मोहन बगान ने अपने गोलकीपर अभिषेक गोस्वामी के शानदार खेल से जीत दर्ज की।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम में सोमवार को दूधिया रोशनी में खेले गए मुकाबले को लेकर रोमांच देखते ही बना। मैच के पहले ही मिनट में मोहन बागान ने गोल किया, लेकिन लाइनमैन ने उसे ऑफ साइड दे दिया। 18 वें मिनट मोहन बागान के सुहैल अहमद पहला गोल दागने में कामयाब हो गए। दूसरे हाफ में ईस्ट बंगाल ने71वें मिनट में टीम को वापसी करने में सफलता मिली। इसके बाद कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी और मुकाबला 1-1 की बराबरी पर छूटा।

परिणाम के लिए पेनाल्टी शूट का सहारा लिया गया। जिसमें मोहन बागान ने अपने गोलकीपर अभिषेक के बेहतरीन बचाव से 3-2 से बाजी मारते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। निर्धारित समय के गोलों को मिलाकर मोहन बागान ने 4-3 से मुकाबला जीत लिया।



चैंपियन बनी मोहन बागान की टीम के खिलाड़ियों के साथ खेल मंत्री गिरीश यादव, खेल निदेशक आरपी सिंह व अन्य ● अमृत विचार

> पहली बार यहां खेलने का मौका मिला। दर्शकों का व्यवहार शानदार रहा। दोनों टीमों को खूब समर्थन मिला। यहां का मैदान खूबसूरत और फुटबॉल के लिए बेहतरीन है। आगे भी जब यहां खेलने का मौका मिलेगा, मोहन बगान जरूर यहां आएगी।
>
> **-सुमित राठी,** कप्तान, मोहन बगान
>
> मुझे नहीं पता था कि लखनऊ में फुटबॉल के इतने प्रेमी हैं। यहां के खेलप्रेमियों ने खेल का पूरा लुत्फ उठाया। हम मोहन बगान के मुकाबले का इंतजार कर रहे थे। यह मुकाबला यादगारों पलों में से एक है।
>
> **-आदित्य पात्रा,** कप्तान, ईस्ट बंगाल

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### द. कोरिया में डीपफेक से जुड़े मामले में टेलीग्राम के खिलाफ जांच शुरू

**सोल।** दक्षिण कोरिया की पुलिस ने डीपफेक वीडियो से जुड़े मामले में मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम के खिलाफ जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। यह जानकारी योनहाप समाचार एजेंसी ने सोमवार को यह रिर्पोट हाई-रैंकिंग पुलिस सूत्रों के हवाले दी। एजेंसी के अनुसार, पुलिस टेलीग्राफ के खिलाफ जांच में फ्रांसीसी जांच एजेंसी और विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय संगठन के साथ मिलकर काम करने की संभावनाओं पर विचार कर रही है।

### राष्ट्रपति ने किया संसद के उद्घाटन सत्र का बहिष्कार

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सूक योल ने सोमवार को संसद के औपचारिक उद्घाटन का बहिष्कार किया, क्योंकि शीर्ष अधिकारियों और उनकी पत्नी पर गलत काम करने के आरोपों को लेकर विपक्ष के साथ उनका मतभेद गहरा गया है। दक्षिण कोरिया की संसदीय परंपरा के अनुसार राष्ट्रपति नेशनल असेंबली के सत्रों के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हैं। इसके साथ ही यून 1980 के दशक के अंत में देश में सैन्य तानाशाही समाप्त कर लोकतंत्र की स्थापना होने के बाद संसद के उद्घाटन सत्र का बहिष्कार करने वाले पहले राष्ट्रपति बन गए हैं।

### फिलीपीन में बाढ़ और भूस्खलन से 9 की मौत

**मनीला।** उत्तरी फिलीपीन में तूफान के कारण भूस्खलन और भारी बारिश हुई, जिससे सोमवार तक कई इलाकों में बाढ़ आ गई और कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। इसको देखते हुए अधिकारियों ने स्कूलों को बंद कर दिया तथा सरकारी कामकाज भी स्थगित करना पड़ा। मौसम ब्यूरो के अनुसार, उष्णकटिबंधीय तूफान यागी सोमवार दोपहर तक मनीला के दक्षिण-पूर्व में क्यूजोन प्रांत के इनफांटा शहर से 115 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में था, यह 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से टकराया और इसकी रफ्तार 90 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई।

### हनुमान चालीसा की 10 लाख प्रतियां बांटेगा हिंदू संगठन

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में एक प्रमुख हिंदू संगठन ने अगले पांच साल में हनुमान चालीसा की छोटे आकार की दस लाख मुफ्त प्रतियां बांटने की शुरुआत की है। हनुमान चालीसा की यह प्रति जेब में रखी जा सकती है और इसे दुनियाभर में सबसे छोटी प्रति माना जा रहा है। शनिवार को यहां विष्णु मंदिर में दान उत्सव के दौरान इसके वितरण की शुरुआत हुई।

### सूडान में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 173 हुई

**खार्तूम।** सूडान में जून माह से हुयी भारी बारिश और बाढ़ से 173 लोगों की मौत हो गयी है और 505 लोग घायल हो गए हैं। सूडान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय के अनुसार, बाढ़ से सूडान के 18 राज्यों में से 11 प्रभावित हुए हैं और इसके कारण 18,665 घर नष्ट हो गए और 14,947 अन्य क्षतिग्रस्त हुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि बाढ़ से 170,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। कसाला राज्य में गश नदी से आई बाढ़ ने कृषि भूमि और घरों को काफी नुकसान पहुंचाया है।

# आतंकियों के हिंदू नाम पर विवाद नेटफ्लिक्स के कंटेंट प्रमुख तलब

- आईसी-814 द कंधार हाइजैक में अपहर्ताओं के चित्रण को लेकर मांगा स्पष्टीकरण

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने वेबसीरीज आईसी-814 द कंधार हाइजैक में आतंकियों के हिंदू नाम को लेकर उठे विवाद के बाद ओटीटी मंच नेटफ्लिक्स के कंटेंट प्रमुख को तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने नेटफ्लिक्स इंडिया के कंटेंट प्रमुख को मंगलवार को बुलाया है और वेबसीरीज के कथित विवादास्पद पहलुओं पर स्पष्टीकरण देने को कहा है।


काठमांडू से दिल्ली की उड़ान भरने वाले इंडियन एयरलाइन्स के विमान के अपहर्ताओं के चित्रण से विवाद खड़ा हो गया है और कई दर्शकों ने इस पर आपत्ति जताई है। भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि आईसी-814 के अपहर्ता खूंखार



आतंकवादी थे जिन्होंने अपनी मुस्लिम पहचान बदलने के लिए दूसरे नाम रख रखे थे। मालवीय ने एक्स पर लिखा फिल्मकार अनुभव सिन्हा ने उनके गैर-मुस्लिम नामों को तवज्जो देकर अपनी आपराधिक मंशा को वैधता प्रदान की है। कुछ दशक बाद लोग सोचेंगे कि हिंदुओं ने आईसी-814 का अपहरण किया था।

# सिगरेट से खराब होती आवाज, क्यों बनते हैं वोकल नोड्यूल्स

प्रकृति ने हमें आवाज के रूप में नायाब तोहफा दिया है, लेकिन कई बार अपनी गलत आदतों और गलत लाइफ स्टाइल के चलते हम इस नायाब तोहफे के साथ खिलवाड़ करते हैं। कई लोगों को लगता है कि भारी आवाज आकर्षक और दमदार महसूस होती है। कुछ लोगों का मानना है कि स्मोकिंग करने से भी आवाज को भारी बनाया जा सकता है। इसके लिए वो सिगरेट-बीड़ी पीना शुरू कर देते हैं। मगर यह एक ऐसा मिथ है, जो आवाज के लिए काफी हानिकारक साबित हो सकता है। खराब लाइफस्टाइल और गलत खानपान हमारी आवाज को भारी नुकसान पहुंचाते हैं। यही कारण है कि गले और आवाज से जुड़ी बीमारियों में भी इजाफा हो रहा है। अगर आपकी आवाज कुछ समय से भारी हो गई है या शुरू में ठीक रहती है, लेकिन कुछ देर बोलने के बाद बदल जाती है तो ऐसे में आपके वोकल कॉर्ड पर दाने या वोकल नोड्यूल्स हो सकते हैं।



### वोकल कॉर्ड क्या होते हैं

वोकल कॉर्ड हमारे वॉइस बॉक्स का हिस्सा होते हैं। ये सांस की नली के ऊपर होते हैं। जब हम चुप रहते हैं तो वोकल कॉर्ड खुले रहते हैं, जिससे सांस अंदर-बाहर आती-जाती है। लेकिन जब हम बोलते हैं तो वोकल कॉर्ड एक दूसरे से मिल जाते हैं। ऐसे में जब फेफड़ों से आने वाली हवा बंद वोकल कॉर्ड से गुजरती है तो इसमें कंपन होता है। वोकल कॉर्ड के इसी कंपन से आवाज पैदा होती है।

### वोकल नोड्यूल्स कैसे बनते हैं

आमतौर पर बोलते समय दोनों वोकल कॉर्ड एक दूसरे से मिलते हैं। लेकिन जब लंबे समय तक ऊंची आवाज में बोला, चिल्लाया या कुछ गाया जाए तो वोकल कॉर्ड की सतह पर घर्षण होता है। इससे शुरूआत में वोकल कॉर्ड पर सूजन आती है, लेकिन आवाज में ज्यादा बदलाव देखने को नहीं मिलता। लेकिन ज्यादा देर तक तेज बोलने पर आवाज बैठने लगती है। ध्यान न दिया जाए तो दाने बनने लगते हैं, जिन्हें वोकल नोड्यूल्स कहते हैं।

### ऐसा खानपान है खतरनाक

हमारा खानपान सीधे तौर पर आवाज को प्रभावित नहीं करता है। लेकिन बहुत ज्यादा तीखा या ऑयली खाने से एसिडिटी होने का खतरा रहता है। एसिडिटी का असर आवाज पर हो सकता है। इसके अलावा कम पानी पीने, एल्कोहल या कैफीन की वजह से भी आवाज में बदलाव हो सकता है।

### आवाज में बदलाव के लक्षण

- न्यूरोलॉजिकल कंडीशन की वजह से आवाज में बदलाव आ सकता है।
- लेरिन्जाइटिस की वजह से वॉयस बॉक्स में सूजन आ जाती है, जिससे आवाज बदल सकती है।
- वॉइस बॉक्स कैंसर या लैरिंजियल कैंसर की वजह से आवाज में बदलाव हो सकता है।
- थायराइड सर्जरी के बाद आवाज में बदलाव आ जाता है।
- सर्जिकल ट्रॉमा की वजह से आवाज में बदलाव आ सकता है।

### यह सावधानियां बरतें

- धुएं से पूरी तरह से दूरी बनाएं क्योंकि धुएं में ऐसे केमिकल्स होते हैं, जो वॉइस बॉक्स को ड्राई कर देते हैं।
- आवाज को दुरुस्त रखने के लिए प्राणायाम या ब्रीदिंग एक्सरसाइज करें।
- अगर आप लंबे समय तक भाषण दे रहे हैं या किसी मीटिंग में बोल रहे हैं तो बीच-बीच में पानी पीते रहें, जिससे गला हाइड्रेटेड बना रहे।
- अगर किसी सभा या मीटिंग में बहुत सारे लोगों को एक साथ संबोधित करना है तो माइक का इस्तेमाल करें।

# बंधकों की रिहाई के लिए 5 लाख लोग सड़कों पर उतरे, प्रदर्शन

## इजराइल में नेतन्याहू सरकार से जनता नाराज, अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन

यरूशलम, एजेंसी

गाजा पट्टी में छह बंधकों के शव बरामद होने के बाद इजराइल में गुस्सा भड़क गया है। रविवार रात अलग-अलग शहरों में करीब पांच लाख लोगों ने प्रदर्शन किया। आम हड़ताल के कारण पूरे देश में प्रमुख बाजार और प्रतिष्ठान बंद रहे । टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक राजधानी तेल अवीव में तीन लाख से ज्यादा और दूसरे शहरों में दो लाख से ज्यादा लोग सरकार के विरोध में जुटे। प्रदर्शनकारियों ने मारे गए छह बंधकों के शवों के प्रतीक के तौर पर 6 ताबूत रखे थे।

इजराइल में 7 अक्टूबर के हमलों के बाद यह सबसे बड़ा प्रदर्शन है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू के घर के बाहर भी विरोध जताया गया। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री नेतन्याहू और उनकी सरकार पर बंधकों की रिहाई के लिए ठोस कदम नहीं उठाने का आरोप लगाए। उनका कहना है कि नेतन्याहू अगर जंग रोकने का समझौता कर लेते तो बंधकों को छुड़ाया जा सकता था। नेतन्याहू राजनीतिक वजहों से समझौता करना नहीं चाहते। रिपोर्ट के मुताबिक प्रदर्शनकारी रातभर विरोध प्रदर्शन करते रहे। उन्होंने कई हाईवे को जाम कर दिया। वे जल्द से जल्द हमास के साथ युद्धविराम की मांग कर रहे थे। कई लोग बंधकों के जिंदा लौटने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने बंधकों के सम्मान में इजराइली झंडा, पीले रिबन और मारे गए 6 बंधकों से माफी मांगने वाली तख्तियां हाथों में ले रखी थीं।




इजराइल के तेल अवीव में सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारी।

### अपनी ही सरकार से नाराज हुए रक्षा मंत्री

छह बंधकों के शव मिलने के बाद इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने अपने ही सरकार के खिलाफ हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार बंधकों को मुक्त कराने की बजाए सीमा इलाके पर कब्जा करने को प्राथमिकता दे रही है। गैलेंट का इशारा मिस्र और गाजा पट्टी से लगे बफर जोन फिलाडेल्फिया कॉरिडोर की तरफ था। 3 महीने पहले इजराइली सेना ने 14 किमी लंबे इस इलाके पर कब्जा कर लिया था। गैलेंट ने कहा कि हमारे पास अब समय नहीं है। अगर हम इसी तरह काम करते रहे तो बाकी बंधकों को कभी आजाद नहीं करा पाएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक हमास फिलाडेल्फिया कॉरिडोर पर इजराइली कब्जे से नाराज है।

## मिशनरियों पर गतिविधियां चलाने का लगाया आरोप

# तमिलनाडु में चल रही धर्मांतरण गतिविधियां चिंताजनक : संघ

- जमीनी स्तर पर और जानकारियां जुटायी जाएंगी : आरएसएस

पलक्कड़, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक राष्ट्रीय समन्वय सम्मेलन में तमिलनाडु में मिशनरियों द्वारा धर्मांतरण गतिविधियां चलाने का आरोप लगाया गया है, तथा कहा गया है कि इन्हें गंभीरता से लिया जाएगा। इन गतिविधियों को बहुत चिंताजनक करार देते हुए आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सोमवार को समाप्त हुई इस तीन दिवसीय समन्वय बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा की गयी।

उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर और जानकारियां जुटायी जाएंगी। आंबेकर ने कहा, तमिलनाडु से कई संगठनों ने अपनी जमीनी रिपोर्ट में बताया कि तमिलनाडु में धर्मांतरण की बहुत सी गतिविधियां चल रही हैं। यह बेहद चिंताजनक है। आने वाले दिनों में इसे गंभीरता से लिया जाएगा और जमीनी स्तर से जानकारी जुटायी जाएगी।

### हिंदुओं की सुरक्षा को बांग्लादेश से बात करने का आग्रह

**पलक्कड़ (केरल)।** आरएसएस के राष्ट्रीय समन्वय सम्मेलन ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार से हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बांग्लादेश सरकार के साथ बातचीत करने का आग्रह किया है। आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने ने कहा कि सोमवार को यहां संपन्न हुए तीन दिवसीय सम्मेलन समन्वय बैठक में बांग्लादेश की स्थिति को बहुत संवेदनशील मुद्दा बताया गया। आंबेकर ने कहा बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों को लेकर हर कोई चिंतित है।



### महिलाओं के लिए शीघ्र न्याय की मांग

**केरल।** सम्मेलन में पश्चिम बंगाल में महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और फिर उसकी हत्या की घटना की निंदा की गई तथा इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया गया। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि अत्याचारों का शिकार होने वाली महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए कानूनों और दंडात्मक कार्रवाइयों की समीक्षा करने की जरूरत है। यह एक बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी और हर कोई इसके बारे में चिंतित है। इस बात पर गौर करते हुए कि देश में इसी तरह की घटनाएं बढ़ रही हैं, उन्होंने कहा कि बैठक में सरकार की भूमिका, आधिकारिक तंत्र, कानून, दंडनीय कार्रवाइयों और प्रक्रियाओं पर चर्चा हुई।

## अमेरिका में पड़ोसी के घर पर गोली चलाकर की तीन लोगों की हत्या

होनोलूलू। अमेरिका के हवाई में शनिवार की रात पड़ोसियों के बीच विवाद के कारण हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। हमलावर को भी एक स्थानीय व्यक्ति ने गोली मार दी, जिसे गैर इरादतन हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। होनोलूलू पुलिस जासूस लेफ्टिनेंट दीना थोएम्स ने बताया कि, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, 58 वर्षीय एक व्यक्ति ने फ्रंट-एंड लोडर मशीन का उपयोग करके कारों को टक्कर मारते हुए उस घर में प्रवेश किया जहां एक पारिवारिक समारोह हो रहा था। थोएम्स के अनुसार उस व्यक्ति ने घर पर जमा हुए लोगों पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं, जिससे वैनानाई की रहने वाली तीन महिलाओं की मौत हो गई।

# यूक्रेन पर ड्रोन, क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइल दागे

- रूस ने कीव व अन्य शहरों को निशाना बनाया

कीव, एजेंसी

रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव को निशाना बनाकर सोमवार को ड्रोन, क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइल से बड़े पैमाने पर हमले किए। यूक्रेन के गृह मंत्रालय ने बताया कि तड़के राजधानी कई विस्फोटों से दहल उठी, जिससे निवासियों को बम रोधी आश्रय स्थलों में शरण लेनी पड़ी। कीव के लगभग हर हिस्से को निशाना बनाया गया जिससे तीन लोग घायल हो गए और दो स्कूलों की इमारतों को नुकसान पहुंचा।

कुछ जगहों पर हमले से हुए नुकसान के कारण स्कूलों में कक्षाएं रद कर दी गईं। युद्ध के 900 से ज्यादा दिनों के बाद भी रूस और यूक्रेन के बीच लड़ाई में कोई कमी आने या बातचीत की मेज पर आने का कोई संकेत नहीं दिख रहा है। यूक्रेन रूस के कुर्स्क क्षेत्र में हमले कर रहा है, वहीं रूसी सेना पूर्वी यूक्रेन



के डोनबास औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत दोनेत्सक में और भी आगे बढ़ रही है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने कहा है कि यूक्रेन के कुर्स्क पर हमले से रूसी सेना को पूर्वी यूक्रेन में आगे बढ़ने से नहीं रोका जा सकेगा। उन्होंने कहा कि यूक्रेन की सेना रूसी सैनिकों को वहां लड़ाई से हटाने का अपना लक्ष्य हासिल नहीं कर पाई है।

## जर्मनी की दक्षिणपंथी पार्टी ने अपना पहला राज्य चुनाव जीता

**बर्लिन।** जर्मनी में एक धुर दक्षिणपंथी पार्टी ने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद देश में पहली बार एक पूर्वी राज्य के चुनाव में जीत दर्ज की है और एक अन्य राज्य के चुनाव में उसके मुख्यधारा की कंजरवेटिव पार्टी के बाद दूसरे स्थान पर रहने की संभावना है। चुनाव में एक प्रख्यात वामपंथी नेता द्वारा स्थापित नयी पार्टी ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है, जबकि चांसलर ओलाफ स्कोल्ज की सरकार में शामिल दलों के लिए नतीजे बेहद निराशाजनक रहे हैं। सरकारी टेलीविजन चैनल एआरडी और जेडडीएफ ने चुनाव पूर्व सर्वेक्षण (एक्जिट पोल) और आंशिक गणना के आधार पर अनुमान जताया कि धुर दक्षिणपंथी ऑल्टरनेटिव फॉर जर्मनी (एएफडी) थुरिंगिया में 32-33 प्रतिशत वोट जीत रही है।

# तीस्ता जल बंटवारा संधि पर हो बातचीत

- बांग्लादेश के जल संसाधन मामलों की सलाहकार सैयदा रिजवाना हसन ने इच्छा जताई

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में जल संसाधन मामलों की सलाहकार सैयदा रिजवाना हसन ने कहा है कि सरकार तीस्ता जल बंटवारा संधि पर भारत के साथ बातचीत फिर से शुरू करना चाहती है। उन्होंने कहा कि ऊपरी तटवर्ती और निचले तटवर्ती देशों को जल बंटवारे पर अंतर्राष्ट्रीय सिद्धांतों का पालन करना चाहिए।

हसन ने भरोसा जताया कि भारत के साथ तीस्ता संधि एवं अन्य जल बंटवारा संधियों पर विवाद को बातचीत के जरिए सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलझा लिया जाएगा लेकिन उन्होंने सुझाव दिया कि अगर किसी समझौते पर नहीं पहुंचा जा सका तो बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय वैधानिक दस्तावेजों और सिद्धांतों पर विचार कर सकता है। उन्होंने रविवार को एक साक्षात्कार में कहा मैंने (बांग्लादेश में) सभी संबंधित पक्षकारों से तीस्ता जल बंटवारा मुद्दे पर चर्चा की है। चर्चा में हम इसी नतीजे पर पहुंचे कि तीस्ता संधि के संबंध में हमें प्रक्रिया और संवाद को फिर से शुरू करने की आवश्यकता है। हमें गंगा संधि पर भी काम करना है जिसकी मियाद दो साल में पूरी होने वाली है। उन्होंने कहा दोनों पक्ष सहमत हैं और तीस्ता जल-बंटवारा संधि का मसौदा तैयार है। लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के विरोध के कारण समझौते पर हस्ताक्षर नहीं हो पाया। तथ्य यही है कि हम समझौते को अंतिम रूप नहीं दे पाए।

### बांग्लादेशी संसद की स्पीकर ने दिया इस्तीफा

**ढाका।** बांग्लादेश में संसद की स्पीकर शिरीन शर्मिन चौधरी ने पद से इस्तीफा दे दिया है। बंगभबन के अनुसार, शिरीन ने अपना इस्तीफा बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन को भेज दिया है। गौरतलब है कि कोटा सुधार विरोध प्रदर्शनों के बीच पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे और देश से प्रस्थान के बाद राष्ट्रपति द्वारा संसद को भंग कर दिया गया था।

### चिकित्सा और छात्र वीजा के लिए सीमित स्लॉट खोले

**ढाका।** बांग्लादेश के प्रमुख शहरों में भारतीय वीजा आवेदन केंद्रों ने तत्काल चिकित्सा और छात्र वीजा की आवश्यकता वाले बांग्लादेशी नागरिकों के लिए सीमित आवेदन स्लॉट की पेशकश शुरू कर दी है। ये सेवाएं ढाका, चटगांव, राजशाही, सिलहट और खुलना में प्रदान की जा रही हैं। इन पांच केंद्रों ने अत्यावश्यक मामलों के लिए सीमित आवेदन स्लॉट भी खोले हैं।

# आईआईटी बॉम्बे सरकारी श्रेणी में टॉप पर

- आईआईआरएफ ने 2024 के लिए भारत में शीर्ष इंजीनियरिंग कॉलेजों की सूची की जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (आईआईआरएफ) ने 2024 के लिए भारत में शीर्ष इंजीनियरिंग कॉलेजों की अपनी बहुप्रतीक्षित सूची सोमवार को जारी की गयी जिसमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे सरकारी श्रेणी में और बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बिट्स) पिलानी निजी श्रेणी में देश में शीर्ष इंजीनियरिंग कॉलेज बनने में सफल रहा है।

आईआईआरएफ रैंकिंग की सूची उसकी वेबसाइट पर उपलब्ध है जो देश भर के प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों का गहन विश्लेषण प्रस्तुत करती है। सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों की श्रेणी में प्रतिष्ठित आईआईटी बॉम्बे एक बार फिर 2024 के लिए भारत में शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थान के रूप में उभरा है। तकनीकी शिक्षा में अग्रणी के रूप में आईआईटी बॉम्बे की स्थिति की यह पुष्टि कोई आश्चर्य की बात नहीं है, क्योंकि अकादमिक और शोध क्षेत्रों में उत्कृष्टता की इसकी दीर्घकालिक परंपरा है। आईआईआरएफ रैंकिंग में आईआईटी बॉम्बे का निरंतर प्रभुत्व इसके निरंतर प्रदर्शन, अत्याधुनिक शोध पहलों और एक मजबूत प्लेसमेंट रिकॉर्ड को दर्शाता है जो पूरे देश से शीर्ष-स्तरीय प्रतिभाओं को आकर्षित करता है। रैंकिंग में आईआईटी बॉम्बे के ठीक पीछे भारत की प्रमुख तकनीकी शिक्षा प्रणाली के दो अन्य दिग्गज आईआईटी मद्रास और आईआईटी दिल्ली हैं। आईआईटी ने अपनी अद्वितीय विशेषज्ञता व नवाचार को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया है, जिसने उन्हें सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज श्रेणी में शीर्ष स्थान दिलाया है। आईआईआरएफ इंजीनियरिंग रैंकिंग 2023 में तीसरे स्थान की तुलना में आईआईटी मद्रास एक स्थान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर आ गया।

### बिट्स पिलानी निजी श्रेणी में शीर्ष इंजीनियरिंग कॉलेज

निजी इंजीनियरिंग कॉलेजों की श्रेणी में बिट्स पिलानी ने 2024 के लिए भारत के सर्वश्रेष्ठ निजी इंजीनियरिंग कॉलेज में शीर्ष स्थान हासिल किया है। बिट्स पिलानी ने अकादमिक उत्कृष्टता, महत्वपूर्ण शोध योगदान और मजबूत उद्योग संबंधों के अपने अथक प्रयास के कारण यह शीर्ष स्थान अर्जित किया है जो सुनिश्चित करता है कि इसके स्नातक क्षेत्र में सबसे अधिक मांग वाले पेशेवरों में से हैं। 2024 के लिए आईआईआरएफ प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज रैंकिंग में दूसरे और तीसरे स्थान पर क्रमश: थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी और इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईआईआईटी) हैदराबाद हैं।

## चीन की नाराजगी के बाद ताइवान का उल्लेख हटाया

**नुकु अलोफा (टोंगा)।** दक्षिण प्रशांत क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाने के चीन के प्रयासों से मची हलचल ने क्षेत्र के सबसे महत्वपूर्ण कूटनीतिक शिखर सम्मेलन को प्रभावित कर दिया है। प्रशांत द्वीप के एक नेता ने बीजिंग के कहने पर, बैठक के समापन वक्तव्य से ताइवान की भागीदारी की पुष्टि को हटाने का स्पष्ट उल्लेख किया है। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के अलावा 18 द्वीपीय राष्ट्रों के समूह द पैसिफिक आइलैंड फोरम ने शुक्रवार को अपनी सप्ताह भर की वार्षिक बैठक के बाद नेताओं के बीच हुए समझौतों को रेखांकित करते हुए एक सार्वजनिक विज्ञप्ति जारी की, जिसमें शुरू में स्वशासित ताइवान की स्थिति की पुनः पुष्टि की गई, जिसे चीन अपना क्षेत्र होने का दावा करता है। लेकिन शनिवार को इसे हटा दिया गया।

**ज्ञान-विज्ञान** इस सोलर साइकिल में तीसरा प्रहार होगा शुक्र ग्रह पर

# आज वीनस से टकराएगा बड़ा सौर तूफान

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** सूर्य इन दिनों बेहद आक्रोशित है। इस सोलर साइकिल में विस्फोटों की झड़ी लगा चुका है। गत दिवस हुए ताजा विस्फोट से निकला सौर तूफान वीनस यानी शुक्र ग्रह से मंगलवार को टकराने जा रहा है।

सौर वैज्ञानिकों के अनुसार एक बड़ा सौर तूफान शुक्र ग्रह की ओर बढ़ रहा है। 1 सितंबर को सूर्य के दक्षिण-पूर्वी छोर के पीछे के हिस्से मे यह विस्फोट हुआ। हालाकि पृथ्वी से विस्फोट का स्रोत दिखाई नहीं दिया। मगर इस विस्फोट से शुक्र ग्रह की ओर बड़ा भू चुम्बकीय सौर तूफान निकला है। इसके पृथ्वी से टकराने की कोई आशंका नही है। नासा के वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यह 3 सितंबर को शुक्र पर हमला करेगा। शुक्र ग्रह से टकराने वाला ये तीसरा भू चुम्बकीय तूफान (सीएमई) होगा। इस विस्फोट से निकली ज्वाला की तीव्रता एम 5.5 क्लास की आंकी गई है। यह संभवतः बहुत अधिक शक्तिशाली था। यह भी माना जा रहा है कि यह विस्फोट अनुमान से कहीं अधिक बड़ा रहा होगा। इसका असर मंगलवार को शुक्र पर नजर आएगा। यह सोलर साइकिल बेहद सक्रिय हो चला है। सैंकड़ों विस्फोट पिछले डेढ़ साल के अंतराल में हो चुके हैं। जिनमें सबसे बड़ी दर्जनों एक्स क्लास की ज्वालाएं निकल चुकी हैं। एम और सी क्लास की सैकड़ों ज्वालाएं रिकार्ड की जा चुकी हैं। पृथ्वी के ध्रुवों पर ऑरोरा की रंग बिरंगी रोशनियां अपना रंग बिखेर रही है। ज्ञात हो, भू चुम्बकीय सौर तूफानो के कारण ऑरोरा बनते हैं।



1 सितंबर को सूर्य पर हुए विस्फोट की तस्वीर।

### अभी भीषण तूफानों का उठना बाकी है

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाब उद्दीन के अनुसार यह 25वां सोलर चक्र है, जिसका चरम पर पहुचना अभी बाकी है। लिहाजा अगले वर्ष सूर्य की सतह भीषण तूफानों के सक्रिय होने का अनुमान है। बहरहाल इन दिनों सूर्य की सतह सौर कलंकों से पटी हुई है।